# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 27 दिसंबर 2023


## मोदी ने दुनियाभर के नेताओं को पछाड़ा













## ईंट भट्टे की दीवार गिरी दबने से छह की मौत



**रुड़की।** उत्तराखंड के रुड़की में मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। मंगलौर कोतवाली के लहबोली गांव के पास ईंट भट्टे की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। दीवार के मलबे के नीचे दबकर पांच मजदूरों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। एक की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका शहर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में बनी सहमति, भोपाल के डेवलपमेंट प्लान पर चर्चा




तीन दिन में अफसर पेश करेंगे 24 किमी लंबे कॉरिडोर को हटाने का प्लान, सबसे पहले बैरागढ़ व होशंगाबाद रोड से हटाया जाएगा

### मोहन सरकार का 'बड़ा फैसला'

# अब बीआरटीएस कॉरिडोर हटेगा वीआईपी रोड बनेगी 'सिक्सलेन'

'हरिभूमि' ने सबसे पहले चलाई थी बीआरटीएस कॉरीडोर को हटाने की मुहिम, ट्रैफिक में रुकावट और 'जोखिम में जान' को बनाया था मुद्दा

देर से ही सही पर 'हरिभूमि' की मुहिम रंग लाई। वर्ष 2009-10 में मिसरोद से बैरागढ़ तक करीब 24 किमी लंबा बीआरटीएस कॉरिडोर अब जल्द ही तोड़ दिया जाएगा।



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

देर से ही सही पर 'हरिभूमि' की मुहिम रंग लाई। वर्ष 2009-10 में मिसरोद से बैरागढ़ तक करीब 24 किमी लंबा बीआरटीएस कॉरिडोर अब जल्द ही तोड़ दिया जाएगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रियों और विधायकों की भोपाल के डेवलपमेंट प्लान को लेकर बैठक हुई, जिसमें कॉरिडोर को हटाने पर सहमति बन गई है। अफसर तीन दिन में इसे हटाने का प्लान पेश करेंगे। हालांकि, तेरह साल पहले इस पर 360 करोड़ रुपए खर्च हुए थे। बीसीएलएल और नगर निगम ने 13 साल में कॉरिडोर के रखरखाव पर लाखों रुपए खर्च किए। अब इसे तोड़ने की कवायद शुरु हो गई है। बैठक में राजधानी में बीआरटीएस की लंबाई के अलग-अलग हिस्सों को हटाने और सड़क के समतलीकरण पर बातचीत हुई।

### भूपेंद्र, सारंग व जयवर्धन ने कहा था- इसे हटाया जाए

*'हरिभूमि' की मुहिम के बाद इस कॉरिडोर पर पूर्ववर्ती सरकार के ही मंत्रियों ने सवाल उठाए थे। पिछले साल हबीबगंज अंडरब्रिज के लोकार्पण के दौरान तत्कालीन प्रभारी मंत्री भूपेंद्र सिंह ने इसको गलत बताया था। वहीं, मंत्री विश्वास सारंग ने इसे हटाने की बात कही थी। वर्ष 2019 में भी तत्कालीन नगरीय प्रशासन मंत्री जयवर्धन सिंह ने बीआरटीएस कॉरिडोर के प्रेजेंटेशन को भी देखा था।*

### खास बातें

13 साल पहले इस पर 360 करोड़ रुपए खर्च हुए थे

इस दौरान इसके रख-रखाव पर 205 करोड़ रु. खर्च हो चुके

### प्रस्तावित मास्टर प्लान में भी होंगे कई बदलाव



बैठक में मास्टर प्लान, रिंग रोड समेत अन्य कार्यों पर भी चर्चा की गई। बताया जाता है कि प्रस्तावित भोपाल मास्टर प्लान को लेकर भी जनप्रतिनिधियों ने अपनी बात रखी है। जिसमें कई खामियां बताई गई हैं। इसके बाद मास्टर प्लान को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं। माना जा रहा है कि मास्टर प्लान में भी कुछ बदलाव किए जा सकते हैं।

**विधायक रामेश्वर ने कहा...**

**कॉरिडोर हटने से ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत**

बैठक में विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि कॉरिडोर की वजह से हर रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई लोगों की मौतें भी हो चुकी हैं। वहीं, हर समय जाम भी लगता है। इसे हटाने के बाद सेंट्रल वर्ज बनाई जाए। ट्रैफिक सिग्नल लगें और लेफ्ट टर्न क्लीयर किया जाए। इससे ट्रैफिक जाम से काफी राहत मिलेगी।

# यूट्यूब पर 2 करोड़ हुए 'सब्सक्राइबर्स'

दूसरे सबसे अधिक फॉलोअर्स वाले वैश्विक नेता ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सनोरा हैं, जिनके सिर्फ 64 लाख सब्सक्राइबर्स हैं, जो नरेंद्र मोदी यूट्यूब चैनल के एक तिहाई से थोड़ा कम है।



यूट्यूब पर पीएम मोदी के चैनल पर 450 करोड़ वीडियो व्यूज आ चुके

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक और नई उपलब्धि हासिल कर ली है। दुनिया के सबसे पॉप्युलर नेताओं में से एक पीएम मोदी अब यूट्यूब पर 20 मिलियन (2 करोड़) सब्सक्राइबर्स हासिल करने वाले दुनिया के पहले राजनेता बन गए हैं। पीएम लगातार सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं और यही एक बड़ी वजह है कि उनके फॉलोअर्स की संख्या में ऑनलाइन तेजी से इजाफा हो रहा है।

'द नरेंद्र मोदी चैनल' पीएम मोदी का आधिकारिक यूट्यूब चैनल है और यहां अलग-अलग टॉपिक, मुद्दों से जुड़ा कॉन्टेन्ट पोस्ट किया जाता है। न केवल भारत में पीएम ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ दिया है, बल्कि सब्सक्राइबर्स की संख्या और वीडियो व्यूज के मामले में वह ग्लोबल लीडर्स में सबसे आगे निकल गए हैं।

दुनिया के सबसे लोकप्रिय वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म पर मोदी एक सशक्त और पॉप्युलर हस्ती हैं और उनके वीडियोज को करोड़ों की संख्या में लोग देखते हैं। 'द नरेंद्र मोदी चैनल' लगातार इंगेजमेंट और व्यूअरशिप के मामले में दुनिया के दूसरे राजनेताओं के चैनल के बीच नए मानक स्थापित कर रहा है। पीएम (@narendramodi) के एक्स अकउंट पर 94 मिलियन (करीब 9.4 करोड़) फॉलोअर्स हैं।

# आरबीआई को मिली धमकी, 11 जगहों पर बम रखने का दावा

**एजेंसी ▶▶ मुंबई**

### ऑफिस में मिला धमकी भरा ईमेल



गवर्नर दास और वित्त मंत्री सीतारमण के इस्तीफे की मांग

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के ऑफिस में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कई बैंकों में बम रखने की धमकी ईमेल के जरिए मिली। ईमेल भेजने वाले ने खुद को 'खिलाफत इंडिया' के होने का दावा किया है। धमकी देने वाले ने मुंबई में कुल 11 जगहों पर बम रखने की धमकी दी। ईमेल में लिखा था कि आरबीआई ऑफिस, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में बम रखा गया है। ईमेल के माध्यम से आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के इस्तीफे की मांग की गई। इस ईमेल के मुताबिक धमाका मंगलवार दोपहर डेढ़ बजे के करीब होना था। हालांकि, ऐसा कुछ नहीं हुआ। पुलिस ने सभी जगह जाकर जांच की लेकिन कहीं भी कुछ संदिग्ध नहीं मिला। इस संदर्भ में एमआरए मार्ग पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


# एमबीए छात्र की सब्जी बनाते समय हार्ट अटैक से मौत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

टीआईटी कॉलेज से एमबीए कर रहे 22 वर्षीय छात्र की हार्ट अटैक से मौत हो गई। छात्र को उसके दोस्त पटेल नगर स्थित गायत्री हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद छात्र को मृत घोषित कर दिया।

पिपलानी थाना पुलिस ने बताया कि रीवा निवासी विवेक सोनी (22) अयोध्या नगर क्षेत्र में दोस्तों के साथ रहता था। सोमवार रात करीब 8 बजे वह फ्लैट में दोस्तों के साथ सब्जी बना रहा था। तभी उसने दोस्तों से सीने में दर्द की बात कही और किचन में ही बेहोश होकर गिर पड़ा। विवेक को तुरंत पटेल नगर स्थित गायत्री हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद छात्र का शव उसके परिजनों को सौंप दिया है।

*दोस्तों से सीने में दर्द की बात कही और किचन में ही बेहोश होकर गिर पड़ा*



### हार्ट अटैक का अंदेशा

विवेक सोनी नाम का एक पेशेंट को लेकर उसके दोस्त सोमवार रात करीब 11 बजे हॉस्पिटल लेकर आए थे। युवक की हॉस्पिटल पहुंचने से पहले मौत हो चुकी थी। विवेक के साथ आए दोस्तों ने उसके सीने में दर्द होने की जानकारी दी थी। संभवत: उसे हार्ट अटैक आया था।

**डॉ. जीआर अडलक**
डायरेक्टर, गायत्री हॉस्पिटल, भोपाल

### गुना में भीषण हादसा...कार पर पलटा ट्रक

# 4 की मौत और 2 घायल, मृतकों में माता पिता और बेटी सहित एक महिला शामिल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना**

नगर में मंगलवार सुबह कार को टक्कर मारने के बाद ट्रक उसके ऊपर पलट गया। हादसे में कार सवार पति-पत्नी, बेटी समेत 4 लोगों की मौत हो गई।2 गंभीर घायल हैं। हादसा बायपास पर ढाबे के पास हुआ। राजगढ़ जिले के सारंगपुर के तारागंज का परिवार भिंड जिले के लहार में मकान के उद्घाटन कार्यक्रम में जा रहा था। परिवार के सदस्य तड़के 4 बजे कार से लहार के लिए रवाना हुए थे। सुबह 7.30 बजे गुना बायपास पर एक जेसीबी क्रॉस कर रही थी। इस वजह से ड्राइवर ने कार रोड से नीचे उतारकर खड़ी कर दी।

### 14 साल की बच्ची समेत 3 की मौत



*राऊ-खलघाट फोरलेन पर कार व बाइक भिड़े*

**महू।** इधर, महू के बडगोंदा थाना क्षेत्र में आने वाले राऊ-खलघाट फोरलेन पर सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। शव को शहर के सिविल अस्पताल पीएम के लिए लाया गया है। घटना नांदेड़ के पास शक्ति कोल्ड स्टोरेज के समीप की है। हादसे में दो लोग गंभीर घायल भी हुए हैं।जिसमें एक महिला और 2 साल का बच्चा है। जिन्हें इंदौर के एमवाय अस्पताल रेफर किया है। दरअसल, यह धार जिले के रहने वाले है और महू गांव में स्थित उनके परिजन से मिलने आए थे। दोपहर 3:30 बजे करीब धार लौटते समय राऊ खलघाट फोरलाइन पर हादसा हो गया।

### बैतूल में कक्षा में ऐसी 'बेरहमी'



# चौथी क्लास की बच्ची के बाल उखाड़े, नहीं पढ़ पाई थी इंग्लिश



◆ जनसुनवाई में पिता के साथ शिकायत करने पहुंची पीड़िता

### टीचर बोली झूठा है आरोप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**

बैतूल में बच्ची की बेरहमी से पिटाई करने का मामला सामने आया है। कथित तौर पर हैवान टीचर ने सरकारी प्राथमिक स्कूल की छात्रा के बाल खींचकर उखड़ दिए।

छात्रा के पिता ने टीचर पर पिटाई का आरोप लगाते हुए जनसुनवाई में शिकायत की है। घटना 15 दिसंबर की बताई जा रही है। मामले में डीपीसी ने जांच के आदेश जारी किए हैं। मामला बैतूल के आमला विकास खंड के खेडली बाजार के बालक प्राथमिक शाला का है। यहां चौथी कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा के पिता उमेश बामने ने स्कूल की टीचर पर गंभीर आरोप लगाया है। पिता ने अपनी शिकायत में कहा कि 15 दिसंबर को बेटी स्कूल गई थी।

### जांच के लिए टीम गठित

बच्ची ने घर पहुंचकर घटना के बारे में अपने पिता उमेश को बताया। तब उमेश बच्ची को लेकर मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे और टीचर की शिकायत की। बच्ची का कहना है कि वह क्लास में इंग्लिश नहीं पढ़ पा रही थी। इसकी वजह से पूर्णिमा साहू मैडम ने बाल खींचकर पिटाई की। जिला शिक्षा केंद्र के जिला समन्वयक संजीव श्रीवास्तव का कहना है बच्ची के पिता ने टीचर के खिलाफ शिकायत की है। संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार आरोपी टीचर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### आईआईटी मद्रास के छात्रों को शोध में मिली कामयाबी

# लौटेगी मुस्कान... 'ब्लैक फंगस' के मरीजों को 3डी तकनीक से मिलेगा 'नया' चेहरा

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**



उम्मीद की खबर

आईआईटी मद्रास ने ब्लैक फंगस के मरीजों के लिए 'जोरिओक्स इनोवेशन लैब्स' के साथ मिल कर 3डी-प्रिंट से चेहरे का इम्प्लांट तैयार किया है।जानकारी के लिए बता दें कि ब्लैक फंगस' की वजह जिन मरीजों का चेहरा खराब हुआ है, अब उन्होंने 3डी-प्रिंट तकनीक के जरिए फिर से नया चेहरा और मुस्कान मिलेगी। यह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के शोधकर्ताओं के रहते हो पाया है। इस फंगस का असर कोविड-19 के मरीजों के साथ-साथ अत्यंत गंभीर मधुमेह, एचआइवी-एड्स और अन्य बीमारियों के मरीजों में देखी गई है। अब तक आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 50 रोगियों के चेहरे सही हो चुके हैं।

### भारत में आए थे 60 हजार मामले

संस्थान ने चेन्नई के डेंटल सर्जनों के स्टार्ट-अप 'जोरियोएक्स इनोवेशन लैब्स' के साथ मिल कर यह पहल की है। इसका आधार मेटल 3डी प्रिंटिंग या एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग है। भारत में 'ब्लैक फंगस' रोग का प्रकोप एक बड़ी चिंता बनी हुई है। इस बीमारी को 'म्यूकोर्मिकोसिस' कहते हैं। इसके सबसे गंभीर खतरों में एक चेहरे का खराब होना है। इससे मरीज को गंभीर मानसिक और भावनात्मक आघात लगता है।




## आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा

# एजेंडा किया तय और फतह करने का बनाया 'मेगा प्लान'

### 3 चुनावों का बूथ विश्लेषण करके बनाई रणनीति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर पूरी तरह से जुट गई है। जीत की हैट्रिक लगाने के लिए भाजपा ने तैयारियों को लेकर मेगा योजना बनाई है।

पार्टी की बैठक में चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करने के लिए रणनीति बनाई गई। बआझफआ की हाल ही में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग नई दिल्ली में संपन्न हुई। इसमें राज्यों में पार्टी किस तरह से चुनावी तैयारियां करेगी, इस पर बिंदुवार चर्चा की। इसके बाद खास बिंदुओं पर बात की और एजेंडा तय किया।



दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में फैसला

### ये हैं प्रमुख बिंदु और रणनीतिक चाल

- **क्लस्टर निर्माण और क्लस्टर प्रभारी:** प्रत्येक 3-4 लोकसभा को एक के रूप में समूहीकृत करना होगा। क्लस्टर और एक वरिष्ठ नेता होना चाहिए जो समय दे सके और चुनाव का प्रबंधन कर सके। उसे क्लस्टर प्रभारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा। 5 से कम लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र वाले राज्यों में क्लस्टर व्यवस्था आवश्यक नहीं है।
- **लोकसभा प्रभारी और लोकसभा संयोजक:** प्रत्येक लोकसभा के लिए एक प्रभारी (लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के बाहर से) और एक संयोजक (लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंदर से) नियुक्त किया जाना है। संयोजक आकांक्षी नहीं हो सकता।
- **राज्य चुनाव प्रबंधन समिति, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति:** एक लोकसभा क्षेत्र वाले राज्य में केवल एक समिति का गठन किया जाएगा।
- **बूथ विश्लेषण** (2014 व 2019 आम चुनाव, हालिया असेंबली चुनाव) को 3 कैटेगरी में बांटा गया है। पहला तीनों चुनाव में बूथ जीते। दूसरा लोकसभा में बूथ जीते लेकिन विधानसभा में नहीं जबकि तीसरा किसी भी तीन चुनाव में बूथ नहीं जीते पर विश्लेषण होगा।
- **मोर्चा की गतिविधियां:** मोर्चा की गतिविधियों के बारे में एक अलग नोट संलग्न किया गया है। सभी मोर्चों को गतिविधि की सफलता के लिए विस्तार से योजना बनानी चाहिए और पार्टी इकाई को पूरी तरह से योजना बनानी चाहिए।
- **पार्टी में शामिल होने वाली टीम:** राज्य और जिला स्तर पर पार्टी में शामिल होने वाली टीम (सभी उम्मीदवारों की सूची बनाना) जिन्होंने सरपंच स्तर तक विभिन्न चुनाव लड़े।

### प्रत्येक वर्ग को साधने की योजना भी बनाई

**देश में 4 जगहों** पर लोकसभा विस्तारकों की कार्यशाला होंगी जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय गृह मंत्री शिरकत करेंगे।

**प्रत्येक लोकसभा** में 2019 की घटनाओं के कैलेंडर के आधार पर रिवर्स टाइम टेबल बनाया जाएगा।

**प्रत्येक राज्य** में 50-50 स्थानों पर बुद्धिजीवी, युवा, महिला, एससी, एसटी की बैठक होंगी।

**हर जोन पर** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की बैठक की जाए।

**मीडिया कार्यशाला, युवा प्रवक्ता,** जिला, तहसील एवं समुदाय आधारित पर विशेष ध्यान दिया जाए।

---


## खबर संक्षेप

### लेह-लद्दाख में भूकंप के झटकों से कांपी धरती



**लद्दाख।** मंगलवार सुबह करीब 4 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के कारण लोग घरों के बाहर निकल आए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.5 मापी गई है। कारगिल, पुंछ और किश्तवाड़ में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। किश्तवाड़ जिले में सोमवार देर रात करीब 1.10 बजे रिक्टर स्केल पर 3.7 तीव्रता का भूकंप आया।

### फिल्मी अंदाज में नदी में उतारी गाड़ी, चालान



**लाहौल।** जनजातीय क्षेत्र लाहौल के तांदी संगम में भागा नदी में एक पर्यटक ने गाड़ी उतार दी। माइनस तापमान और खून जमा देने वाली ठंड के बीच पर्यटकों की मस्ती ने सबको हैरान कर दिया। एक पर्यटक ने फिल्मी अंदाज में नदी के बीच से ही गाड़ी दौड़ा दी।मामला रविवार शाम का है। पुलिस ने 3,500 का चालान पकड़ा दिया है।

### वडोदरा के फार्मा फैक्ट्री में गैस लीक, 4 भर्ती



**वडोदरा।** गुजरात के वोडदरा में मंगलवार सुबह 8 बजे एक फार्मास्युटिकल केमिकल कंपनी में पाइप से लीक हो गई। इससे प्रभावित चार श्रमिकों को भर्ती कराया गया। सभी श्रमिकों की हालत स्थिर है। यह घटना करीब आठ बजे हुई। उघटना के समय नंदेसरी जीआईडीसी क्षेत्र में स्थित फैक्ट्री परिसर में कई कर्मचारी मौजूद थे।

### शिमला में निजी बस खाई में लुढ़की, सुरक्षित



**शिमला।** यहां मंगलवार सुबह एक निजी बस अनियंत्रित होकर खाई में लुढ़क गई। हादसा करीब 9:15 बजे हुआ। बस शिमला से शोघी जा रही थी। बस में 14-15 यात्री सवार थे। बाइक को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित हो गई। बड़ा हादसा होने से टल गया और सभी यात्री बाल-बाल बच गए।

---

## राम मंदिर का कार्ड आएगा, तो क्या... 'घमंडिया' गठबंधन टूट जाएगा? पसोपेश कायम

# विपक्ष का 'धर्मसंकट'

# राम मंदिर जाने पर फंसा गठबंधन व पहुंचने पर आड़े आ रहा 'बंधन'

### भाजपा ने फिलहाल विपक्ष को आमंत्रण देकर गुगली फेंक दी, उलझा सारा विपक्ष

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर राजनीति तो होनी ही थी। भाजपा ने फिलहाल विपक्ष को आमंत्रण देकर गुगली फेंक दिया है। इंडिया गठबंधन के बहुत से साथियों के लिए ऊहापोह की स्थिति पैदा हो गई है।

फिलहाल भाजपा यही चाहती भी थी। इंडिया गठबंधन की 19 दिसंबर वाली बैठक में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी कि राम मंदिर का श्रेय लेने से किस तरह भाजपा को रोका जाए, पर राममंदिर को लेकर भाजपा की आक्रामक रणनीति में विपक्ष बुरी तरह फंस गया है। कम्युनिस्ट पार्टियों को छोड़कर अन्य दल अभी भी समझ नहीं पा रहे हैं कि उन्हें क्या करना चाहिए।



### सीपीआईएम नहीं होगी शामिल

वामपंथियों ने रुख स्पष्ट किया

राम मंदिर मुद्दे पर सबसे पहली चिंता सीपीएम नेता सीताराम येचुरी ने की थी।। वामदलों की ओर से सीपीआईएम नेता बृंदा करात ने क्लियर कर दिया है कि हमारी पार्टी अयोध्या में राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में शामिल नहीं होगी। हम धार्मिक मान्यताओं का सम्मान करते हैं लेकिन वे एक धार्मिक कार्यक्रम को राजनीति से जोड़ रहे हैं। यह एक धार्मिक कार्यक्रम का राजनीतिकरण है। यह सही नहीं हैं। आमंत्रण पर येचुरी ने कहा कि हमने किसी को कुछ नहीं कहा। हम नहीं जाएंगे वहां।

### बिहार में कांग्रेस का 'बड़ा दांव'

### बिहार में गठबंधन में मांगी 8-9 सीटें, कम सीट से कुछ नहीं होगा



देश में अगले साल लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में विपक्षी इंडिया गठबंधन एक्शन में है। इसी दिशा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने बिहार कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक की। इस मीटिंग में सीट शेयरिंग सहित आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह का कहना है कि बिहार में हम लोग गठबंधन में चुनाव लड़ेंगे। इस संबंध में 29 दिसंबर को गठबंधन समिति की बैठक होनी है। जहां तक बिहार का सवाल है, अगर हमें आठ या नौ सीटें मिल जाए तो भी ठीक है। एक आध सीट से कुछ नहीं होता है, बस गठबंधन बरकरार रहना चाहिए। 29 दिसंबर को गठबंधन समिति की बैठक में इस पर चर्चा की जाएगी।

### अखिलेश और डिंपल: आमंत्रण स्वीकार करने में संदेह



उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के मुखिया अखिलेश यादव कन्फ्यूज हैं कि उन्हें क्या करना है? अखिलेश ने इसी हफ्ते यह कहा था कि अगर राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट उन्हें आमंत्रित करता है तो वो प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जरूर शामिल होंगे, पर पार्टी के दूसरे सांसदों और नेताओं के जो बयान आए हैं उससे तो यही लगाता है अखिलेश राम मंदिर समारोह में जाने के लिए उत्साहित नहीं होंगे।

### कांग्रेस नेता नहीं खोल रहे पत्ते

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सोनिया गांधी को आमंत्रण भेजा गया है। हालांकि कांग्रेस की तरफ से अभी तक इस तरह का कोई बयान सामने नहीं आया है।

### हिंदू धर्म नही, धोखा है...पर घिरे स्वामी प्रसाद



हिंदू धर्म पर विवादित टिप्पणी पर सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। वकील विनीत जिंदल ने स्वामी प्रसाद के खिलाफ उनकी टिप्पणी को लेकर दिल्ली पुलिस कमिश्नर के पास शिकायत दर्ज कराई है। जिंदल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा कि उन्होंने दिल्ली पुलिस में 'हिंदू धर्म एक धोखा है' के बयान को लेकर दिल्ली पुलिस में शिकायत दी है। गिरफ्तारी की मांग की गई है।

### डिप्टी सीएम केशव प्रसाद का तंज

### स्वामी प्रसाद दिग्भ्रमित... अखिलेश को माया मिली न राम

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सपा चीफ अखिलेश यादव पर तंज कसा है।



उन्होंने कहा कि अखिलेश दिग्भ्रमित हो गए हैं। कभी सनातन का विरोध करते हैं तो कभी समर्थन। स्वामी प्रसाद के विवादित बयानों पर रोक लगाने का आश्वासन दिए जाने के एक दिन बाद ही उन्होंने दिल्ली में एक कार्यक्रम में हिंदू धर्म को धोखा बता डाला।केशव प्रसाद ने एक्स अकाउंटर पर लिखा, 'दुविधा में दोनों गए, माया मिली न राम!

### गिरिराज ने किया पलटवार

### अगर हिंदू धर्म नहीं, तो इस्लाम अपना लो...

स्वामी प्रसाद के विवादित बयान ने सियासी हलचल बढ़ी है। अब सभी एक मुद्दे पर अपनी



राय दे रहे है और गिरिराज सिंह ने इस पर कड़ा एतराज किया है। स्वामी प्रसाद के बयान पर गिरिराज सिंह ने पलटवार किया है। इसको लेकर अब गिरिराज का बयान सामने आया है जिसमें उन्होंने कहा कि सनातन भारत के स्वाभिमान का प्रतीक है और अगर हिंदू धर्म नहीं, तो इस्लाम अपना लो।

### खरगे को पीएम फेस बनाने पर घमासान, अब पवार भी नाराज

इंडिया अलायंस की चौथी बैठक में खरगे को पीएम पद का दावेदार बनाने की खबरें सामने आई थीं। खडरगे को पीएम फेस घोषित करने के प्रस्ताव पर गठबंधन में तकरार छिड़ी है। बिहार सीएम नीतीश कुमार की नाराजगी की खबरों की बीच अब एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार के भी खफा होने की जानकारी सामने आई है। शरद ने अपनी नाराजगी को इशारों में जाहिर करते हुए कहा कि 1977 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी पीएम फेस घोषित नहीं किया गया था। पवार ने कहा कि चुनाव के बाद विपक्ष की तरफ से मोराराजी देसाई को प्रधानमंत्री बनाया गया था। उस समय भी कहा गया था कि अगर कोई चेहरा सामने नहीं लाएंगे तो नतीजे भी पक्ष में नहीं होंगे। अगर लोग बदलाव के मूड में हैं तो वे जरूर बदलाव लाने के लिए फैसला करेंगे।



---

## 'लंगर' परोसते खेल मंत्री अनुराग



नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को नई दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरुद्वारा बंगला साहिब में 'लंगर' परोसा।

### थरूर का दावा...

### तिरुवनंतपुरम से पीएम चुनाव लड़ें तो जीत मेरी ही होगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक बार फिर ताजा बयान से सियासत में हलचल पैदा कर दी है। उन्होंने सीधे तौर पर पीएम को चुनौती दे दी कि तिरुवनंतपुरम से अगर मोदी भी चुनाव लड़ेंगे तब भी मैं ही जीतूंगा। थरूर से एक टीवी इंटरव्यू के दौरान उनके फ्यूचर प्लान के बारे में पूछा गया, तब उन्होंने यह बयान दिया था।यह चुनाव उनका आखिरी हो सकता है। वे तिरुवनंतपुरम से चौथी बार चुनाव लड़ने जा रहे हैं।



### बंगाल में भाजपा ने संगठन में किया बड़ा बदलाव

## शाह ने संभाली बंगाल की जिम्मेदारी प्रदेश की नई कोर कमेटी गठित की

◆ 14 सदस्यों वाली नई कोर कमेटी और 15 सदस्यों वाली चुनाव कमेटी बनाई

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में भाजपा ने संगठन में बड़ा बदलाव कर रही है। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए 2022 में बनी 24 सदस्यों वाली कोर कमेटी को खत्म कर दिया है।

अब 14 सदस्यों वाली नई कोर कमेटी और 15 सदस्यों वाली चुनाव कमेटी गठित कर दी है। नई कोर कमेटी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का नाम भी शामिल है। शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एक दिन के दौरे के लिए कोलकाता में हैं। एमजी रोड गुरुद्वारा और कालीघाट मंदिर के दर्शन करने के बाद इन दोनों नेताओं ने राज्य के नेताओं के साथ एक अहम बैठक की।



### नई कोर कमेटी

जॉन बारला, निसिथ प्रमाणिक, देबोश्री चौधरी, शांतनु ठाकुर, मनोज तिग्गा, सुभाष सरकार, मिथुन चक्रवर्ती, अनुपम हाजरा, अनिर्बान गांगुली, स्वप्न दासगुप्ता जैसे नेता और सांसद बैठक से अनुपस्थित रहे क्योंकि उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया। इसके साथ ही समिति के कार्यों का भी प्रभार नेताओं को दिया गया है।

---

### फिर कोरोना का खतरा बढ़ा

## देश में सामने आए 412 नए मामले जेएन.1 के 69 केस, केरल में सुधार

*उपचाराधीन मरीजों की संख्या भी काफी घटी*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोरोना महामारी एक बार फिर तेजी से पैर पसार रहा है। हर दिन नए मामले सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि भारत में कोविड-19 के 412 नए मामले सामने आए हैं। इससे संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4,170 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह 8 बजे अद्यतन आंकड़े जारी किए गए। कर्नाटक में 24 घंटे में संक्रमण से तीन और लोगों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 5,33,337 हो गई। वहीं, भारत में वर्तमान में कोविड मामलों की संख्या 4,50,09,660 है।

### केरल में नहीं आया कोई नया मामला

केरल के लोगों के लिए राहत की बात है। फिलहाल कोई नया मामला सामने नहीं आया है। केरल में 24 घंटे में कोविड-19 का कोई नया मामला सामने नहीं आया और उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 3,096 रह गई है। मंगलवार सुबह 8 बजे तक देश भर में सामने आए 116 नए मामलों में से केरल से कोई नया मामला सामने नहीं आया।

### मौसम विभाग ने बताया 3-4 दिन नहीं मिलेगी राहत

## घने कोहरे की चादर से लिपटे देश के 15 राज्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब समेत उत्तर भारत कई राज्य आज भी घने कोहरे की चपेट में है। मौसम विभाग ने बताया कि हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्से मंगलवार सुबह बहुत घने कोहरे की चादर से लिपटे हुए हैं। कई जगहों पर विजिबिलिटी 0-50 मीटर तक भी दर्ज की जा रही है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और मेघालय में दृश्यता अलग-अलग इलाकों में 50-200 मीटर तक देख जा रहा है। इन सभी राज्यों में 28 दिसंबर तक घना कोहरा जारी रहने की संभावना है।



कई जगहों पर दृश्यता रही बेहत कम, चलना हो रहा मुश्किल

ओडिशा, उत्तराखंड समेत कई प्रदेशों में घना कोहरा

मौसम विभाग ने बताया कि ओडिशा में भी आज सुबह घना कोहरा देखा जा रहा है। यहां पर बुधवार को भी कोहरा पड़ेगा। इसके साथ ही उत्तराखंड के कई इलाकों में भी घना कोहरा देखने को मिल रहा है। मेघालय, असम, नगालैंड, मिजोरम और त्रिपुरा में भी 30 दिसंबर तक घने कोहरे से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर पश्चिम और निकटवर्ती मध्य भारत में अगले 3-4 दिन तक घना से बहुत घना कोहरा जारी रहने की संभावना है।

### तमिलनाडु में फिर बारिश की संभावना

मौसम विभाग ने बताया कि तटीय तमिलनाडु में 30 दिसंबर से एक जनवरी 2024 तक हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है। इसके साथ ही उत्तर-पश्चिम और आसपास के मध्य भारत में भी 30 दिसंबर को हल्की बारिश की संभावना है।

### पूरे एनसीआर में रहेंगे यही हालात

दिल्ली, नोएडा समेत पूरे एनसीआर में सुबह घना कोहरा छाया रहा। मौसम वैज्ञानिकों ने और घना कोहरा छाए रहने की आशंका जताई है। वहीं अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: 24 और 7डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। हवा की गुणवत्ता बेहद खराब रही।

जबलपुर, बुधवार 27 दिसंबर 2023 ■ पौष मास कृष्ण पक्ष-01 ■ वर्ष : 18, अंक : 235 ■ पृष्ठ : 8+6=14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 26 , न्यून. 08 haribhoomi.com



फोटो जर्नलिस्ट, जसप्रीत सिंह

लालघाटी का दृश्य


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


मौसम के 'चार रंगों' से सराबोर रहेगा नए साल का पहला सप्ताह

# बादल, बारिश, कोहरा फिर कड़ाके की सर्दी

प्रदेश में 29 दिसंबर को नया पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है। इसके असर से 8 जनवरी तक मौसम अपने चार रंग बदलेगा। सबसे पहले 29 से 31 दिसंबर तक बादल रहेंगे। 1 और 2 जनवरी को कुछ हिस्सों में बादल, कहीं कहीं तेज बारिश होगी। इसी के साथ पूर्वी मप्र में घना कोहरा भी रहेगा। 2 से 3 जनवरी के बीच पश्चिमी मप्र में कहीं कहीं तेज बारिश के साथ ओले भी गिर सकते हैं। इसके साथ दूसरे हिस्सों में घना कोहरा रहेगा। 4 जनवरी से प्रदेश में कोहरे और सर्दी का असर बढ़ना शुरू हो जाएगा। 8 जनवरी तक कई जिलों में शीतलहर और घने कोहरे का असर रहेगा। इससे नए साल का पहला सप्ताह मौसम के 4 रंगों से सराबोर रहेगा।



## यहां रहा घना कोहरा

मंगलवार को देर रात से सुबह 8.30 बजे के बाद तक कई जिलों में अति घना और कहीं-कहीं घना कोहरा रहा। इनमें सबसे घना कोहरा दतिया और सतना में रहा। यहां दृश्यता 50 मीटर यानी शून्य रही। इसके अलावा टीकमगढ़, सीधी, रीवा, मंडला, खजुराहो, दमोह, गुना, ग्वालियर आदि जिलों में भी मध्यम कोहरा रहने से राहगीरों को वाहन की लाइट जलाकर यात्रा करना पड़ी। पूरे प्रदेश में कहीं-कहीं दिन और रात के तापमान में औसतन एक डिग्री तक की घट-बढ़ रही है। औसत पारा 29 डिग्री और रात का 10 डिग्री के करीब रहा। सबसे अधिक दिन का पारा खंडवा में 31.1 डिग्री रहा, जबकि सबसे रात का तापमान 6.5 डिग्री अशोकनगर के आंवरी में दर्ज किया गया।

1 29 दिसंबर से बादल, 31 से 3 जनवरी तक अलग- अलग हिस्सों में बारिश और कोहरा

2 4 जनवरी के बाद तेजी से बढ़ेगी सर्दी, कुछ जिलों में चलेगी शीतलहर

## सिंगरौली में 3.3 की तीव्रता का भूकंप नुकसान नहीं

*मंगलवार दोपहर 2 बजकर 50 मिनट और 45 सेकंड पर प्रदेश के सिंगरौली जिले में माइल्ड कैटेगरी के भूकंप के कुछ झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इनकी तीव्रता 3.3 दर्ज की गई है। मौसम केंद्र के अनुसार इस भूकंप का हाइपोसेंटर सिंगरौली के उत्तर अक्षांश, 82.57 डिग्री पूर्व में 4 किमी की गहराई पर था।*

*दिल्ली के प्रगति मैदान के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस पर पीएम मोदी ने युवाओं में जोश भरा*

# जिसकी... 'प्रेरणा' जितनी बड़ी होगी, वह देश किसी भी 'लक्ष्य' को हासिल कर लेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में 'वीर बाल दिवस' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवाओं में जोश भरा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वीर बाल दिवस के रूप में एक नया अध्याय शुरू हुआ है। वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। ये दिन याद दिलाता है कि शौर्य की पाराकाष्ठा के सामने कम आयु मायने नहीं रखती। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत उस कालखंड से गुजर रहा है।



## हर आयु के हमारे पूर्वजों ने सर्वोच्च बलिदान दिया

जब अन्याय और अत्याचार का घोर अंधकार था तब भी निराशा को पल भर के लिए भी हावी नहीं होने दिया। हम भारतीयों ने स्वाभिमान के साथ अत्याचारियों का सामना किया। हर आयु के हमारे पूर्वजों ने सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने अपने लिए जीने के बजाए इस मिट्टी के लिए मरने का संकल्प लिया।

आज पूरी दुनिया भारतभूमि को अवसरों की भूमि मान रही है। आज भारत उस स्टेज पर है जहां बड़ी वैश्विक चुनौतियों के समाधान में भारत बड़ी भूमिका निभा रहा है। हमें इस मिट्टी की आन-बान और शान के लिए जीना है। हमें देश को बेहतर बनाने के लिए जीना है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत का युवा किसी भी क्षेत्र में, किसी भी समाज में पैदा हुआ हो।

### डिजिटल प्रदर्शनी और फिल्म का भी प्रसारण

वीर बाल दिवस को मनाने के लिए सरकार नागरिकों, विशेष रूप से छोटे बच्चों को साहिबजादों के अनुकरणीय साहस के बारे में बताने और उन्हें शिक्षित करने के लिए पूरे देश में कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। साहिबजादों के जीवन की कहानी और बलिदान का विवरण देने वाली एक डिजिटल प्रदर्शनी देश भर के स्कूलों और बाल देखभाल संस्थानों में प्रदर्शित की जा रही है। वीर बाल दिवस पर एक फिल्म भी देशभर में दिखाई जा रही है।। इसके अलावा, क्विज सहित अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूएई और ग्रीस में भी वीर बाल दिवस से जुड़े कार्यक्रम हो रहे हैं।

**फुल कैबिनेट की पहली बैठक में सीएम यादव ने अनौपचारिक चर्चा में कहा**

# सभी मंत्री अभी से ही जुट जाएं, लोकसभा की 29 सीटें जीतना है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में कैबिनेट विस्तार के बाद पहली कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी मंत्रियों से लोकसभा चुनाव में अभी से जुट जाने को कहा। कैबिनेट में सबसे पहले औपचारिक रूप से परिचयात्मक माहौल रहा। मुख्यमंत्री ने खासकर जो नए विधायक मंत्री बने हैं और बैठक में मौजूद थे, उनसे चर्चा की।

उन्होंने नए मंत्रियों से उनके बारे में डिटेल पूछा। इसके बाद मंत्रियों को अपनी प्राथमिकताएं बताई। मुख्यमंत्री यादव ने इसके बाद मंत्रियों से अनौपचारिक चर्चा की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में अब काफी कम समय बचा है। करने के लिए बहुत कुछ है। हर हाल में सभी 29 सीटों पर जीत सुनिश्चित करना है। इसकी जिम्मेदारी आप सभी के ऊपर है। यदि आप सभी अभी से प्राथमिकता के साथ तैयारी में जुट गए तो सभी सीटों पर जीत तय है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारी मिशन मोड पर करना है। इसके लिए आप सभी की भूमिका सर्वप्रथम है। इसके लिए जी-जान से जुटने का समय है। उन्होंने अनौपचाकि चर्चा में मंत्रियों से लोकसभा चुनाव की तैयारी आज व अभी से शुरू करने को कहा।



### समय कम है, इसलिए तत्काल जुटना है

कैबिनेट बैठक में हुई अनौपचाकि चर्चा के बारे में मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि लोकसभा चुनाव में समय कम है, इसलिए चुनाव में कैसे आगे बढ़ना है। इस पर चर्चा हुई है। शुरूआत, हालांकि परिचयात्मक रहा। बाद में मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनाव की तैयारी मिशन मोड पर करने को कहा है। हम सभी इस कार्य में जुट गए हैं।





72198 21111 | BAJAJ FINANCE LTD - AF | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE

नियम और शर्तें लागू. *शुरुआती कीमत पल्सर 125 नियॉन, पल्सर 125 कार्बन फ़ायबर और NS125 वैरिएंट के लिए है. फ़ायनान्स, फ़ायनान्सर के स्व-निर्णय के अधीन. बजाज ऑटो के पास बिना पूर्व सूचना के किसी भी ऑफ़र या सभी ऑफ़र्स को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविजन के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. एएमसी विशेष मॉडल्स और विशेष राज्यों में ही उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए बजाज डीलर से संपर्क करें. रोड साइड सहायता अन्य पक्षों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है और वह उनके नियम और शर्तों के अधीन होती है.

**Authorised Dealers for BAJAJ Auto Ltd.: Jabalpur : Nagrath Chowk** FRONTIER BAJAJ 7771011270, 7771003332 • **Wright Town** FRONTIER BAJAJ 77710 11280 • **Damoh Naka** SELECT BAJAJ 7880097791 • **Balaghat** SAI BAJAJ 9425822517• **Damoh** MAA LAXMI BAJAJ 8109061441 • **Narsinghpur** SATKAR BAJAJ 237789, 7747008720 • **Seoni** FRONTIER A S BAJAJ 9302893612 • **Shahdol** JAYSHREE BAJAJ 7879858023 • **Katni** TARA BAJAJ 9111407700. **Authorised Service Centre : Adhartal** 9479999997, **Anuppur** 9826688221, **Bahoriband** 9425868131, **Barghat** 9303455660, **Baihar** 9555367761, **Barhi 9893753802 Bichiya** 9424340254, **Bijuri** 8827988201 **Birsinghpur Pali** 6264386139, **Chhapara** 9131172981, **Chichli**, 9425419598, **Dhanpuri** 9826672085, **Dindori** 9425854910, **Gadarwara** 9685870050, **Gadasarai** 9522711045 **Gotegaon** 9424631001, **Hata** 9425094139, **Hatta** 9425094139, **Jaisingh Nagar** 9425472262, **Kareli** 9926349292, **Katangi 9302930389 Keolari** 7879822080 **Keswahi 9669691764 Kirnapur** 9009464748, **Kotma** 9329404241, **Kundam** 9981874048, **Lakhnadon** 9303396981, **Lalmati** 8109090222, **Madan Mahal** 7880097793, **Majholi** 7898404020, **Mandla** 077710 03238, **Manpur** 9993009143, **Nainpur** 9595929353, **Nowrozabad** 7697487999, **Palari** 9165621818, **Panagar 9302893617, Papaundh 9754290155 Patharia** 9893678714, **Rampur 9827246605, Saleemanabad** 8823822886 **Shahpura bhitoni** 9755453839, **Shahpura Dindori 7987250082, Sihora** 9826439447, 9993881637, **Umaria** 9302281902, **Waraseoni** 9425822517. **Saikheda 9893108022, Papaundh 9754290155, Keswahi 9669691764, Saleemanabad 8823822886, Lanji 9424906995, Ghansore 8999080032, Majhagawan 9399249831 Rithi 9179891917 Badwara 9098307441** Chandangaon 7771003685.


मंत्री विश्वास सारंग शपथ लेने के बाद सीधे खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना की। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों से मंत्री सारंग का स्वागत किया और आतिशबाजी की।


मंत्री कृष्णा गौर शपथ लेने के बाद अपने घर पहुंचीं। यहां कार्यकर्ता और समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके साथ ही महिला कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों पर थिरकीं और जमकर आतिशबाजी की।


मंत्री पद की शपथ लेने के पूर्व ग्वालियर से भाजपा विधायक प्रद्युम्न सिंह तोमर ने एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पैरों में पूरी तरह झुककर प्रणाम किया।

# 28 मंत्रियों में चैतन्य काश्यप सबसे ज्यादा अमीर, विधायक के तौर पर मिलने वाले सैलरी-भत्ते भी नहीं लेते, सबसे कम गौतम टेटवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मोहन सरकार के नए मंत्रिमंडल का गठन हो गया है। सबसे ज्यादा अमीर मंत्रियों की सूची में नंबर एक पर चैतन्य काश्यप है। हालांकि चैतन्य काश्यप दूसरी बार के विधायक हैं और उन्होंने विधायक बनने के बाद से ही सैलरी और भत्ते लेने से इनकार कर दिया है। कई कारोबार से उनकी कुल संपत्ति 300 करोड रुपए से ज्यादा है।

पिछले दिनों विधानसभा सत्र के दौरान अध्यक्ष को पत्र लिखते हुए निवेदन किया था कि उन्हें मिलने वाली सैलरी का सही इस्तेमाल विकास कार्य और जनकल्याण योजनाओं के लिए किया जाए। वहीं गौतम टेटवाल सबसे गरीब मंत्रियों में शुमार है। उनकी कुल संपत्ति 89 लाख रुपए है और आय का स्त्रोत पेंशन है। खास बात है कि अधिकांश मंत्रिमंडल के सदस्यों की किसानी और कारोबार से होती है। भोपाल के गोविंदपुरा से दूसरी बार बनी विधायक कृष्ण गौर की 10 करोड़ रुपए की संपत्ति है। उन्होंने बताया कि संपत्ति की आय का जरिया समाज सेवा है। इसी तरह इंदौर एक से विधायक और मंत्री कैलाश विजयवर्गी की संपत्ति 14 करोड रुपए है उन्होंने अपनी संपत्ति की आय के पीछे समाज सेवा बताई है। चितरंगी से विधायक बनी राधा सिंह मंत्री बन गई है, उनकी संपत्ति 6 करोड रुपए है। कृषि कारोबार और गैस एजेंसी है।

## कैबिनेट में अधिकांश किसान और कारोबारियों को मिली जगह

कैलाश, कृष्णा गौर की समाज सेवा से 10 करोड़ की संपत्ति







| मंत्री | संपत्ति |
|---|---|
| कैलाश विजयवर्गीय | 14 करोड रुपए |
| तुलसीराम सिलावट | 14 करोड रुपए |
| एंदल सिंह कंसाना | 2 करोड रुपए |
| नागर सिंह चौहान | 2 करोड रुपए |
| इंदर सिंह परमार | 7 करोड रुपए |
| चैतन्य काश्यप | 300 करोड़ |
| विजय शाह | 17 करोड़ |
| निर्मला भूरिया | 2 करोड़ |
| लखन पटेल | 4 करोड़ |
| गौतम टेटवाल | 89 लाख |
| नारायण पवार | 3 करोड़ |
| दिलीप अहिरवार | 6 करोड़ |
| प्रतिमा बागरी | 6 करोड़ |
| नरेंद्र शिवाजी पटेल | 6 करोड़ |
| राकेश शुक्ला | एक करोड़ 70 लाख |
| राकेश सिंह | 4 करोड़ |
| राधा सिंह | 6 करोड़ |
| विश्वास सारंग | 18 करोड़ |
| गोविंद सिंह राजपूत | 14 करोड़ |
| तुलसी सिलावट | 14 करोड़ |
| कृष्णा गौर | 10 करोड़ |
| संपतिया उईके | 9 करोड़ |

## मंत्रियों में अहिरवार, पवार दसवीं, कंसाना आठवीं पास

मुख्यमंत्री मोहन यादव के मंत्रिमंडल में 28 मंत्री बनाए गए हैं। अठारह ने कैबिनेट और 10 ने राज्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। तेरह मंत्रियों की उम्र 60 साल से ज्यादा है। सीहोर जिले की इछावर सीट से विधायक करण सिंह वर्मा (68) सबसे उम्रदराज मंत्री हैं। सतना जिले की रैगांव सीट से विधायक प्रतिमा बागरी (35) सबसे कम उम्र की मंत्री हैं। सात मंत्री 12वीं क्लास तक पढ़े हैं। 21 मंत्री ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट हैं। एदल सिंह कंसाना ने सबसे कम 8वीं क्लास तक पढ़ाई की है। दिलीप अहिरवार और नारायण पंवार दसवीं तक पढ़े हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी के विजन को करेंगे पूरा और मध्यप्रदेश का डेवलपमेंट करेंगे: विजयवर्गीय

**मंत्री काश्यप बोले - देश विदेश के उद्योगपतियों को हम रतलाम में निवेश के लिए बुलाएंगे**



मंत्री पद की शपथ लेने के बाद कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मंत्री पद मिला है। अब मध्यप्रदेश का विकास करना है। काम करना है। मोदी के विजन को हम पूरा करने का काम करेंगे। मध्यप्रदेश का डेवलपपमेंट करेंगे। देश को नंबर वन बनाने का मोदी जी का जो संकल्प है उसे पूरा करेंगे। कई सीनियर नेताओं और पूर्व मंत्रियों को मंत्रिमंडल में जगह न मिल पाने पर विजयवर्गीय ने कहा कि सबको मंत्री पद नहीं मिलता है। विजयवर्गीय ने कहा कि 15 परसेंट बनाना है तो कुछ लोगों को छोड़ना भी पड़ता है और कुछ नए लोगों को जोड़ना होता है। इसलिए आप लोग ज्यादा चिंता मत करिए संतुलित टीम है, बहुत अच्छा काम करेंगे।

### लोकसभा में हम सभी सीटें जीतेंगे: चौहान

मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा जो आदिवासी सीटें हम विधानसभा चुनाव में हारे हैं। अब उन पर  फोकस है। लोकसभा में छह आदिवासी सीटें हम मध्य प्रदेश से जीतेंगे। लोकसभा चुनाव में इस बार मध्य प्रदेश की सारी सीटें हम जीतेंगे।

### मेरे मंत्री बनने से रतलाम को लाभ होगा: काश्यप

मंत्री चैतन्य कश्यप ने कहा मेरे मंत्री बनने से रतलाम को लाभ होगा। देश विदेश के उद्योगपतियों को हम रतलाम में निवेश के लिए बुलाएंगे। रतलाम शहर में आगे बढ़ने की काफी संभावनाएं हैं।

### जनता की सेवा ही हमारा लक्ष्य होगा: संपतिया

पहली बार मंत्री बनी संपतिया उईके ने कहा कि जब देश के प्रधानमंत्री खुद को प्रधानमंत्री के बजाय चौकीदार कहते हैं, तो हम भी मंत्री के बजाय खुद को सेवक के रूप में मानते हैं। जनता की सेवा ही हमारा लक्ष्य होगा।

### उद्योग खुलवाने की रहेगी कोशिश: पवार

मंत्री नारायण सिंह पवार ने कहा कि मंत्री बनने के बाद मेरा जोर मेरे विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास पर रहेगा। सड़क, पानी बिजली की मूलभूत सुविधाओं के अलावा कोशिश रहेगी कि क्षेत्र में उद्योग खुले।



### बचपन वाले मंत्रियों से मिलेगी सीख: पटेल

मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि मंत्रिमंडल में ऐसे अनुभवी नेता हैं, जिन्हें हमने बचपन से पार्टी का काम करते देखा है। उसका लाभ सरकार को होगा। हम जैसे नए मंत्रियों को भी काम सीखने का मौका मिलेगा। मैं भाजपा के पोलिंग बूथ पर काम करता था। यह हमारी पार्टी में भी संभव है, जो एक छोटे से कार्यकर्ता को मंत्री पद भी दे सकती है। वहीं मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि मंत्रिमंडल में मंझे हुए जनप्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। भाजपा सबको अवसर देती है। मंत्रिमंडल में शामिल नए और पुराने विधायकों को मौका देकर पार्टी ने यह साबित कर दिया। हमारी सरकार विकास के काम करेगी और जनता की उम्मीद पर खरा उतरेगी।

## नदी तभी तक प्रवाहित रहती है, जब तक उसमें पानी बदलता रहता है: श्रीवास्तव

सोमवार को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंत्रिमंडल ने आकार ले लिया है। मंत्रिमंडल में कुछ पुराने चेहरे हैं तो नए चेहरे ज्यादा हैं। मंत्रिमंडल में नए चेहरे और पुराने चेहरों की वापसी पर वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव ने चर्चा में बताया कि यह एक स्वभाविक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि



जिस प्रकार नदी तभी तक प्रवाहित रहती है, जब तक उसमें पानी बदलता रहता है। पानी एक जगह इकट्ठा रहने से वह सड़ जाता है। इस लिए पानी का बदलना जरूरी होता है। इसी प्रकार किसी भी पॉलिटिकल पार्टी में पुरानी जनरेशन जाती है और नई जनरेशन आती है। पार्टी दूसरी यानि नई जनरेशन को तैयार करके अपना कार्यक्रम बढ़ाना चाहती है, नए कार्यकर्ताओं को तैयार करना चाहती है। किसी भी पॉलिटिकल पार्टी को यदि सतत रहना है और जीवंत बने रहना है तो उसे चाहिए कि वह नई पीढ़ी को लाए और तैयार करे। संसार नश्वर होता है, इस लिए यह एक प्रक्रिया है। इसमें नए मंत्रियों को पुराने मंत्रियों के मागदर्शन में तैयार किया जाएगा और इस प्रकार नई पीढ़ी तैयार हो जाएगी। यह बीजेपी ने किया है यह अलग बात है, लेकिन यह किसी भी पार्टी के लिए जरूरी होता है कि वह नए कार्यकर्ताओं को लाए और भविष्य के लिए तैयार करे। क्योंकि पुरानी पीढ़ी एक न एक दिन चली जाती है। इस लिए नई पीढ़ी को लाकर उसे तैयार करना बहुत उचित होता है। अभी जो नया मंत्रिमंडल बना है, उसमें नए लोगों को लाकर भविष्य में पार्टी ने अपने को गति देने के लिए जो करना चाहिए था, वह किया है।

## बदलाव की बयार लाने जैसा: गिरिजाशंकर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंत्रिमंडल में जिस तरह लगभग दो तिहाई नए चेहरों को पहली बार शामिल किया, वह भाजपा द्वारा बदलाव की बयार लाने जैसा है। विजय शाह, करण सिंह वर्मा को छोड़कर किसी ऐसे मंत्री को मौका नहीं दिया गया है, जो लंबे समय तक मंत्रिमंडल में रहा हो। भाजपा का यह बदलाव नए नेतृत्व को उभारने का प्रयोग है। जिसका



प्रभाव आने वाले वर्षों में देखने को मिलेगा। इस बदलाव से कुछ अनुभवी और वरिष्ठ मंत्री मौका पाने से चूक गए, तो डेढ़ दर्जन नए चेहरों को मौका मिला। परंपरागत राजनीति करने और देखने वालों को इससे हैरत हुई होगी, लेकिन यथास्थिति में बदलाव किसी भी राजनीतिक दल के जीवंत रहने के लिए आवश्यक होता है। भाजपा ने 2023 के विधानसभा चुनाव में जीत के बाद मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान में जिस तरह नेतृत्व सहित मंत्रिमंडल में जो बदलाव किया, वह नए तरह की राजनीति है। बदलाव तो हार के बाद किया जाता रहा है और बंपर जीत के बाद यथास्थिति और मजबूत होती आई है। भाजपा ने जीत के बाद बदलाव कर भविष्य में हार की आशंका को खारिज करने का प्रयास किया है। मध्यप्रदेश में भाजपा थोड़े अंतराल से दो दशक लगातार सत्ता में है और अगले पांच साल का सफर जारी है। मंत्रिमंडल में लगातार लंबे समय तक मंत्री रहने वालों को बदलकर नए चेहरों को मौका देने से एकतरफ जहां एकरसता टूटती है, वहीं पार्टी कैडर में यह विश्वास जागता है कि उन्हे भी आने वाले समय में मौका मिल सकेगा।

## मंत्रिमंडल में रहा अनुभव, क्षेत्रीय, वर्ग और युवाओं का संतुलन: शर्मा

वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश के नए मंत्रिमंडल में चार प्रकार की झलक है। जहां कैलाश विजयवर्गीय, विजयशाह, प्रह्लाद पटेल जैसे अनुभवी मंत्री, राकेश सिंह, उदयवीर सिंह, रीता पाठक जैसे



अनुभवी राजनेता, वहीं विश्वास सारंग, इंदर सिंह परमार निर्मला भूरिया, गोविन्द सिंह राजपूत जैसे मध्य क्रम के राजनेता हैं। तो तीसरी ओर पुराने विधायक लेकिन पहली बार मंत्री बने जिनमें कृष्णा गौर, हरिचरण वर्मा, चेतन कश्यप जैसे नाम तो राकेश शुक्ला, संपतिया उइके, लखन पटेल जैसे पहली बार विधायक बने युवा पीढ़ी को भी मंत्री मंडल में स्थान मिला है। इसके साथ आज की राजनीति में सर्वाधिक चर्चित ओबीसी को प्रतिनिधित्व मिला है। सबसे महत्वपूर्ण है आदिवासी क्षेत्र मंडला और झाबुआ जिलों से महिलाओं को प्रतिनिधित्व। जिस प्रकार मतदान में महिलाओं का वोट भाजपा को अधिक मिला था, उसी तरह आदिवासी क्षेत्र को महिलाओं के प्रति अपनी संवेदना का संदेश देने का प्रयास है। इस टीम में क्षेत्रीय और वर्गगत संतुलन बनाने का प्रयास किया गया है, उसके दो उद्देश्य झलकते हैं। मध्यप्रदेश की आर्थिक स्थिति कमजोर है, निरंतर कर्ज बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में भाजपा द्वारा चुनाव में की गई घोषणाओं को पूरा करना बड़ी चुनौती है। इसके लिए अनुभवी और सख्त प्रशासन चाहिए जो इस मंत्रीमंडल के कुछ लोगों के बारे में माना जाता है। परिस्थिति के अनुरूप कुछ महत्वपूर्ण जिनमें वित्त, लोक निर्माण, गृह जैसे विभाग अनुभवी मंत्रियों को दिए जा सकें। मंत्रीमंडल की यह विशेषता भी यह है कि लगभग सभी सदस्य हैं स्थानीय संगठन और भाजपा हाई कमान दोनों से जुड़े हैं।

# सीएम साय अब अटल मॉनिटरिंग पोर्टल से योजनाओं पर रखेंगे नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुशासन दिवस के अवसर पर मंत्रालय महानदी में आयोजित कार्यक्रम में अटल मॉनिटरिंग पोर्टल का शुभारंभ किया। पोर्टल के माध्यम से मुख्यमंत्री सचिवालय सीधे योजनाओं के क्रियान्वयन पर नजर रखेगा। शासन की मंशानुरूप पारदर्शी और बेहतर तरीके से क्रियान्वयन नहीं हुआ तो सख्ती भी बरती जाएगी। वर्तमान में 23 विभागों की 35 महत्वपूर्ण योजनाओं की निगरानी पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।



मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अटल मॉनिटरिंग पोर्टल से योजनाओं के ज मी नी क्रियान्वयन की रियल टाइम स्थिति मिलेगी। सुशासन तभी आता है, जब लगातार निगरानी होती है।

# मुख्यमंत्री की घोषणा: रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर एक और नालंदा परिसर किया जाएगा तैयार

अटलजी के कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी लगाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीएम विष्णुदेव साय ने प्रदेश के छात्रों के हित में एक बड़ी घोषणा की है। राजधानी रायपुर में नालंदा परिसर की तर्ज पर एक और नालंदा परिसर का निर्माण किया जाएगा। सीएम ने युवाओं की मांग पर यह घोषणा नालंदा परिसर में आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी के शुभारंभ के दौरान की। यह प्रदर्शनी भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत



रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर आधारित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी रायपुर में नये नालंदा परिसर के निर्माण के साथ-साथ वर्तमान में संचालित नालंदा परिसर की सुविधाओं में भी बढ़ोतरी की जाएगी।

मुख्यमंत्री की इस घोषणा से पीएससी, यूपीएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को बड़ा लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने इस दौरान नालंदा परिसर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से बातचीत भी की।

### ओपी चौधरी जब कलेक्टर थे तब बना था नालंदा कैंपस

बता दें कि नालंदा परिसर में वर्तमान में ढाई हजार पाठकों के बैठने की सर्वसुविधा युक्त व्यवस्था है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए यह लाइब्रेरी मददगार साबित हो रही है। यह लाइब्रेरी 24 घंटे संचालित हो रही है। यहां रोज 900 छात्र पढ़ने आते हैं। बता दें कि मंत्री ओपी चौधरी जब रायपुर के कलेक्टर थे, तब उनकी पहल पर नालंदा परिसर का निर्माण कराया गया था।

**राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव**

# ननिहाल छत्तीसगढ़ से अयोध्या भेजेंगे तीन हजार क्विंटल चावल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तारीख बेहद नजदीक आ गई है। इसको लेकर रामनगरी में तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इसी क्रम में अलग-अलग जगहों से ढेर सारी सामग्री अयोध्या पहुंचाई जा रही है। एक ओर से भगवान राम के ससुराल नेपाल के जनकपुर से कपड़े, फल-मेवा के साथ-साथ उपहारों से सजे 11 सौ थाल आएंगे तो वहीं राम के ननिहाल से तीन हजार क्विंटल चावल। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय चावल से भरे ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बताया भगवान श्रीराम लला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश भर में उत्साह है। इस भव्य आयोजन में होने वाले भंडारे में छत्तीसगढ़ के राइस मिलर्स मिलकर अच्छी किस्म के चावल भेजेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल होंगे। 28 दिसंबर को मुख्यमंत्री साय हरी झंडी दिखाकर ट्रकों को रवाना करेंगे।

### अक्षत कलश पहुंचा शिव धाम

इधर, रामजन्म भूमि अयोध्या से अक्षत कलश शिव के धाम कोड़िया पहुंचा। ग्रामीणों की उपस्थिति में अक्षत कलश का भव्य स्वागत किया गया। शिवधाम कोड़िया के सगनी चौक पर अक्षत कलश की विशेष पूजा-अर्चना प्रदीप साहू, जानकी साहू व अन्य सदस्यों की उपस्थिति में की गई। ग्राम की रामधुनी मंडली द्वारा राम-नाम भजन कीर्तन के साथ ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री सहस्त्रेश्वर महादेव शिवालय के राम दरबार शिव धाम कोड़िया में अक्षत का कलश की स्थापना की गई।

**छत्तीसगढ़: खाद्य विभाग ने कलेक्टरों को जारी किया आदेश**

# गरीबों को पांच साल तक नि:शुल्क चावल देगी साय सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गरीब परिवारों के हित में बड़ा फैसला लिया है। छत्तीसगढ़ के गरीब परिवारों को नए साल से आगामी पांच साल तक उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से निःशुल्क चावल मिलेगा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा इस संबंध में सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत अन्त्योदय एवं प्राथमिकता श्रेणी के राशनकार्डों पर आगामी 5 वर्ष जनवरी 2024 से दिसंबर 2028 तक मासिक पात्रता का चावल निःशुल्क वितरण किए जाने की तर्ज पर ही छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के तहत अन्त्योदय, प्राथमिकता, निःशक्तजन और एकल निराश्रित श्रेणी के राशनकार्डधारियों को आगामी पांच वर्ष निःशुल्क चावल वितरण कराने के निर्देश दिए हैं।





### पत्र किया जारी

इस संबंध में मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर स्थित खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा पत्र जारी कर सभी कलेक्टरों और संबंधित अधिकारियों को पात्रतानुसार निःशुल्क चावल वितरण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### पौने 68 लाख हितग्राहियों को मिलेगा लाभ

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्त्योदय श्रेणी के 14 लाख 92 हजार 438, प्राथमिकता श्रेणी के 52 लाख 46 हजार 656, एकल निराश्रित श्रेणी के 37 हजार 708 और निःशक्तजन श्रेणी के 15 हजार 351 राशनकार्डधारियों जनवरी 2024 से आगामी पांच वर्ष तक निशुल्क चावल वितरण से लाभांवित होंगे। इस फैसले से प्रदेश के अन्त्योदय, प्राथमिकता, निःशक्तजन और एकल निराश्रित श्रेणी के 67 लाख 92 हजार 153 पात्र राशनकार्डधारियों को पात्रतानुसार शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से निःशुल्क चावल मिलेगा।


अरुणाचल में दुनिया की सबसे ऊंचाई पर स्थित है यह सबसे लंबी सुरंग

# सेला टनल बनकर तैयार, नए साल में मिलेगा तोहफा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नए वर्ष में देशवासी एक बार फिर से ऐतिहासिक क्षण के गवाह बनने जा रहे हैं। बहुप्रतीक्षित और दुनिया की सबसे ऊंचाई पर बन रही सबसे लंबी सुरंग (13000 फीट) का काम लगभग पूरा हो गया है। डबल लेन वाली यह ऑल वेदर टनल अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामिंग और तवांग जिले को जोड़ेगा। एलएसी तक पहुंचने वाला यह एकमात्र रास्ता है। माइनस 20 डिग्री के तापमान में रात-दिन इसका काम जारी है। बॉर्डर रोड आर्गेनाजेशन (बीआरओ) की देखरेख में बन रही यह सुरंग पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक का उदाहरण है। यह सुरक्षा टनल सुरक्षा के अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखकर बनी है। इसके बनने से जहां प्रदेश के लोगों की राह आसान होगी वहीं भारतीय सेना की तवांग सेक्टर में ताकत बढ़ेगी और वह तीव्र गति से अग्रिम मोर्चे तक पहुंच सकेगी। माना जा रहा नए वर्ष में इसे अगले महीने प्रधानमंत्री देशवासियों को समर्पित कर सकते हैं।

■ बीआरओ की देखरेख में बन रही यह सुरंग पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक का उदाहरण




**कुल टनल प्रोजेक्ट की लंबाई है 11.84 किलोमीटर :** टनल प्रोजेक्ट की कुल लंबाई 11.84 किलोमीटर है। इसमें टनल और सड़कें शामिल हैं। पश्चिम कमिंग जिले (बैसाखी) की तरफ 7.2 किलोमीटर चलने के बाद हम टनल-1 में प्रवेश करते हैं। इसकी लंबाई करीब 1 किलोमीटर है। इसके बाद एक सड़क आती है, जिसकी लंबाई 1.2 किलोमटर है। इसके बाद आती है टनल-2 की जिसकी लंबाई 1.591 किलोमीटर है। टनल से निकलने के बाद तीसरी सड़क है, जो नूरानंग की तरफ निकलती है, इसकी लंबाई है 770 मीटर की है।

**रणनीतिक महत्व**

- सेला दर्रा (पास) 317 किलोमीटर लंबी बालीपारा-चाहरद्वार-तवांग सड़क पर है।

  यह अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग को तवांग को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाला एकमात्र सड़क है।
- तवांग सेक्टर में एलएसी तक पहुंचने का एक मात्र रास्ता।
- हर मौसम में रहेगा खुला। भारतीय सेना और आमजन को होगी सहूलियत
- सेना तीव्र गति से पहुंचेगी अग्रिम चौकियों तक, चीन को दे सकेंगे माकूल जवाब




शिमला। हिमाचल प्रदेश स्थित संजौली-ढल्ली टनल का सोमवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने इसका उद्घाटन किया। 154.22 मीटर लंबी यह सुरंग 47.36 करोड़ की लागत से बनी है।

**खबर संक्षेप**

## 52000 मामलों का निपटारा अभूतपूर्व



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में क्रिसमस के मौके पर समारोह का आयोजन किया गया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने इस दौरान, अदालतों में लंबित लाखों मुकदमों का जिक्र करते हुए बताया, पिछले साल सुप्रीम कोर्ट में 52000 मामलों को निपटारा किया गया जो अभूतपूर्व रिकॉर्ड है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्यों के लिए कमरों का एक नया सेट बनाया जाएगा। जिनके वकीलों के पास वर्तमान में कक्ष नहीं हैं, उनके लिए हमने सुप्रीम कोर्ट की सबसे निकटवर्ती जमीन का अधिग्रहण किया है।

## पीएम मोदी पर टिप्पणी पूर्व सांसद पर केस



**अहमदाबाद।** गुजरात के अमरेली जिले में एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में पूर्व कांग्रेस सांसद वीरजी थुम्मर के खिलाफ गैर संज्ञेय अपराध दर्ज किया गया है। अमरेली जिले के भाजपा इकाई के महासचिव मेहुल धोराजिया ने थम्मुर पर कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी को दलाल कहने का आरोप लगाया है। उन्होंने अमरेली पुलिस स्टेशन में शनिवार को शिकायत दर्ज कराई थी।

## जगन्नाथ मंदिर के लिए विशेष सुरक्षा बटालियन



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर करने और भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए एक समर्पित विशेष सुरक्षा बटालियन के गठन के प्रस्ताव को सोमवार को मंजूरी दे दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि श्री जगन्नाथ मंदिर में सुरक्षा, श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधा और भीड़ प्रबंधन उपाय प्रदान करने के लिए इसकी आवश्यकता जताई गई थी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि जहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या लगभग पचास हजार होने का अनुमान है।

लश्कर के आतंकी अब्दुल्ला शाहीन को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर


# हाफिज के खास एक और आतंकवादी जेहादी गुरु की पाक में 'सरेआम हत्या'

*पाकिस्तान में एक और आतंकवादी की संदिग्ध हालत में सोमवार को मौत हो गई है। इसे हत्या भी कहा जा रहा है। बताया जा रहा है कि लश्कर के आतंकवादी अब्दुल्ला शाहीन को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। यह घटना कसूर इलाके में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि 'अज्ञात पुरुषों' का एक समूह वाहन चला रहा था, जिसने शाहीन को टक्कर मार दी थी। घटना अचानक घटी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही तत्काल मौत हो गई।*

**पाकिस्तान में धड़ाधड़ मारे जा रहे आतंकियों से खौफ में दहशतगर्द**

**हाफिज सईद सहित कई संगठन प्रमुख भूमिगत**

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



चरमपंथी हलकों में, अब्दुल्ला शाहीन ने लश्कर-ए-तैयबा में अपनी प्रभावशाली भूमिका के कारण 'जिहादी गुरु' का नाम हासिल किया था। नए लोगों को भर्ती करने के नाते, वह व्यक्तियों को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें आतंकवादी संगठन में शामिल करने के लिए जिम्मेदार था। उसकी मृत्यु उन लोगों के लिए एक युग के अंत का प्रतीक है जो उसकी कट्टरपंथी विचारधाराओं का पालन करते थे। घटना में एक अज्ञात वाहन का इस्तेमाल बाहरी ताकतों या प्रतिद्वंद्वी गुटों की संभावित भागीदारी के बारे में सवाल उठाता है। अब्दुल्ला शाहीन की टारगेट किलिंग के पीछे कई कारण हो सकते हैं। हालांकि, यह राहतभरी बात है कि चरमपंथी माहौल के भीतर प्रतिद्वंद्वी गुटों ने लश्कर-ए-तैयबा में एक प्रमुख शख्स को मौत के घाट उतार दिया। इसके अतिरिक्त, यह भी हो सकता है कि ख़ुफ़िया एजेंसियों ने क्षेत्र में आतंकवादी नेटवर्क को नष्ट करने के अपने प्रयासों के तहत हमले को अंजाम देने में भूमिका निभाई हो।

**हाफिज, अजहर, रहमान और सलाहुद्दीन अंडरग्राउंड**

इंटेल एजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान में धड़ाधड़ गिरते दहशतगर्दों से विभिन्न संगठनों के प्रमुख दहशत में आ गए हैं। बताया जा रहा है कि वे सभी प्रमुख, अब भूमिगत हो चुके हैं। इनमें हाफिज सईद, सैयद सलाहुद्दीन, मसूद अजहर, अब्दुल रहमान मक्की और जफर इकबाल आदि शामिल हैं। खास बात है कि इन सभी को पाकिस्तान में सुरक्षा प्रदान की गई है। बता दें कि पाकिस्तान में इस साल 'जैश-ए-मोहम्मद' 'डी कंपनी', 'लश्कर ए तैयबा', हिजबुल मुजाहिदीन, लश्कर-ए-जब्बर और लश्कर-आई-जांगवी सहित कई आतंकी संगठनों से जुड़े कई दहशतगर्द मारे जा चुके हैं। बीते दिनों ही 'लश्कर-ए-तैयबा' (एलईटी) का 'ए' ग्रेड दहशतगर्द हबीबुल्लाह उर्फ भोला खान को अज्ञात हमलावरों ने अपनी गोली का निशाना बनाया था। उसे वैश्विक आतंकी और एलईटी प्रमुख हाफिज सईद का करीबी रिश्तेदार बताया जाता है। लश्कर-ए-तैयबा संगठन के लिए धन एकत्रित करने वाले हाजी उलमर गुल को अज्ञात हमलावरों ने टैंक (पाकिस्तान) में उसके दो सहयोगियों के साथ गोली मार दी थी।

**इसलिए हो रहा आतंकियों का खात्मा**

सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान में लगातार मारे जा रहे आतंकियों के पीछे की कहानी कुछ और ही है। मौजूदा वक्त में पाकिस्तान, गहरे आर्थिक संकट से गुजर रहा है। ऐसे में वह अब उन आतंकी संगठनों का खर्च वहन नहीं कर सकता, जिनका वह दशकों से इस्तेमाल करता आ रहा था। 'ग्रे' सूची से बाहर रहने और पुराने आतंकियों पर हो रहे खर्च से बचने के लिए अब वहां पर आतंकियों का खात्मा किया जा रहा है।

बिहार के सीएम नीतीश ने विवाद की खबरों को किया खारिज

# इंडिया गठबंधन से कोई नाराजगी नहीं, मुझे पद की लालसा भी नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेताओं में से एक बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने इंडिया गठबंधन से नाराजगी की खबरों को अफवाह करार देते हुए खारिज कर दिया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि मुझे गठबंधन से कुछ नहीं चाहिए, मुझे पद की कोई लालसा नहीं है और मैं किसी से किसी बात को लेकर नाराज नहीं हूं। बता दें, दिल्ली में 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक हुई थी। ममता बनर्जी ने पीएम पद के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम सुझाया था। इसके बाद से नीतीश की नाराजगी की बातें सामने आ रही थीं। नीतीश ने बिहार में महागठबंधन सरकार को लेकर कहा कि यहां भी सब ठीक है। हम सब मिलकर काम कर रहे हैं।

**जदयू ने उठाई थी आपत्ति**

19 दिसंबर को दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक हुई थी। इस बैठक में ममता ने पीएम उम्मीदवार के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम सुझाया था। इसके बाद जदयू के मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा- आखिर ममता बनर्जी ने 'इंडिया' की दिल्ली बैठक में प्रधानमंत्री पद के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम क्यों प्रस्तावित किया? यह एकजुटता के बिल्कुल खिलाफ बात है।

**राहुल ने की थी नीतीश से बात**

*नाराजगी पिछले दिनों कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नीतीश कुमार से बात की। सूत्रों के अनुसार दोनों के बीच सीट बंटवारे सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। जदयू सूत्रों ने बताया, राहुल ने विपक्षी एकजुटता के लिए नीतीश को अहम बताया था। पीएम पद पर कांग्रेस का रुख स्पष्ट किया था।*

दिल्ली हाईकोर्ट का अहम आदेश, दूसरे राज्यों के आय प्रमाण पत्र को देनी होगी मान्यता

# ईडब्लूएस छात्रों का एडमिशन नहीं रोक सकते केंद्रीय विद्यालय




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र के अधीन आने वाले केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) को एडमिशन प्रोसेस से जुड़ा एक आदेश दिया है। जिसमें कहा गया है कि वह आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस) के तहत आने वाले बच्चे को सिर्फ इसलिए एडमिशन देने से इनकार नहीं कर सकते कि उसके पास आय प्रमाण पत्र किसी अन्य राज्य से प्राप्त किया गया है।

जस्टिस अनूप जयराम भंभानी ने कहा कि केंद्र सरकार ने नोटिफिकेशन जारी किया है कि सभी डॉक्यूमेंट राज्य सरकारों द्वारा वेरिफ़ाई किए गए हों और उसपर हस्ताक्षर तहसीलदार से नीचे तक के अधिकारी के हों। जस्टिस अनूप जयराम भंभानी ने केंद्र सरकार के नोटिफिकेशन का जिक्र करते हुए कहा, "इसका मतलब यह कि कि ईडब्लूएस कैटेगरी के तहत देश में कहीं भी केवी स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को उस राज्य सरकार से जारी प्रमाण पत्र पेश करने की जरूरत नहीं है जहां वह एडमिशन ले रहा है। लेकिन जो भी डॉक्यूमेंट वह पेश कर रहा है किसी अधिकारी से उसका सत्यापन होना जरूरी है।"

**ये है मामला**

हाईकोर्ट ने कहा यह फैसला एक याचिका पर सुनवाई के बाद दिया है। दरअसल उत्तर प्रदेश से आने वाले एक बच्चे का एडमिशन दिल्ली केवीएस ने इसलिए नकार दिया था कि उसके पास ईडब्लूएस प्रमाण पत्र दिल्ली का नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश का है। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ के मूल निवासी याचिकाकर्ता ने शुरू में अपने बेटे के लिए ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत कक्षा 1 में प्रवेश की मांग की थी। उन्होंने कहा कि वह नौकरी हासिल करने के लिए दिल्ली चले आए और चाहते थे कि उनके बेटे को राष्ट्रीय राजधानी के केंद्रीय विद्यालय में दाखिला मिले। चूंकि मुकदमेबाजी के दौरान काफी समय बर्बाद हुआ, इसलिए अदालत ने उसे कक्षा 3 में प्रवेश देने का आदेश दिया है। उस बच्चे का ईडब्लूएस प्रमाण पत्र आजमगढ़ के एक तहसीलदार ने जारी किया था। हालांकि केवीएस के वकील ने तर्क दिया कि याचिकाकर्ता के बेटे को न केवल इस आधार पर प्रवेश देने से इनकार कर दिया गया कि उस व्यक्ति ने उत्तर प्रदेश से आय प्रमाण पत्र/ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र पेश किया था बल्कि उसके डॉक्यूमेंट में और भी कमियां थीं।

# ईरान ने नकारा तेल टैंकर पर ड्रोन हमले का आरोप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हिंद महासागर में शनिवार को मालवाहक जहाज पर ड्रोन के हमले के बाद से भारतीय नौसेना सतर्क हो गई है। अमेरिका ने इस हमले का आरोपी ईरान पर लगाया है।



इसी बीच, सोमवार को ईरान ने अमेरिका के गंभीर आरोपों को खारिज कर दिया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका के लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं। बता दें 23 दिसंबर को गुजरात तट के पास अरब सागर में एक रासायनिक टैंकर पर हमला किया था। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की प्रतिक्रिया उस वक्त सामने आई जब अमेरिका ने रासायनिक टैंकर का आरोपी ईरान को ठहराया था।

प्रियंका ने कहा बृजभूषण को बचाने फैलाया जा रहा भ्रम

# कुश्ती महासंघ को भंग करने को लेकर झूठी खबर फैला रही सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को भंग करने की झूठी खबर प्रसारित कर रही है ताकि भ्रम फैलाकर यौन शोषण के आरोपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह को बचाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि कुश्ती महासंघ की गतिविधियां सिर्फ रोकी गई हैं ताकि भ्रम फैलाया जा सके। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "भाजपा सरकार कुश्ती संघ को भंग करने की झूठी खबर फैला रही है। कुश्ती संघ को भंग नहीं किया गया है, सिर्फ उसकी गतिविधियों को रोका गया है ताकि भ्रम फैलाकर आरोपी को बचाया जा सके। एक पीड़ित महिला की आवाज दबाने के लिए इस स्तर पर जाना पड़ रहा है?

**यह है मामला**

खेल मंत्रालय ने गत रविवार को भारतीय कुश्ती महासंघ को अगले आदेश तक निलंबित कर दिया क्योंकि नवनिर्वाचित संस्था ने उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया और पहलवानों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय दिए बिना अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की 'जल्दबाजी में घोषणा' कर दी। मंत्रालय ने भी कहा कि नई संस्था 'पूरी तरह से पूर्व पदाधिकारियों के नियंत्रण' में काम कर रही थी।

वीडियो हो रहा वायरल

# बाइडेन के विमान के ऊपर मंडराता दिखा यूएफओ!

एजेंसी ▶▶ लास एंजेलिस



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन दिसंबर के दूसरे हफ्ते में चुनाव अभियान के लिए लॉस एंजेलिस गए। इस दौरान उनके एयरफोर्स वन विमान के ऊपर यूएफओ मंडराते हुए देखा गया। इस घटना के बाद कुछ लोगों ने यहां तक कह दिया कि बाइडेन के पीछे एलियंस पड़ गए हैं। बाइडेन 10 दिसंबर को लॉस एंजेलिस गए थे। उनका विमान जब शहर के एयरपोर्ट की ओर बढ़ रहा था, तो उस वक्त उसके ऊपर गोलाकार सफेद या चांदी की कोई चीज मंडराते हुई देखी गई। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, लोगों ने इसे एयरपोर्ट से ही देखा. शुरू में तो कुछ लोगों ने कहा कि ये सिर्फ एक सफेद गुब्बारा है, लेकिन जल्द ही लोग ये भी कहने लगे कि शायद ये किसी एलियंस का विमान है, जो जीवन की तलाश में पृथ्वी पर आया है।

## कैमरे में रिकॉर्ड हुई पूरी घटना

दरअसल, विमानों में दिलचस्पी रखने वाले दो लोग जोशुआ और पीटर सोलरजानो 10 दिसंबर के दिन लॉस एंजलिस एयरपोर्ट पर शूट कर रहे थे। उनका मकसद था कि वह अपने कैमरे में एयरफोर्स वन को कैद करें. सबसे पहले तो उन्होंने दो एफ-35 फाइटर जेट्स को हवा में पेट्रोलिंग करते हुए रिकॉर्ड किया, जो राष्ट्रपति के लैंड करने के पहले सुरक्षा की जांच करने के लिए मंडरा रहे थे। दोनों ने एफ-35 फाइटर जेट्स को हवा में ही केसी-10 टैंकर से ईंधन भरते हुए भी रिकॉर्ड किया।

# भक्तों के लिए सुनिश्चित करें भोजन-पानी: हाईकोर्ट

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने सोमवार को एक विशेष बैठक की और त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड को वार्षिक तीर्थयात्रा के लिए सबरीमाला में भगवान अयप्पा मंदिर के रास्ते में आने वाले श्रद्धालुओं को 'एडाथावलम' में पानी, नाश्ता और अन्य सुविधाएं प्रदान करने का निर्देश जारी किया। न्यायमूर्ति अनिल के नरेंद्रन और न्यायमूर्ति जी गिरीश की पीठ ने उन खबरों पर संज्ञान लेते हुए विशेष बैठक की, जिनमें बच्चों सहित श्रद्धालु सबरीमला की सड़कों पर 12 घंटे तक बिना भोजन या पानी के फंसे रहे। मामले से जुड़े एक वकील ने बताया कि पीठ ने त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि तीर्थयात्रियों के लिए अल्पकालिक विश्राम स्थल 'एडाथावलम' में पानी, नाश्ता और अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। वकील ने कहा कि अदालत ने राज्य के पुलिस प्रमुख को मंदिर में और उसके आसपास भीड़ नियंत्रण अभियानों की समग्र निगरानी करने और यदि आवश्यक हो तो अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात करने का भी निर्देश दिया। खबरों में यह भी कहा गया था कि सबरीमाला में भारी भीड़ के कारण तीर्थयात्रियों के वाहनों को विभिन्न स्थानों पर सड़कों पर घंटों तक रोक दिया गया। पड़ोसी राज्यों तमिलनाडु और कर्नाटक के श्रद्धालुओं को टीवी चैनलों पर यह कहते हुए देखा गया कि उन्हें भोजन और पानी की व्यवस्था किए बिना सबरीमाला के मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर रोक दिया गया है। यहां तक कि सबरीमाला के सन्निधानम में भी भक्तों को शिकायत करते देखा गया कि वे कई घंटों से कतारों में फंसे हुए हैं।





हर साल की तरह इस साल भी वर्ष 2023 को बिदा होने में तथा नए साल 2024 को आने में कुछ समय बचा है। क्रिसमस का जश्न मनाने के लिए लोकप्रिय चीजों में लाल टोपी और ट्री के अलावा एडवेंट कैलेंडर भी शामिल है। यह एक ऐसा विशेष कैलेंडर होता है, जो दिसंबर महीने की शुरुआत से क्रिसमस तक की गणना करता है।

# दुनिया का सबसे महंगा एडवेंट कैलेंडर, कुछ तो खास होगा तब है 83 करोड़ कीमत

**नई दिल्ली।** वैसे तो बाजारों में यह कैलेंडर 100 रुपये के आसपास मिल जाता है, लेकिन स्विट्जरलैंड में एक परिवार के लिए कलाकार डेबी विंगम ने कस्टम एडवेंट कैलेंडर बनाया था, जिसकी कीमत लगभग 83 करोड़ रुपये है।

**इसलिए खास है यह करोड़ों का एडवेंट कैलेंडर :** सामान्य एडवेंट कैलेंडर में छोटे-छोटे कार्डबोर्ड से बने दरवाजों के पीछे चॉकलेट और अन्य चीजें रखी जाती हैं, लेकिन कलाकार डेबी ने जो कैलेंडर बनाया है। वह बेहद खास और अनोखा है। उनके कैलेंडर में कई लग्जरी चीजों को रखा गया है।



### उपहार में विदेशों की यात्रा की टिकट भी

जानकारी के मुताबिक, डेबी ने कैलेंडर में परिवार के हर एक सदस्य के लिए उपहार रखें, जिसमें यात्राओं की टिकट भी शामिल है। जब परिवार को कैलेंडर में रखी गई सभी लग्जरी चीजों के बारे में बताया गया था, तभी यात्रा स्थलों की भी घोषणा की गई थी। यह किसी भी परिवार के लिए बेहद खुशी का अवसर है कि उनके एडवेंट कैलेंडर में उपहार के रूप में पेरिस, दुबई, न्यूयॉर्क और डिज्नीलैंड जैसी जगहों की यात्राएं करना शामिल है।



### कैलेंडर में हैं हीरों से जड़े ये सामान

यात्रा के टिकट के अलावा इस अनोखे एडवेंट कैलेंडर में एक पेरिस शनेल पर्स भी है, जिसमें हीरे जड़े हुए हैं। इसके साथ ही एक बेहद खूबसूरत किराग भी है, जिसमें हीरे और अन्य रत्न जड़े हुए हैं। इतनी सारी महंगी चीजों के अलावा एडवेंट कैलेंडर, जिस कलाकृति से सजी है, उसकी कीमत ही लगभग 2 करोड़ रुपये से ज्यादा की है। इस बात से आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह कैलेंडर कितना खास और अनोखा है।

नए साल पर दुनियाभर में निभाई जाने वाली अनोखी परंपराएं

# कहीं खाते हैं 12 अंगूर तो कहीं पड़ोसी के घर फेंकते हैं फूटे बर्तन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कुछ ही दिनों बाद 2023 का यह साल खत्म हो जाएगा और 2024 आ जाएगा। इस मौके पर लोग पार्टी करके बड़े ही धूमधाम के साथ नए साल का स्वागत करते हैं। हालांकि, सभी देशों में ऐसा नहीं होता। अलग-अलग जगहों पर नए साल से जुड़ी अलग-अलग और अनोखी परंपराएं निभाई जाती हैं, जिनके बारे में आप शायद ही जानते हो। आइये आज दुनियाभर में मनाई जाने वाली 5 अजीबोगरीब नए साल की परंपराओं के बारे में जानते हैं।

### स्पेन

स्पेन में नए साल पर एक साथ 12 अंगूर खाने की परंपरा है। माना जाता है कि इस दिन जो लोग एक बार में 12 अंगूर खायेंगे, उन्हें पूरे साल खुशियां मिलती रहेंगी।



### स्कॉटलैंड

स्कॉटलैंड में लोग ये उम्मीद करते हैं कि नए साल पर उनके घर में जो भी पहला मेहमान आए, वो लंबा और सुंदर हो। आपको यह अजीब लग सकता है, लेकिन स्कॉटलैंड में लंबे और सुंदर पुरुषों को काफी लकी यानी खुशकिस्मत माना जाता है। यही वजह है कि यहां के लोग चाहते हैं कि उनके घर पर नए साल पर सबसे पहला मेहमान ऐसा आए, जिसमें वे खूबियां हो, ताकि उनका पूरा साल उनके लिए भाग्यशाली रहे।

### ब्राजील

ब्राजील में नए साल का जश्न समुद्र में सफेद फूल फेंककर मनाया जाता है। यही नहीं, कुछ लोग तो इस मौके पर समुद्र में अपना परफ्यूम, ज्वेलरी, कंघी और लिपस्टिक भी फेंकते हैं। यहां के लोगों का मानना है कि ऐसा करके वे समुद्र की देवी 'येमानजा' को नए साल पर भेंट चढ़ाते हैं। इसके साथ ही यह उम्मीद करते हैं कि नए साल पर देवी उनकी कामनाओं को पूरा करेंगी।



### डेनमार्क

डेनमार्क में नए साल पर ऐसी परंपरा का पालन किया जाता है, जिसे सुनकर आपको यकीन नहीं होगा, लेकिन यहां पर यह आम बात है। यहां पर नए साल की रात में लोग अपने पड़ोसी और दोस्तों के दरवाजों के बाहर पुरानी और टूटी हुई प्लेट या चम्मच फेंक देते हैं। ऐसा माना जाता है कि नए साल की सुबह आपके दरवाजे पर जितने ज्यादा टूटे हुए बर्तन मिलेंगे, उस साल आपका भाग्य उतना ही अच्छा रहेगा।

### दक्षिण अमेरिका

दक्षिण अमेरिका में भी लोग बिल्कुल अलग तरीके से नए साल का जश्न मनाते हैं, जिसके बारे में जानकर आपको हैरानी होगी। यहां लोग नए साल पर रंगीन अंडरवियर पहनते हैं। इसका मतलब है कि अगर कोई व्यक्ति अपने जीवन में प्यार चाहता है तो वह लाल रंग का अंडरवियर पहनेगा, वहीं अगर किसी को शांति चाहिए तो वह सफेद अंडरवियर पहनेगा। ये दर्शाता है कि जो व्यक्ति जिस रंग की अंडरवियर पहनेगा उसका पूरा साल उसी तरह से जाएगा।

पुराने मंत्रिमंडल की 'छाया' से बाहर निकलने की कोशिश

पुराने मंत्रियों में तीन को सिंधिया कोटे से जगह

# शिवराज सरकार के 6 मंत्रियों को ही मिली जगह, 10 को घर बैठाया

### गोपाल भार्गव को उम्र दराज होने का नुकसान

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

नए मंत्रिमंडल को शिवराज सिंह के नेतृत्व वाली पूर्व सरकार की छाया से बाहर निकालने की भी कोशिश की गई दिखती है। संभवतः इसीलिए पूर्ववर्ती सरकार के सिर्फ 6 सदस्यों को ही मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है। इनमें भी तीन केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक हैं। 10 मंत्रियों को घर बैठा दिया गया है। इनमें गोपाल भार्गव को संभवतः 70 प्लस होने के कारण नहीं लिया गया और भूपेंद्र सिंह को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का खास माना जाता है, इसलिए वे संभवतः नहीं लिए जा सके।

**बुंदेलखंड के ये तीन मंत्री नहीं पा सके जगहः** बुंदेलखंड के तीन मंत्रियों गोपाल भार्गव, भूपेंद्र सिंह और बृजेंद्र प्रताप सिंह को इस बार सरकार में शामिल नहीं किया गया है। गोपाल सबसे अनुभवी और लगातार 9 बार से चुनाव जीत रहे थे।

### शिवराज के खास माने जाने वाले भूपेंद्र भी नहीं



गोपाल भार्गव | भूपेंद्र सिंह | बृजेंद्र प्रताप सिंह | बिसाहूलाल सिंह | मीना सिंह

ओम प्रकाश सकलेचा | हरदीप सिंह डंग | ऊषा ठाकुर | प्रभुराम चौधरी | बृजेंद्र यादव

### विंध्य की मीना और बिसाहूलाल को भी जगह नहीं

विंध्य अंचल से मंत्री रहे आदिवासी विधायक बिसाहूलाल सिंह एवं मीना सिंह को इस बार मंत्री नहीं बनाया गया। बिसाहूलाल वरिष्ठ आदिवासी नेता हैं और कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए थे। संभवतः ज्यादा उम्र के कारण इनके नाम पर भी विचार नहीं हुआ। मीना सिंह क्षेत्र में परफॉरमेंस में फेल बताई जा रही हैं।

### मालवा के ये तीन विधायक नहीं बन सके मंत्री

मालवा अंचल से पिछली सरकार में मंत्री रहे ओम प्रकाश सकलेचा, हरदीप सिंह डंग और ऊषा ठाकुर के नामों पर विचार नहीं किया गया। कैलाश विजयवर्गीय के कारण ऊषा ठाकुर रह गईं। हालांकि, वे संघ की पसंद थीं। सकलेचा भी संघ की पसंद होने के बावूजद रह गए। बताया गया है कि परफॉरमेंस अच्छा न होने के कारण इस बार डंग को मंत्री नहीं बनाया गया ।

## 'मातृ-शक्ति' का मंत्रिमंडल में अच्छा-खासा प्रतिनिधित्व

पिछड़ा, एससी वर्ग से एक-एक महिला को जगह

# पांच महिलाओं को जगह, इनमें सामान्य वर्ग की 'एक' भी नहीं

### आदिवासी वर्ग से सर्वाधिक 3 महिलाएं बनी मंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंत्रिमंडल में पांच महिलाओं को जगह दी गई है। शपथ लेने वाली इन महिलाओं में पिछड़ा एवं अनुसूचित जाति वर्ग से एक- एक और आदिवासी वर्ग से सर्वाधिक 3 महिलाएं शामिल हैं। समान्य वर्ग की एक भी महिला को मंत्री नहीं बनाया गया है। मंत्रिमंडल में शामिल की गईं कृष्णा गौर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर की बहू हैं और रिकॉर्ड वोटों के अंतर से चुनाव जीती हैं। पिछड़ा वर्ग कोटे से उन्हें राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार की शपथ दिलाई गई है। कृष्णा दूसरी बार की विधायक हैं। प्रतिमा बागरी अनुसूचित जाति वर्ग की युवा महिला हैं। वे सतना जिले की रैगांव सीट से पहली बार चुनकर आई हैं, जिन्हें राज्य मंत्री बनाया गया है।



कृष्णा गौर | प्रतिमा बागरी | राधा सिंह | संपतिया उइके | निर्मला भूरिया

### आदिवासी वर्ग से इन महिलाओं को जगह

आदिवासी वर्ग की तीन महिलाएं मंत्री बनाई गई हैं। इनमें कैबिनेट मंत्री बनी निर्मला भूरिया आदिवासी नेता रहे स्व. दिलीप सिंह भूरिया की बेटी हैं। वे पहले भी मंत्री रह चुकी हैं। राज्य मंत्री बनाई गईं राधा सिंह भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे स्व. जगन्नाथ सिंह की बहू हैं। पारिवारक बैकग्राउंड की वजह से मंत्रिमंडल में जगह मिली। मंडला, डिंडोरी अंचल में अब तक भाजपा से फग्गन सिंह कुलस्ते और ओम प्रकाश धुर्वे को अवसर दिया जाता रहा है। कुलस्ते केंद्रीय मंत्री हैं और चुनाव हार गए हैं। धुर्वे के स्थान पर संपतिया उइके को कैबिनेट मंत्री की शपथ दिलाई गई। इनमें से एक महाकौशल, एक निमाड़ और एक विंध्य अंचल से हैं।

# इस देश में लगता है टैटू बनवाने और बालियां पहनने तक पर टैक्स

**नई दिल्ली।** टैक्स आज की सरकारें ही नहीं बल्कि पुराने ज़माने के राजा भी लिया करते थे। इंग्लैंड के हेनरी की बेटी एलिज़ाबेथ 1 और रूस के पीटर द ग्रेट ने दाढ़ी पर टैक्स लगाया था। वहीं पीटर द ग्रेट ने तो आत्मा पर भी टैक्स वसूलने की व्यवस्था कर ली थी। आज हम आपको दुनिया में लिए गए या लिए जा रहे ऐसे टैक्स के बारे में बताएँगे, जिनके बारे में जानकर आपके होश उड़ जाएँगे।**मिश्र में लगता था लेबर टैक्स :** मिश्र में टैक्स का मतलब लेबर यानी मेहनत था। कई लाख लोगों का कहना था कि उन्होंने पिरामिड के लिए मेहनत की है। उस समय यह भी अफ़वाह उड़ी थी कि फैराओह ने पिरामिड बनाने के काम की अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए अपनी बेटी को वेश्यावृत्ति के काम में लगाया था। उसकी बेटी अपनी फ़ीस के तौर पर पिरामिड के लिए अपने हर ग्राहक से पत्थर का एक ब्लॉक अधिक लेती थी।



## राशिफल

**मेष** मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता

# इलेक्ट्रो होम्योपैथी में अब एक से चार साल का डिप्लोमा, प्रवेश और परीक्षा के लिए बने नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ सरकार ने ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी साइंस एवं रिसर्च, प्रवेश एवं परीक्षा 2023 नियम राजपत्र में प्रकाशित किए हैं। इन नियमों पर अनापत्ति का समय पूरा होने के बाद इन्हें लागू किया जाएगा। राजपत्र में इस संबंध में कहा गया है कि इसका विस्तार संपूर्ण देश में होगा।

### प्रवेश के लिए ये होगी योग्यता

नियमित, पत्राचार के छात्र छात्राओं को प्रवेश के लिए कोर्स अनुसार निर्धारित 8वीं, 10 वीं, 12वीं अथवा अन्य अंकसूची की स्व प्रमाणित छाया प्रति जमा करानी होगी। आधार, निवास प्रमाणपत्र और शपथपत्र के साथ निर्धारित शुल्क ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी साइंस एवं रिसर्च के नाम पर देना होगा। हर विषय की परीक्षा 100 अंको की होगी। 40 प्रतिशत अंक पाने पर उत्तीण माना जाएगा। 40 प्रतिशत अंक से कम किसी एक विषय में प्राप्त होने पर कृपांक दिया जा सकेगा जो अधिकतम 10 अंकों का होगा।

### 100 अंकों की होगी हर विषय की परीक्षा



### प्रमाणपत्र से लेकर मास्टर डिप्लोमा

परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षार्थियों की योग्यता इस प्रकार तय की गई है। प्रमाणपत्र कोर्स के लिए 10वीं या 12वीं पास होना चाहिए। डिप्लोम कोर्स के लिए 10वीं या 12वीं पास या फेल होना चाहिए। डीईएमएस के लिए 10वीं या 12वीं पास, बीईएमएस के लिए 12वीं पास, मास्टर डिप्लोमा के लिए बैचलर उसी पद्धिति से पास होना चाहिए।

### छत्तीसगढ़ी भाषा में भी परीक्षा


खास बात ये है कि परीक्षा के लिए हिंदी या अंग्रेजी या राज्य की स्थानीय भाषा में काउंसिल के नियमानुसार परीक्षा ली जाएगी। छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी भाषा में अध्यनरत भाषा में छात्र छात्राओं की छत्तीसगढ़ी भाषा में परीक्षा ली जा सकेगी। परीक्षा नियमित, पत्राचार, ओपन, आनडिमांड होंगी। सभी परीक्षाएं उत्तर पुस्तिका आधारित, ऑनलाइन कंप्यूर आधारित, पत्राचार, अथवा गूगल मीट के माध्यम से ली जाएगी। काउंसिल द्वारा सभी उत्तीर्ण छात्रों का पंजीयन नियमानुसार किया जाएगा और प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। कांउसिल के इन नियमों के संबंध में सुझाव एवं आपत्ति राजपत्र में प्रकाशन दिनांक के 7 दिनों के भीतर ही स्वीकार एवं मान्य होंगे। यह अधिसूचना ऑल इंडिया कांउसिल ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी साइंस एवं रिसर्च के अध्यक्ष डीपी जोशी के हस्ताक्षर से जारी हुई है।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ की सिक्योरिटी कंपनी को रायपुर, दुर्ग, हेतु सुरक्षागार्ड 40 M/F सुपरवाइजर 10 पद वेतन 10,000/- से 15000/- फ्री आवास कैंटीन सुविधा संपर्क यश सिक्योरिटी सर्विसेस कुशालपुर चौक रायपुर छत्तीसगढ़ 8982225333, 8839618641, 8815170599, 9770196262 (रायपुर /07 /दिस. 31)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5376



**बाएँ से दाए-**
2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून,रुधिर-2
8.मशरुम,फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य,संयम-2
13.स्फूर्ति,चंचलता-4
15.ओस,निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन,रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना,नगमा-2
32.मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान,मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम,अकठोर-4
10.शराब,सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन,नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा,बेकार-4

**शब्द पहेली -5375 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5386

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5385 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |


## खबर संक्षेप



### हॉकी इंडिया महिला राष्ट्रीय शिविर के लिए खिलाड़ी घोषित

**बेंगलुरू।** ओलंपिक क्वालीफायर और हॉकी फाइव्स विश्व कप की तैयारी के लक्ष्य के साथ भारत की 34 खिलाड़ी गुरुवार से यहां सीनियर महिला हॉकी कोचिंग शिविर में हिस्सा लेंगी। स्पेन में पांच देशों के टूर्नामेंट में मेजबान के अलावा बेल्जियम, जर्मनी और आयरलैंड से भिड़ने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को ब्रेक मिला था और अब वे शिविर में हिस्सा लेंगी। ओलंपिक क्वालीफायर रांची में 13 से 19 जनवरी तक होने हैं जिसमें भारत को पूल बी में न्यूजीलैंड, इटली और अमेरिका के साथ रखा गया है। पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य को जगह मिली है। इसके बाद भारतीय टीम ओमान के मस्कट के लिए रवाना होगी जहां वे 24 से 27 जनवरी तक हॉकी फाइव्स विश्व कप में हिस्सा लेंगे।

### भारत ए और द.अफ्रीका ए का मैच का बारिश से धुला



**बेनोनी।** भारत ए और दक्षिण अफ्रीका के बीच यहां खेले जाने वाले दूसरे चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन का खेल बारिश के कारण नहीं हो पाया। बारिश और आउटफील्ड गीली होने के कारण पहले दिन टॉस भी नहीं हो पाया। अंपायरों ने खेल शुरू नहीं होने की स्थिति को देखते हुए दिन का खेल रद्द करने की घोषणा की। इन दोनों टीम के बीच पहला चार दिवसीय मैच ड्रॉ रहा था। भारतीय टीम ने उस मैच में दक्षिण अफ्रीका ए के 319 रन के जवाब में प्रदोष रंजन पाल के 163 रन की मदद से 417 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने मैच ड्रॉ घोषित किए जाने से पहले अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 152 रन बनाए थे।

### टेस्ट वार्नर ने अपनी जगह लेने हैरिस को चुना

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर खेल के सबसे लंबे प्रारूप को अलविदा कहने के बाद अपनी जगह पारी का आगाज करने की भूमिका में मार्कस हैरिस को टीम में देखना चाहते हैं।



वॉर्नर पहले ही कह चुके हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ चल रही तीन टेस्ट मैचों की मौजूदा श्रृंखला इस प्रारूप में उनकी आखिरी टेस्ट श्रृंखला होगी। वार्नर ने मंगलवार को कहा, '' यह कठिन है। यह स्पष्ट रूप से चयनकर्ताओं पर निर्भर है। अगर मेरी राय पूछी जाये तो मैं हैरिस का नाम लूंगा जो काफी समय से इसका दावेदार है और काफी समय से टीम के साथ रहा है। उसने कुछ दिन पहले शतक (विक्टोरिया एकादश और पाकिस्तान के बीच अभ्यास मैच) भी लगाया है।

### श्रृंखला जीतने भाग्य की थोड़ी जरूरत होगी: द्रविड़



**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा दौरे पर टेस्ट श्रृंखला को जीतने के लिए उनकी टीम को किस्मत की भी थोड़ी जरूरत होगी। भारतीय टीम ने 1992 में पहली बार दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था। टीम हालांकि पिछले 31 साल में उस देश में आठ टेस्ट श्रृंखला में से एक को भी जीतने में सफल नहीं रही है। इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देशों में सफलता का स्वाद चख चुकी भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका में 23 टेस्ट में सिर्फ चार जीत दर्ज की हैं। द्रविड़ ने कहा कि भाग्य का साथ भी हालांकि तभी मिल सकता है जब आप अपने कौशल का अच्छा इस्तेमाल कर यह सुनिश्चित करते हैं कि आप गेंद को सही क्षेत्र में डाल रहे हैं।

## टेस्ट क्रिकेट : कोहली ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में पूरे किए 2,101 रन

# विराट बने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने एक और उपलब्धि अपने नाम की। भारत की पहली पारी में 35 रन बनाते ही वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा 2,101 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया है। रोहित ने अब तक खेले 26 टेस्ट की 42 पारियों में 2,097 रन बनाए हैं।

### जो रूट हैं अभी शीर्ष पर

इस सूची में शीर्ष पर इंग्लैंड के जो रूट 47 मैच, 86 पारियां 3,987। दूसरे नंबर पर मार्नस लाबुशेन 3,641, तीसरे पर स्टीव स्मिथ 3,223, चौथे पर बेन स्टोक्स 2,710 और 5वें पर बाबर आजम 2,570 हैं। इस सूची में कोहली 10वें स्थान पर हैं। उनके अब 2,101 रन हो गए हैं।



### सेंचुरियन में विराट ने तोड़ा संगकारा का रिकॉर्ड

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में खेले जा रहे पहले टेस्ट में 18 रन बनाते ही भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने एक उपलब्धि अपने नाम की। कोहली अब सुपरस्पोर्ट पार्क में सबसे ज्यादा रन (244*) बनाने वाले मेहमान बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने श्रीलंकाई दिग्गज कुमार संगाकारा को पीछे छोड़ दिया है। संगाकारा ने इस मैदान पर 3 टेस्ट की 6 पारियों में 228 रन बनाए थे।

### कोहली के टेस्ट करियर पर एक नजर

कोहली ने अपना पहला टेस्ट मैच साल 2011 में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। उन्होंने अब तक 112 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 188 पारियों में 8,714 रन बनाने में कामयाब रहे हैं। कोहली की औसत टेस्ट क्रिकेट में 49.23 की रही है। उन्होंने क्रिकेट के सबसे बड़े फॉर्मेट में 29 शतक और 29 अर्धशतक लगाए हैं। उनका टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ स्कोर 254 रन रहा है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहली पारी में उन्होंने 38 रन बनाए।

## रबाडा ने रोहित को 13वीं बार किया आउट

भारतीय क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। टीम के कप्तान और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका की धरती पर फ्लॉप रहे। वह 14 गेंद में 5 रन बनाकर कगिसो रबाडा की गेंद पर कैच आउट हो गए। बता दें कि रोहित दक्षिण अफ्रीका में जब भी खेलते हैं उनके बल्ले से रन नहीं निकलते। वहीं कगिसो रबाडा ने रोहित का विकेट लेकर इतिहास रच दिया। रबाडा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रोहित को सर्वाधिक 13 बार आउट करने वाले गेंदबाज बन गए।

रोहित का दक्षिण अफ्रीका की सरजमीं पर रिकॉर्ड बेहद खराब है। उन्होंने वहां अपना पहला टेस्ट मैच साल 2013 में खेला था। उन्होंने अब तक 5 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 9 पारियों में 14.22 की बेहद



साधारण औसत के साथ सिर्फ 128 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से दक्षिण अफ्रीका में 1 भी शतक या अर्धशतक नहीं निकला है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर सिर्फ 47 रन रहा है।

### रबाडा के नाम 500 अंतरराष्ट्रीय विकेट



पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका टीम के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 विकेट हासिल कर एक कीर्तिमान अपने नाम जोड़ लिया। इसके साथ ही उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 500 विकेट भी पूरे हो गए। कहर बरपाती हुई गेंदबाजी करते हुए रबाडा ने भारत के खिलाफ टेस्ट पारी में पहली बार कम से कम 5 विकेट लेने का कारनामा किया है।

### बारिश ने जल्द खत्म कराया पहले दिन का खेल, भारत के 208/8 रन

*भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले के पहले दिन मंगलवार को यहां तीसरे सत्र में खराब रोशनी और बारिश के कारण खेल जल्दी समाप्त करना पड़ा। दिन का खेल समाप्त घोषित किए जाने के समय भारत ने 59 ओवर में आठ विकेट पर 208 रन बनाए थे। विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल 70 रन बनाकर क्रीज पर मोहम्मद सिराज (शून्य) के साथ मौजूद है। भारत के लिए विराट कोहली (38), श्रेयस अय्यर (31) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। दक्षिण अफ्रीका के लिए कैगिसो रबाडा ने पांच विकेट लिये।*

### अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित होंगे पहले दृष्टिबाधित क्रिकेटर रेड्डी



**नई दिल्ली।** बचपन में अजय कुमार रेड्डी सैनिक बनकर देश की सेवा करना चाहते थे। जब उन्हें पता चला कि दृष्टिबाधित लोग सेना में प्रवेश नहीं कर सकते तो उनका दिल टूट गया। कम उम्र में ही आंशिक रूप से दृष्टिबाधित हुए अजय ने हालांकि जल्द ही भारत की सेवा करने का एक और तरीका ढूंढ लिया: क्रिकेट खेलना और विश्व कप जीतना। उनके योगदान के लिए उन्हें अगले महीने अर्जुन पुरस्कार मिलेगा और वह दृष्टिबाधित क्रिकेट में यह सम्मान पाने वाले पहले खिलाड़ी बन जाएंगे। आंध्र प्रदेश के गुराजाला में जन्में भारतीय दृष्टिबाधित टीम के कप्तान अजय ने चार साल की उम्र में एक दुर्घटना में अपनी बाईं आंख की रोशनी गंवा दी थी। उन्होंने 2010 में भारत के लिए पदार्पण किया और टी20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा बने लेकिन इससे उन्हें ज्यादा खुशी नहीं मिली।

उन्होंने कहा, ''पहली बार हमने टी20 विश्व कप जीता। पाकिस्तान क्रिकेटरों ने कहा 'ओह, यह एक नया प्रारूप है, आप भाग्यशाली थे इसलिए जीत गए। वनडे में हम नंबर एक हैं'। चोट से जूझते हुए खिताबी मुकाबले में नाबाद 74 रन बनाने वाले अजय ने कहा, ''2014 एकदिवसीय फाइनल में पाकिस्तान को हराना मेरे जीवन का सबसे अच्छा पल था।''

# इस साल टी-20 अंतरराष्ट्रीय में इन भारतीय बल्लेबाजों ने लगाए शतक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस साल भारतीय क्रिकेट टीम के प्रमुख खिलाड़ियों ने टी-20 क्रिकेट में कम शिरकत की। ऐसे में कई नए खिलाड़ियों को टी-20 क्रिकेट खेलने का मौका मिला, जिसका फायदा उन्होंने उठाया। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारतीय टीम से 2023 में कुल 5 शतक लगे। प्रमुख खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में भारतीय टीम की कमान संभालने वाले सूर्यकुमार यादव ने ही इस साल 2 शतक लगाए।



### सूर्यकुमार यादव बनाम श्रीलंका

सूर्यकुमार ने इस साल की शुरुआत में जनवरी में श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ नाबाद 112 रन बनाए थे। उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का यह तीसरा शतक रहा, जिसे उन्होंने 45 गेंदों में पूरा किया। उनकी इस धमाकेदार पारी की बदौलत भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 228 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंकाई टीम 137 रन पर ही ढेर हो गई और भारत ने 91 रन से जीत दर्ज की।



### शुभमन गिल बनाम न्यूजीलैंड


शुभमन गिल ने इस साल अपनी बल्लेबाजी से खूब सुर्खियां बटोरीं। उन्होंने 1 फरवरी को अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में नाबाद 126 रन की पारी खेली। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय का अपना पहला शतक रहा। वह इस प्रारूप में भारत की ओर से शतक लगाने वाले सिर्फ 7वें बल्लेबाज बने। उनकी पारी की बदौलत भारत ने 234/4 का स्कोर बनाया और मैच में 168 रन से जोरदार जीत दर्ज की थी।

### रुतुराज बनाम ऑस्ट्रेलिया



रुतुराज गायकवाड़ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में 52 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उनकी पारी की बदौलत भारत ने पहले खेलते हुए 222/3 का स्कोर बनाया था। वह कंगारू टीम के खिलाफ टी-20 प्रारूप में शतक लगाने वाले पहले भारतीय बने थे। दिलचस्प रूप से गायकवाड़ ने पारी का आखिरी ओवर फेंकने आए ग्लेन मैक्सवेल के आखिरी ओवर में से 27 रन बटोरे, जिसमें 3 छक्के भी शामिल थे।

### यशस्वी जायसवाल बनाम नेपाल



एशियाई खेलों में यशस्वी जायसवाल ने नेपाल क्रिकेट टीम के खिलाफ शानदार शतक (100) लगाया। यह उनके युवा टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक रहा। वह 49 गेंदों में 100 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 8 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। उस समय 21 वर्षीय जायसवाल टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक लगाने वाले सबसे युवा भारतीय बने थे। उन्होंने गिल (23 साल और 146 दिन) का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा था।

### बॉक्सिंग डे टेस्ट : ग्राउंड पर पहुंचा कबूतर का झुंड, थोड़ी देर रोका गया मैच


**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट मंगलवार से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू हुआ। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट के नुकसान पर 187 रन बना लिए। मार्नस लाबुशेन (44) और ट्रेविस हेड (9) की जोड़ी नाबाद लौटी।

## आईपीएल के लिए नहीं मिलेगी मुजीब, नवीन व फारूकी को एनओसी, खेलना संदिग्ध

एजेंसी ▶▶| काबुल

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुजीब उर रहमान, नवीन उल हक और फजलहक फारूकी को अगले दो साल के लिए एनओसी देने की संभावना नहीं है जिससे इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 सत्र में उनका खेलना संदिग्ध है।

इसी महीने आईपीएल 2024 के लिए हुई नीलामी के दौरान मुजीब को कोलकाता नाइट राइडर्स ने दो करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा था। नवीन को लखनऊ सुपर जाइंट्स और फारूकी को सनराइजर्स हैदराबाद ने रिटेन किया है। एसीबी ने कहा कि इन तीनों खिलाड़ियों को दी गई एनओसी तुरंत रद्द कर दी जाएगी। इन तीनों खिलाड़ियों ने अक्टूबर-नवंबर में 50 ओवर के विश्व कप में अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व



किया था। एसीबी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार बोर्ड ने इन सभी खिलाड़ियों के लिए 2024 के वार्षिक अनुबंध में विलंब करने का फैसला किया है। उन्होंने मामले की पूरी तरह से जांच करने के लिए एक समिति का गठन किया है क्योंकि इन खिलाड़ियों ने एक जनवरी से अपने केंद्रीय अनुबंध से मुक्त होने की इच्छा व्यक्त की थी। अफगानिस्तान भारत के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला खेलने की तैयारी कर रहा है जिसका पहला मैच 11 जनवरी को मोहाली में, दूसरा 14 जनवरी को इंदौर में और तीसरा 17 जनवरी को बेंगलुरू में खेला जाएगा।

## अफ्रीका के कप्तान बावुमा चोटिल, आगे खेलना संदिग्ध

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेंबा बावुमा को भारत के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के शुरुआती दिन मंगलवार को यहां बायीं हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण मैदान छोड़ना पड़ा और उनका मैच में आगे खेलना संदिग्ध है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मार्को यानसन पर लगाए गए विराट कोहली के ड्राइव को रोकने के प्रयास में बावुमा चोटिल हो गए और उन्हें 20वें ओवर में मैदान छोड़ना पड़ा। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के अनुसार, ''स्कैन से पता चला है कि उनकी बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है। उनके स्थान पर डीन एल्गर ने



कार्यवाहक कप्तान के रूप में जिम्मेदारी संभाली। एल्गर ने इस श्रृंखला के बाद संन्यास लेने की घोषणा की है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी ( म.प्र.)**

नि.सू.क्र./60/ व. ले.लि. / का.यं. / लो.स्वा.यां. / 2023 डिण्डौरी, दिनांक 22.12.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑनलाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Scaled) डिण्डौरी जिले के अन्तर्गत RO REPAIRING WORK हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैhttps://www.mptenders.gov.in जिसका अवलोकन बेवसाईट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित बेवसाईट से ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। जिसके मूल्य का भुगतान केश - कार्ड, ए. टी. एम., कम डेबिट कार्ड या इण्टरनेट बैंकिंग से किया जावेगा। निविदा दिनांक 22.12.2023 को शाम 17.50 बजे से दिनांक 05.01.2024 शाम 17.30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत किये जा सकते है।

निविदा में संशोधन की स्थिति में बेवसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा जिसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही दिया जावेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त बेवसाईट पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | ई निविदा क्र. | नि.सू. क्र. | वि.खं. / जिला | विवरण | अनु.लागत (PAC) ( रू. लाख में) | धरोहर राशि(PAC) ( रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( रू.में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_PHED_321597_1 | 60 | पुलिस लाईन डिण्डौरी | Laying and Joiting of pipe line, Contruction of ESR/GSR (If Required), RO REPAIRING WORK i/c Operation and Maintenance for 3 Year's etc complete, in Police Line District- Dindori (M.P.) | 4.03 | 8060 | 2000.00 | प्रथम आमंत्रण |

G-22343/23

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड डिण्डौरी ( म.प्र.)



**कार्यालय कलेक्टर जिला सिवनी एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग**

**प्रारंभिक अधिसूचना**

क्रमांक / 9088 / भू-अर्जन / 2022 सिवनी दिनांक 21/12/2023

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि, इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (14) में उल्लेखित वर्णित भूमि की कांचनामंडी जलाशय परियोजना की बायी एवं दायी तट मुख्य नहर निर्माण हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार एतद् द्वारा सभी संबंधित हितबद्ध व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि, राज्य शासन इसके द्वारा कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग क्रमांक 1 सिवनी जिला सिवनी को संबंधित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा -12 मे दी गई शक्तियों के प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है।

अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा -6 के अंतर्गत सिचाई परियोजनाओं की बाबत जहां तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधों के अधीन पर्यावरणीय समाघात निर्धारण की प्रक्रिया की अपेक्षा की जाती है, इस अधिनियम के सामाजिक समाघात निर्धारण उपबंध लागू नही होगे। उपरोक्त के संबंध में पर्यावरण एवं वन मंत्रालय भारत सरकार भोपाल द्वारा दिनांक 17/04/2015 को स्वीकृति प्रदान की गई है। अत: अधिनियम की धारा 11 (3) के अंतर्गत सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट का सारांश प्रकाशित नही किया जा रहा है। अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का विवरण निम्नानुसार है :-

1 ग्राम का नाम :- साल्हेकला ब.नं. :- 563 प.ह.नं. :- 66
रा.नि.मं. :- बरघाट तहसील :- बरघाट जिला :- सिवनी
2 अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का क्षेत्रफल :- 0.43 हेक्टेयर

| स. क. | सर्वेक्षण क्रमांक | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के आधीन क्षेत्र. हे. में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम और पता | सीमाऍं | | | | वृक्ष | | संरचन | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | प्रगित किस्म | संख्या | प्रकार | लिंथ एरिया |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | 489/1/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.02 | नूतनबाई पत्नी रामेश्वर प्रसाद जाति पंवार नि.ग्रा. भूमिस्वामी | नूतन बाई की शेष भूमि | शासकीय भूमि | भूमिश्वरी पिता चैनसिंह बगैरह की शेष भमि | नेमिचंद पिता जीवनलाल की भूमि | - | - | - | - |
| 2 | 489/1/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.04 | | शासकीय भूमि | नूतन बाई की शेष भूमि | भूमिश्वरी पिता चैनसिंह बगैरह की शेष भमि | नेमिचंद पिता जीवनलाल की भूमि | - | - | - | - |
| 3 | 527/3/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.04 | नेमीचंद्र पिता जीवनलाल जाति पवार नि.ग्रा. भूमिस्वामी | नेमीचंद्र पिता जीवनलाल जाति पवार की शेष भूमि | शासकीय भूमि | नेमीचंद्र पिता जीवनलाल जाति पवार की शेष भूमि | रविंद्र विमला वगैरह पिता जोहरलाल अहीर की भूमि | - | - | - | - |
| 4 | 527/3/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.04 | | शासकीय भूमि | नेमीचंद्र पिता जीवनलाल जाति पवार की शेष भूमि | नेमीचंद्र पिता जीवनलाल जाति पवार की शेष भूमि | रविंद्र विमला वगैरह पिता जोहरलाल अहीर की भूमि | - | - | - | - |
| 5 | 488/3/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.04 | | नेमीचंद्र पिता जीवनलाल जाति पवार की शेष भूमि | शासकीय भूमि | नूनतबाई की भूमि | नेमीचंद्र पिता जीवनलाल जाति पवार की शेष भूमि | - | - | - | - |
| 6 | 488/3/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.03 | | शासकीय भूमि | नेमीचंद्र पिता जीवनलाल जाति पवार की शेष भूमि | नूनतबाई की भूमि | नेमीचंद्र पिता जीवनलाल जाति पवार की शेष भूमि | - | - | - | - |
| 7 | 492/1/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.04 | भुमेश्वरी पिता चैनसिंह नूतनबाई पत्नि रामेश्वर जाति पंवार नि.ग्रा. भूमिस्वामी | भुमेश्वरी पिता चैनसिंह बगैरह की शेष भूमि | शासकीय भूमि | मानेश्वरी की भूमि | नूतनबाई की भूमि | - | - | - | - |
| 8 | 492/1/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.04 | | शासकीय भूमि | भुमेश्वरी पिता चैनसिंह बगैरह की शेष भूमि | उर्मिला प्रमिला/उदयसिंह बगैरह की भूमि | नूतनबाई की भूमि | - | - | - | - |
| 9 | 2/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.14 | सेमेंद्र ललिता दिशा पिता जागेश्वर रोमतन पत्नि जागेश्वर जाति पंवार नि.ग्रा. भूमिस्वामी | शासकीय भूमि | जागेश्वर पिता जीवनलाल पवार की शेष भूमि | मनोज विनोद बगैरह पिता शोभाराम पवार की भूमि | शासकीय भूमि | - | - | - | - |
| योग | 9 | | | 0.43 | | | | | | - | - | - | - |

1 अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा ( प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी बरघाट जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है। 2. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा ( प्लान) का निरीक्षण कार्यालय कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग क्रमांक 1 सिवनी जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है। 3. अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना किसी ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नही करेगा या कोई भी संव्यवहार नही होने देगा अर्थात कय / विक्रय आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नही करेगा। 4. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति " भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा - 15 ( 1 ) के अधीन इस अधिसूचना प्रकाशन के 60 दिनों के अंदर भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष आक्षेप यदि कोई हो, फाईल किए जा सकेगे।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(क्षितिज सिंघल)
कलेक्टर सिवनी एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला सिवनी म.प्र.

G-22322/23

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

### धान खरीदी में फर्जीवाड़े की भोपाल से आई टीम ने की जांच

# वेयर हाउस संचालकों पर होगी कार्रवाई, फूड कंट्रोलर निलंबित

**जबलपुर।** जबलपुर जिले में धान खरीदी को लेकर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। राज्य सरकार के 20 सदस्यीय टीम धान खरीदी की जांच करने और वेयर हाउस संचालकों से पूछताछ करने में लगी है। यह टीम जबलपुर में तेजी से जांच कर रही हैं। भोपाल से आई अधिकारियों की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर जाकर खरीदी केंद्रों और वेयर हाउसों की जांच पड़ताल की। तीन दिन चली जांच के बाद अधिकारियों ने जांच रिपोर्ट भी तैयार कर ली। धान खरीदी मामलें में लापरवाही सामने आने पर राज्य सरकार ने जबलपुर के फूड कंट्रोलर (खाद्य नियंत्रक) को निलंबित कर दिया है। जांच में यह बात सामने आई कि बिना अनुमति के धान खरीदी और वेयर हाउसों में डम्प किया गया। हजारों क्विंटल धान की बोरिया मिली। जिनमें सिहोरा, पनागर, पाटन, शहपुरा तहसील में आने वालें वेयर हाउसों में जाकर सत्यापन भी किया। वेयर हाउस के संचालकों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर कराने की बात भी कही जा रही है। इस फर्जीवाड़े में कई अधिकारियों के नाम सामने आए है। जिन पर



कार्रवाई की गाज गिर सकती है। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमति मिशा सिंह ने बताया कि जिले में धान खरीदी की शुरुआत होने के बाद से ही गड़बड़ी की शिकायतें मिल रही थी। जिसके बाद राज्य सरकार ने 20 सदस्यीय टीम को गठित कर जबलपुर भेजा। राजधानी से ही जांच कमेटी बनी थी। अधिकारियों को जांच के लिए कहा गया था और जिला स्तरीय अधिकारियों ने जांच कमेटी को सहयोग किया। जांच रिपोर्ट लगभग तैयार हो चुकी है। जल्द ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### खाद्य नियंत्रक निलंबित

धान उपार्जन केंद्र में लापरवाही सामने आने पर जबलपुर के खाद्य नियंत्रक कमलेश तांडेकर को निलंबित कर दिया। प्रदेश में नई सरकार की गठन के बाद शासकीय कामकाज में लापरवाही के मामलें में यह पहली बड़ी कार्रवाई है। खाद्य नागरिक और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने खाद्य नियंत्रक के निलंबन आदेश को जारी कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान श्री तांडेकर मुख्यालय खाद्य संचालनालय भोपाल रहेगा। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें गुजारा भत्ता प्राप्त करने की पात्रता होगी।

## चैन्नई-वाराणसी-चैन्नई के मध्य एक-एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा दक्षिण भारत की ओर आने जाने वाले यात्रियों के लिए चैन्नई वाराणसी चैन्नई के मध्य एक-एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया। रेलवे प्रशासन के मुताबिक गाड़ी संख्या 06113/06114 एमजीआर सेन्ट्रल (चैन्नई) - वाराणसी-एमजीआर सेन्ट्रल (चैन्नई) के मध्य एक-एक ट्रिप एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी ङपमरे के इटारसी, जबलपुर एवं कटनी स्टेशनों पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 06113 एमजीआर सेन्ट्रल (चैन्नई) - वाराणसी स्पेशल ट्रेन दिनांक 27 दिसंबर को एमजीआर सेन्ट्रल (चैन्नई) स्टेशन से 10:45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन दोपहर 14:10 बजे इटारसी, 18:50 बजे जबलपुर, रात्रि 20:13 बजे कटनीङ और तीसरे दिन भोर में 04:30 बजे वाराणसी स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06114 वाराणसी - एमजीआर सेन्ट्रल (चैन्नई) स्पेशल ट्रेन दिनांक 01 जनवरी 2024 को वाराणसी स्टेशन से रात्रि 23:20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07:10 बजे कटनी, 09:15 बजे जबलपुर, 14:15 बजे इटारसी और तीसरे दिन सायं 16:45 बजे एमजीआर सेन्ट्रल (चैन्नई) स्टेशन पहुँचेगी। यह स्पेशल ट्रेन मार्ग में दोनों दिशाओं में गुडुर, विजयवाड़ा, वारंगल, बल्लारशाह, नागपुर, इटारसी, जबलपुर, कटनी, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी एवं बनारस स्टेशनों पर रुकेगी। इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 10 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी एवं 01 एसएलआरडी, 01 जनरेटर कार सहित कुल 21 कोच रहेंगे।



हवा में नमी के कारण सुबह कोहरे की स्थिति

# पूर्वी हवाओं के कारण तापमान में गिरावट जारी

**जबलपुर।** पूर्वी हवाएं चलने के कारण मध्यप्रदेश में तापमान में गिरावट जारी है। प्रदेश के कई जिलों में सुबह के समय जबर्दस्त कोहरा छा रहा है। इसकी वजह हवा में नमी को बताया जा रहा है। कोहरे को लेकर मौसम विभाग ने 32 जिलों में यलो और आरेंज अलर्ट जारी किया है। इधर, मौसम विज्ञानियों ने नए साल पर वर्षा की संभावना भी जताई है। विभाग के अनुसार, 29-30 दिसंबर के आसपास प्रदेश में एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार हैं, जिसके चलते अधिकांश हिस्सों में 30 दिसंबर से एक जनवरी तक वर्षा हो सकती है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि उत्तरी मध्य प्रदेश में तापमान में एक से दो डिग्री की गिरावट दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग ने कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, मंडला, पन्ना, दमोह जिलों में हल्के से माध्यम कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है।

### टेलीफोन वायर घोटाला मामले में दो साल के बाद कार्रवाई

# मेडिकल कॉलेज के स्टोरकीपर सहित 3 कर्मी निलंबित

**जबलपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लगभग दो साल पहले टेलीफोन वायर घोटाले के मामले में स्वशासी कमेटी के चेयरमैन संभागायुक्त अभय वर्मा ने जांच रिपोर्ट के आधार पर स्टोरकीपर सहित तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया। इस मामलें में पिछले 4 माह से जांच चल रही थी। बताया गया है कि स्टोरकीपर जेसन अगिस्टिन, राजू मस्के व राजू राजेश को निलंबित कर दिया। हालांकि जांच रिपोर्ट को लेकर भी सवाल उठने लगे है। जिसमे यह आरोप लगाया जा रहा है कि अधिकारियों को बचाने के लिए कर्मचारियों को बलि की बकरा बना दिया गया है। यहां उल्लेखनीय है कि टेलीफोन वायर घोटाले मामले पर संभागायुक्त के निर्देश पर संयुक्त संचालक कोष वित्त विभाग ने एक जांच कमेटी गठित की थी।



शिकायतकर्ता ने यह आरोप लगाया था कि स्टोरकीपरी जेसन आगिस्टिन ने वायर सप्लायर से सेटिंग कर 10 प्रति मीटर के भाव से खरीरदारी की थी, जांच के दौरान अन्य बिन्दुओं पर भी जांच की गई। कमेटी ने जांच रिपोर्ट मेडीकल जांच सोसायटी के अध्यक्ष संभागायुक्त को सौंपी इसके बाद संभागायुक्त के निर्देश पर मेडीकल कॉलेज की डीन गीता गुईन ने उक्त तीनों कर्मचारियों को तत्काल कार्य से निलंबित कर दिया। अब मेडीकल कॉलेज में चर्चाओं का बाजार गर्म है। जांच कमेटी की जांच पर ही सवाल उठाए जा रहे है कहा जा रहा है कि जांच कमेटी ने सिर्फ कर्मचारियों को ही दोषी क्यों पाया। पूर्व डीन, तत्कालीन अधीक्षक और क्रय शाखा के प्रभारी की कोई भूमिका नहीं रही। उनपर कार्रवाई क्यों नहीं की गई। यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि जांच समिति ने अधिकारियों को बचाने के चक्कर में कर्मचारियों को बलि का बकरा बना दिया।

### मुख्यमंत्री कृषक मित्र पंप योजना में 30 हजार किसानों को मिलेगा कनेक्शन

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री कृषक मित्र पंप योजना पर प्रदेश में अमल शुरू हो चुका है। किसानों को सिंचाई पंप के लिए कनेक्शन लेने में आने वाले व्यय का आधा हिस्सा ही भुगतान करना होगा। बाकी की रकम प्रदेश सरकार और बिजली कंपनी देगी। इस योजना को लेकर किसानों में इस कदर उत्साह है कि शुरूआत में 20 हजार से ज्यादा आवेदन पहुंच गए है जबकि पहले साल इस योजना में महज 10 हजार किसानों को कनेक्शन दिया जाना है। फिलहाल 3300 आवेदन पर सर्वे हो चुका है। जनवरी अंत या फरवरी तक सर्वे का काम पूरा होने की उम्मीद है। जिसके बाद कृषि पंप के लिए कनेक्शन की प्रक्रिया की जाएगी। मुख्यमंत्री कृषक मित्र पंप योजना के तहत किसानों को फीडर से खेत तक लाइन बिछाने पर लगने वाले पोल, ट्रांसफार्मर का खर्च उठाना पड़ता है। इसमें लाखों रुपये का व्यय होता है जिस वजह से किसान परेशान होते थे। इसके पूर्व वितरण कंपनी ने मुख्यमंत्री कृषि पंप योजना चालू की थी जिसमें एक मुश्त राशि तय थी इससे ऊपर जो भी व्यय होता था कंपनी और सरकार वहन करती थी।

### उच्च शिक्षा विभाग ने लगाई रोक

# अब बिना अनुमति नहीं हो सकेंगे फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

**जबलपुर।** महाविद्यालयों में होने वाले फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) पर उच्च शिक्षा विभाग ने रोक लगा दी है। इसके बाद अब विभाग की अनुमति के बगैर कोई भी कॉलेज इस तरह के प्रोग्राम नहीं कर पाएंगे। यह रोक इसलिए लगाइ गई है कि कॉलेजों द्वारा फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के नाम पर कमाई किए जाने की शिकायतों लगातार विभाग के पास पहुंच रही थी और उसी के बाद ही विभाग की ओर से यह सख्त कदम उठाया है। कॉलेजों को अब इसके लिए विभाग से विशेष अनुमति लेना होगी और उसके बाद ही वह अपने यहां एफडीपी आयोजित कर सकेंगे। खास बात यह है कि यह अनुमति उच्च शिक्षा आयुक्त से कम से कम तीन माह पहले लेना होगी। इस दौरान उन्हें यह भी बताना होगा कि वह फैकल्टी से कितना रजिस्ट्रेशन शुल्क ले रहे हैं और कितना अनुमानित व्यय होगा। बता दें कि विभाग के पास एक साल में महाविद्यालयों के करीब 400 शिकायतें पहुंची हैं।

यूजीसी के अनुसार फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) किसी भी कॉलेज द्वारा आयोजित किया जा सकता है। अन्य कॉलेज की फैकल्टी भी इसमें शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकती हैं। साथ ही यह पूरा प्रोग्राम कॉलेजों में पढ़ाने वाली फैकल्टी, एसोसिएट प्रोफेसर व प्रोफेसर के लिए होता है। सात दिन के इस स्पेशल ट्रेनिंग प्रोग्राम में उन्हें उच्च शिक्षा में होने वाले बदलावों, रिसर्च, यूजीसी की बदली हुई गाइडलाइन, नई नीतियों, सिलेबस अथवा शिक्षा नीति में हुए बदलावों सहित अन्य बिंदुओं पर ट्रेनिंग दी जाती है। इसमें देशभर के किसी भी विशेषज्ञ को बुलाया जाता है।

#### ऐसी शिकायतें आ रही थीं सामने

- फैकल्टी से रजिस्ट्रेशन के लिए तय शुल्क एक हजार रुपए से अधिक राशि ली जा रही थी।
- कई फैकल्टी एक अथवा दो दिन शामिल होकर भी सर्टिफिकेट प्राप्त कर रही थीं।
- कई महाविद्यालय छह से सात दिन तक चलने वाले डेवलमपेंट प्रोग्राम को दो से तीन दिन ही चला रहे थे।

*अब ऐसे मिलेगी अनुमति*

- कॉलेज को अब फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के लिए पूरा प्रारूप भरना होगा।
- यह प्रारूप तीन माह पहले ही उच्च शिक्षा विभाग को भेजना होगा।
- जो भी विशेषज्ञ आएंगे वह संबंधित विषय के हों और मापदंडों के अनुसार पात्र होने चाहिए।
- यूजीसी के अनुसार ऑनलाइन व ऑफलाइन में से किस मोड पर फैक्लटी छात्रों को पढ़ाएगी।
- फैक्लटी की अवधी को सात दिन पूरा करना होगा। का पूरा करना होगा।
- संबंधित कॉलेज में पार्टिसिमेंट से ली जाने वाली शुल्क की जानकारी देनी होगी।
- कॉलेजों में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की मॉनिटरिंग की जाएगी।




## जबलपुर से पुणे नियमित ट्रेन की मांग पकड़ रही जोर, ऑपरेटिंग विभाग बना रही प्रस्ताव, रेलवे बोर्ड लेगा फैसला

**जबलपुर।** जबलपुर से मुंबई के लिए चलने वाली नियमित ट्रेन की मांग एक बार जोर पकड़ रही है। लोकसभा चुनाव नजदीक होने की वजह से रेलवे से जुड़ी लोगों की यह सबसे महत्वपूर्ण मांग है क्योंकि जबलपुर से पुणे के बीच चलने वाली फ्लाईट भी इन दिनों बंद है और मुंबई आने वाली फ्लाईट का किराया भी बहुत महंगा है जिसे अधिकांश लोग वहन नहीं कर पाते, लिहाजा आम बजट के पूर्व इस बार भी जबलपुर से मुम्बई और पुणे के लिए नियमित ट्रेन चलाने का प्रस्ताव बन रहा है।



आपरेटिंग विभाग इस सबसे महत्वपूर्ण निर्णय को उठाएगा, लेकिन इस पर अंतिम फैसला रेलवे बोर्ड को लेना है। हर बार प्रस्ताव बनता है लेकिर रेलवे बोर्ड में जाकर प्रस्ताव थम जाता है। क्या इस बार लोकसभा चुनाव नजदीक होने के कारण यह महत्वपूर्ण प्रस्ताव रेलवे बोर्ड प्रस्ताव स्वीकार करेगा या नहीं यह देखने वाली बात होगी। बहरहाल इधर जबलपुर से पुणे के बीच चलने वाली फ्लाइट भी इन दिनों बंद है। वहीं मुम्बई जाने वाली फ्लाइट का किराया लगभग 8 से 10 हजार तक पहुंच गया है।

#### गरीब-रथ में साल भर रहती हैं लंबी वेटिंग

जबलपुर से मुम्बई के लिए सप्ताह में तीन दिन चलने वाली गरीब रथ और सप्ताह में एक दिन चलने वाली जबलपुर.बांद्रा वीकली ट्रेन है। गरीब रथ में सालभर लंबी वेटिंग रहती है। हालात यह है कि दिसंबर माह में गरीब रथ में 200 से अधिक वेटिंग है। पश्चिम मध्य रेलवे, हर बार इस ट्रेन में एक अतिरिक्त कोच लगाकर राहत तो देता है, लेकिन इससे अधिक के लिए रेलवे के पास गरीब रथ के पुराने कोच ही नहीं है।

### परिवहन आयुक्त ने पुलिस कमिश्नर, एसपी और आरटीओ को फर्जी नंबर प्लेट बनाने और लगाने वालों पर कार्रवाई के दिए आदेश

# हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट की सिक्यूरिटी ही खतरे में, प्रदेश में बन रहीं फर्जी नंबर प्लेटें

**जबलपुर।** परिवहन विभाग ने प्रदेश में सभी वाहनों के लिए 15 जनवरी 2024 से हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) को अनिवार्य कर दिया है। इस बीच वाहनों की इन हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेटों की सिक्यूरिटी ही खतरे में पाई गई है। परिवहन विभाग को यह सूचना मिली है कि प्रदेश में बड़े स्तर पर अवैध रूप से फर्जी एचएसआरपी बनाई और लगाई जा रही है। इसे देखते हुए परिवहन आयुक्त ने इंदौर भोपाल के पुलिस कमिश्नर सहित सभी एसपी और सभी आरटीओ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे ऐसी प्लेट लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

उल्लेखनीय है कि जबलपुर हाईकोर्ट द्वारा एक रिट याचिका पर 11 जुलाई 2023 को निर्णय देते हुए प्रदेश में सभी वाहनों पर 15 दिसंबर 2023 तक एचएसआरपी लगाना अनिवार्य किया गया था। वाहनों की ज्यादा संख्या को देखते हुए फेडरेशनल ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स की मांग पर इस समयसीमा को बढ़ाते हुए 15 जनवरी 2024 किया गया है। प्रदेश में 1 अप्रैल 2019 से सभी नए वाहनों में तो कंपनी डीलर्स द्वारा ही एचएसआरपी लगाकर दी जा रही है, लेकिन इससे पहले के वाहनों में ऐसी नंबर प्लेट नहीं लगी है। इसे देखते हुए परिवहन विभाग ने वाहन के अधिकृत डीलर्स को ही पुराने वाहनों में भी नंबर प्लेट लगाने के आदेश दिए हैं। इसके बाद बड़ी संख्या में वाहन मालिक पुराने वाहनों में भी नंबर प्लेट लगवा रहे हैं। इसे देखते हुए कई लोग अवैध रूप से एचएसआरपी बनाने और लगाने लगे हैं, जिन पर अब जल्द ही कार्रवाई शुरू होगी।




#### 15 जनवरी के बाद वाहन पर एचएसआरपी नहीं तो होगा जुर्माना

परिवहन विभाग ने सभी वाहनों पर एचएसआरपी लगाने जाने को लेकर सख्ती करते हुए कहा है कि 15 जनवरी के बाद वाहनों पर अगर एचएसआरपी नहीं पाई जाती है तो मोटर व्हीकल एक्ट 1988 की धारा 177 और 179 में जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। यह जुर्माना 500 रुपए से लेकर 2000 रुपए तक हो सकता है। इसके लिए परिवहन विभाग और पुलिस संयुक्त कार्रवाई भी करेंगे और ट्रैफिक पुलिस चौराहों पर लगे कैमरों के माध्यम से भी ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करेगी।

#### नकली एचएसआरपी से वाहनों की पहचान में मुश्किल

एचएसआरपी में वाहनों के नंबर के साथ ही प्लेट पर एक विशेष सीरीज भी अंकित होती है। इससे एचएसआरपी लगाने वाली कंपनियों के पास भी वाहनों का पूरा डेटा उपलब्ध रहता है। लेकिन फर्जी एचएसआरपी में यह नहीं होता है, ऐसी स्थिति में अपराध की स्थिति में वाहन की शिनाख्त भी प्रभावित हो सकती है। आयुक्त ने अपने आदेश में इस बात का उल्लेख करते हुए सही एचएसआरपी लगवाने की बात कही है।

#### एचएसआरपी नहीं तो विभाग से जुड़ा कोई काम भी नहीं

एचएसआरपी को अनिवार्य करने के लिए परिवहन आयुक्त ने यह भी आदेश दिए हैं कि प्रदेश में 15 जनवरी के बाद जिस वाहन में एचएसआरपी नहीं लगी है उस वाहन के ट्रांसफर, रिन्युअल, फिटनेस, परमिट, हाईपोथिकेशन, नाम-पता परिवर्तन, डुप्लीकेट रजिस्ट्रेशन कार्ड जैसे सभी काम नहीं किए जाएंगे। वाहन के फिटनेस के लिए आने पर भी एचएसआरपी लगाए जाने के सत्यापन के बाद भी फिटनेस सर्टिफिकेट जारी




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

### हाई कोर्ट में जानकारी पेश : जनहित याचिका का पटाक्षेप

# 140 वर्ग मीटर के मकान के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य

**जबलपुर। हाई कोर्ट में राज्य शासन की ओर से पेश किए गए जवाब में बताया गया कि 140 वर्ग मीटर के मकान के लिए वाटर हार्वेस्टिंग (आरएचडब्ल्यू) अनिवार्य कर दिया गया है। भवन का नक्शा स्वीकृत करते समय आरएचडब्ल्यू लगाया जाना सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा निधि जमा कराई जा रही है।**



मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने उक्त जानकारी को रिकार्ड पर लेकर जनहित याचिका का निराकरण कर दिया। यह जनहित याचिका अधिवक्ता आदित्य संघी द्वारा वर्ष-2019 में दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि संविधान की धारा-21 के तहत लोगों को राइट-टू-लाइफ का अधिकार मिला है। मानव सहित जीव-जन्तु के जीने के लिए पानी आवश्यक है। पानी के बिना जीवन संभव नहीं है। भूमि का जल स्तर लगातार नीचे गिरता जा रहा है। प्रदेश में भूमि का जल स्तर पांच सौ मीटर नीचे तक पहुंच गया है। प्रदेश के कई जिलों में लोगों को पानी के लिए कई किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है।

जनहित याचिका में कहा गया था कि भूमि विकास नियम के तहत रेन-वाटर-हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने पर ही मकान का नक्शा स्वीकृत किये जाने का प्रविधान है। नियम का कड़ाई से पालन नहीं किये जाने के कारण जबलपुर शहर में ही बारिश के मौसम में अरबों लीटर पानी नाले-नाली के माध्यम से व्यर्थ में बह जाता है। याचिका में केन्द्र सरकार व राज्य सरकार सहित जबलपुर व भोपाल नगर निगम को अनावेदक बनाया गया था। मामले में सरकार व जबलपुर और भोपाल नगर निगम की ओर से अपना जवाब पेश किया गया। जिसमें बताया गया कि 1058 सरकारी भवन तथा आवास में आरएचडब्ल्यू सिस्टम लगाये गये है। इसके अलावा 140 वर्ग मीटर भवन के नक्शा स्वीकृति के लिए आरएचडब्ल्यू सिस्टम लगाना अनिर्वाय है। भवन को क्षेत्रफल के आधार पर चार श्रेणियों में रखा गया है। क्षेत्रफल के आधार पर आरएचडब्ल्यू सिस्टम अनिर्वाय रूप से लगाने सुरक्षा राशि जमा कराई जाती है।

# वीर बाल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किये बहुरंगी कार्यक्रम

**जबलपुर।**

वीर बाल दिवस के अवसर पर शास.उ.मा.वि.उत्कृष्ट मॉडल स्कूल एवं शासकीय उ.मा.वि.कन्या व्यौहारबाग के द्वारा विभिन्न कार्यकम प्रस्तुत किये गये। जिसमें विद्यार्थियों ने कविता पाठ, विचार अभिव्यक्ति, चित्रकला, की विभिन्न प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने श्री गोविंद सिंह जी के पुत्रों के सर्वोच्च बलिदान और साहस की स्मृतियों को याद किया और अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यकम का उददेश्य युवाओं एवं किशोरों में नैतिकता एवं राष्ट्रप्रेम को जागृत करना है। मार्शल आर्ट के माध्यम से महिलाओं ने आत्मरक्षा एवं आत्म विश्वास को जागृत करना था। इस दौरान विद्यार्थियों ने रोप स्कीपिंग व योग की प्रस्तुति देकर संतुलन एवं एकाग्रता का परिचय दिया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री धनश्याम सोनी ने स्वाभिमान एवं देश प्रेम की भावना तथा संस्था के प्राचार्य श्री मुकेश कुमार तिवारी ने नैतिकता एवं अनुशासन के साथ जीने का मार्गदर्शन दिया। कार्यकम में संस्था के समस्त छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक सहित श्रीमती सीमा मिश्रा, श्रीमती मधुमिता हाजरा, सारिका सिंह समस्त शिक्षक सहित उपस्थित रहे।

## कमिश्नर अभय वर्मा ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

**जबलपुर।** कमिश्नर अभय वर्मा की अध्यक्षता में आज विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान विशेष रूप से नल-जल योजना, धान खरीदी, किसान पंजीयन एवं भुगतान, स्वच्छ भारत मिशन, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, मांस मछली के अवैध विक्रय आदि विषयों को लेकर संभाग स्तरीय जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में संयुक्त आयुक्त राजस्व श्री अरविंद यादव सहित सभी संबंधित संभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## जनसुनवाई में आये 97 आवेदन

**जबलपुर।** अपर कलेक्टर नाथूराम गौंड़ ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 97 आवेदन-पत्रों की सुनवाई की। उन्होनें जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हुआ, उनके निराकरण के लिए आवेदकों को समय-सीमा दे दी गई है। जनसुनवाई में दूर-सुदूर क्षेत्रों के ग्रामीण विभिन्न समस्याओं और मॉगों को लेकर पहुँचे थे। इस दौरान आर्थिक सहायता, जमीनी विवाद, लड़ाई-झगड़ा, बंटवारा, अभिलेख सुधार, बीपीएल कार्ड बनाने, अवैध कब्जा हटाने, आपसी विवाद, आर्थिक सहायता, उच्च शिक्षा, ट्राइबल छात्रवृत्ति, विद्युत की समस्या और राजस्व विभाग से संबंधित प्रकरण मुख्य रूप से थे।

# सेवा में कमी पर एक लाख 94 हजार 700 रुपये अदा करें

**जबलपुर।**

जिला उपभोक्ता आयोग ने सेवा में कमी के रवैये को आड़े हाथों लिया। इसी के साथ श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को आदेश दिया कि उपभोक्ता के हक में एक लाख 94 हजार 700 रुपये क्षतिपूर्ति राशि छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर सहित अदा करें। यही नहीं मानसिक पीड़ा के एवज में 19 हजार व मुकदमे का खर्च दो हजार भी भुगतान करने निर्देश दिया गया है। दो माह के भीतर आदेश का पालन सुनिश्चित न किए जाने की सूरत में एक लाख जुर्माना या तीन साल का कारावास या दोनों से दंडित किया जा सकता है।

**-मानसिक पीड़ा के लिए 10 हजार व मुकदमे का खर्च दो हजार भी दें**

जिला उपभोक्ता आयोग के चेयरमैन नवीन कुमार सक्सेना व सदस्यद्वय सुषमा पटेल व मनोज कुमार मिश्रा की न्यायपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। परिवादी एसबीआइ कालोनी, जानकीनगर निवासी संतोष चौरसिया की ओर से अधिवक्ता अरुण जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि परिवादी की माता स्व. लक्ष्मी चौरसिया ने अपने जीवनकाल में बीमा पालिसी ली थी। जिसका वार्षिक प्रीमियम बिना नागा जमा किया जाता रहा। बीमा पालिसी देने से पूर्व मेडिकल परीक्षण भी कराया गया था। जब उनका बीमा पालिसी चलते हुए निधन हो गया तो क्लेम किया गया। वह क्लेम यह तर्क देकर निरस्त कर दिया गया कि बीमा पालिसी लेते समय अस्थमा की बीमारी का उल्लेख नहीं किया गया था। इस रवैये के विरुद्ध पहले अधिवक्ता के जरिए लीगल नोटिस जारी किया गया और बाद में परिवाद दायर कर न्याय की मांग की गई।

# छोटी ओमती में बैनर लगाने को लेकर दो पार्टियों के कार्यकर्ता भिड़े

**जबलपुर।**

ओमती थाना अतंर्गत छोटी ओमती भरतीपुर क्षेत्र में सोमवार की देर रात सियासी संग्राम होते होते बचा। तनाव की स्थिति की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित कर क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया। इसके बाद से स्थिति तनावपूर्ण लेकिन पुलिस के नियंत्रण में है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सोमवार की देर रात सड़कों पर बैनर लगाने को लेकर विवाद हो गया और दो राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता आमने सामने आ गए। मामले की जानकारी लगते ही मौके पर ओमती थाने की पुलिस पहुंची, जिन्होंने मामले को शांत करवाया।



जानकारी के मुताबिक छोटी ओमती क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के बैनर लगे हुए थे। बताया जा रहा है कि रात के वक्त भाजपा के कार्यकर्ता उक्त बैनर को हटाकर अपने बैनर लगाने लगे। इसी दौरान कांग्रेस के समर्थक भी वहां पहुंच गए। जिसके बाद दोनों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। मामले की जानकारी लगते ही मौके पर ओमती थाने की पुलिस पहुंच गई। जिन्होंने स्थिति पर काबू पाया।

# लंबित अपराधों का निपटारा, नये मामलों से परहेज

## वर्ष के अंत में सादे आवेदन पर शिकायत ले रही पुलिस

**जबलपुर।**

विदा ले रहे वर्ष 2023 में अपराधों के आंकड़ों की बाजीगरी करने, साथ ही लंबित मामलों की संख्या में कमी लाने के लिये पिछले एक हफ्ते से जिले भर में पुलिस रिकार्ड में अपराध दर्ज नहीं हुये। ऐसा नहीं है कि शहर में अपराध न हो रहे हों। मारपीट, लड़ाई झगड़ा, घटना-दुर्घटना आम दिनों की तरह हो रही है, यह बात अलहदा हैं कि ये मामले पुलिस रोजनामचे में दर्ज न होकर एक सादे आवेदन में लिये जा रहे हैं और ऊपर ही ऊपर निपटाये जा रहे हैं। ताकि अपराधों का निकाल हो सके और पुलिस रिकार्ड में लंबित मामलों की संख्या न बढ़े। वर्ष के आखिरी बचे अंतिम दिन सभी थाना प्रभारी, बीट प्रभारी भगवान से यही कामना कर रहे हैं कि उनके थाना क्षेत्र में ऐसे अपराध न हों, जिनकी लिखा पढ़ी करना मजबूरी हो।

पिछले एक हफ्ते से पुलिस थानों में लंबित अपराध निपटाने का काम तेजी से चल रहा है। 1 जनवरी 2024 से नया रोजनामचा खुलेगा। सभी थाना प्रभारियों की यही कोशिश है कि वे अपने-अपने थानों के कामकाज निपटा लें, लंबित अपराधों को निकालकर रिकार्ड दुरूस्त कर लें। इन दिनों थानों में छोटी-मोटी शिकायतों को नजर अंदाज किया जा रहा है। यहां गौरतलब है कि विगत दिनों अपराध समीक्षा बैठक में इस बात पर आला अधिकारियों द्वारा आपत्ति की गई थी कि वर्ष के अंत में पुलिस थानों में फरियादियों की रिपोर्ट नहीं लिखी जा रही है। यह अच्छी बात नहीं है, इसके बाद भी पुलिस के रवैये में कोई सुधार नहीं हुआ है। पिछले एक हफ्ते से चोरी और लूट जैसी घटनाओं को भी पुलिस ने नजर अंदाज किया है और सादे कागज में आवेदन लेकर रस्म अदायगी कर दी। सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में भी आपसी लेनदेन कर निपटाने की सलाह दी जा रही है। 4 दिन निकल जाने के बाद 1 जनवरी से पुलिस का नया रोजनामचा खुलेगा और नये अपराध दर्ज होंगे और पुलिस का धंधा शुरू होगा।

## धोखाधड़ी के आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

**जबलपुर।** जिला अदालत ने फर्जी विक्रय अनुबंध पत्र एवं विक्रय पत्र के आधार पर बैंक से धोखाधड़ी कर गृह ऋण प्राप्त करने वाले आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। न्यायालय छटवां व्यवहार न्यायाधा वर्ग एक श्रीमति तबस्सुम खान द्वारा रजिस्टर्ड आपराधिक प्रकरण में आरोपी विजय थादानी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। आरोपी द्वारा फर्जी विक्रय अनुबंध पत्र एवं विक्रय पत्र के माध्यम से कोटक महिंद्रा बैंक से धोखाधड़ी कर गृह ऋण प्राप्त कर लिया था। आरोपी के खिलाफ अग्रिम जमानत आवेदन जिला एवं सत्र न्यायालय तथा उच्च न्यायालय द्वारा निरस्त कर दिया गया है। बैंक की ओर से अधिवव्ता अमित कुमार जैसवाल ने पैरवी की।

# औद्योगिक न्यायालय ने श्रम न्यायालय का आदेश किया निरस्त

## नए सिरे से सुनवाई की दी व्यवस्था

**जबलपुर।**

औद्योगिक न्यायालय की जबलपुर खंडपीठ के न्यायाधीश संजय कुमार सूर्यवंशी ने श्रम न्यायालय का पूर्व आदेश अनुचित पाते हुए निरस्त कर दिया। इसी के साथ नए सिरे से सुनवाई की व्यवस्था दे दी। मामला स्थायी वर्गीकृत किए जाने व आदेश तिथि से स्थायी पद का वेतनमान सहित अन्य लाभ प्रदान किए जाने की मांग से संबंधित था। विविध अपीलकर्ता गंगानगर, गढ़ा निवासी छोटेलाल चौरसिया की ओर से अधिवक्ता राजेश कुमार पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अपीलकर्ता नगर निगम, जबलपुर के एकाउंट सेक्शन में निम्नश्रेणी लिपिक के रूप में पदस्थ है। पूर्व में उसका आवेदन श्रम न्यायालय ने निरस्त कर दिया था। जिसके विरुद्ध औद्योगिक न्यायालय में अपील दायर की थी। जहां से अपीलकर्ता के हक में आदेश पारित हुआ। किंतु नगर निगम आयुक्त की ओर से औद्योगिक न्यायालय के आदेश को हाई कोर्ट में अपील के जरिए चुनौती दे दी गई। हाई कोर्ट ने श्रम व औद्योगिक न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप न करते हुए उन्हें मैंटेन रखा। लिहाजा, फिर से श्रम न्यायालय में आवेदन दिया गया। किंतु तिथि बाह्य का बहाना बनाकर आवेदन निरस्त कर दिया गया। लिहाजा, फिर से औद्योगिक न्यायालय आना पड़ा। जिसने उभयपक्षों को सुनवाई का अवसर देकर गुणदोष के आधार पर निर्णय किए जाने के निर्देश दे दिए।

## एसबीआई को क्रेडिट कार्ड का बकाया निरस्त करने दिया आदेश

**जबलपुर।** जिला उपभोव्ता आयोग ने एसबीआइ कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेस लिमिटेड व एसबीआइ को आदेश दिया कि पुराने क्रेडिट कार्ड का बकाया एक हजार 955 रुपये लेकर वर्तमान बकाया नौ हजार 245 रुपये निरस्त करें। यही नहीं मानसिक पीड़ा के एवज में तीन हजार व मुकदमे का खर्च दो हजार भी भुगतान करें। दो माह में आदेश का पालन न होने पर नौ प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज भी देय होगा। जिला उपभोव्ता आयोग के चेयरमैन पंकज यादव व सदस्य अमित सिंह तिवारी की युगलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। परिवादी सिविल लाइंस, जबलपुर निवासी लक्ष्मण सिंह उईके की ओर से अधिवव्ता गौरव मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि परिवादी ने जनवरी, 2021 में क्रेडिट कार्ड लिया था। जिससे की गई खरीदी की राशि खाते से कटौती की जाती रही। महज एक हजार 955 रुपये शेष थे। इसी बीच कार्ड खो गया। लिहाजा, शिकायत कर दी गई। इसके बाद बिना मांग के नया कार्ड जारी कर दिया गया। साथ ही राशि बढ़ाते-बढ़ाते नौ हजार 245 रुपये कर दी गई। बावजूद इसके कि कार्ड कैंसिल कराने का कोड तक परिवादी के पास है। इस रवैये के विरुद्ध पहले लीगल नोटिस दिया गया। बाद में परिवाद दायर किया गया।

### ठंड में गौरीघाट में जम जाता इनका डेरा

# नर्मदा के तटों में साइबेरियन पक्षियों ने डाला पड़ाव

**जबलपुर।**

हर साल में ठंड में सायबेरियन पक्षी जबलपुर के नर्मदा तट की ओर रुख कर लेते है। गर्मी आते ही हिमालय की और रुख कर लेते है। बताया जाता है कि हिमालय में बहुत ज्यादा ठंड पड़ने के कारण जबलपुर की गुलाबी ठंड का मजा लेने गौरीघाट तट पर डेरा डाल लेते है। गौरीघाट तट में इन दिनों हजारों साइबेरियन पक्षियों का झुंड एक पखवाड़े से डेरा डाले हुए हैं। खूबसूरत पक्षियों को देखने के लिए दूर-दूर से स्थानीय और बाहरी पर्यटक भी आ रहें है। इन पक्षियों को बेसन के सेव बहुत पंसद हैं। नर्मदा के दर्शन करने जाने वालें लोग इन्हें बेसन के सेव खिलाते है कई पक्षी तो बेसन के सेव खाने के लिए हाथ में बैठ जाते है। बीते छह सालों से साइबेरियन पक्षी एक लंबा सफर तय करके मां नर्मदा के गौरी घाट तट पहुंचते है। कई हजार किलोमीटर का सफर तय करके ये साइबेरियन पक्षियों का देश के अलग-अलग नदियों के पास पहुंचता है। बताया जाता है जिस तेजी से गंगा नदी प्रदूषित हुई है, उसके बाद से अधिकतर साइबेरियन पक्षी नर्मदा का रुख कर रहें है।



कहा जाता है कि हिमालय के आसपास ठंड बहुत ज्यादा होती है, जिसे यह सह नहीं पाते इसलिए भारत आ जाते है।

पक्षियों के जानकार बताते हैं कि रूस का साइबेरिया स्थान बहुत ठंडा है। ये पक्षी वहां अधिक रहते हैं इसके कारण साइबेरियन पक्षी कहा जाता है। न्यूनतम पारा माइनस 40 से 50 डिग्री जाते ही इन पक्षियों को परेशानी होने लगती है, जिसके चलते सामान्य ठंडक वाले स्थानों में ये कुछ दिनों के लिए पहुंच जाते है।साइबेरिया में अक्टूबर से मार्च तक तेज ठंड बढ़ जाती है। इस दौरान ये अपनी जान बचाने के लिए दूसरा ठिकाना ढूंढ़ते हैं। नवंबर से लेकर फरवरी तक अफगानिस्तान, पाकिस्तान के ऊपर से होते हुए भारत पहुंचते हैं। हवाई रास्ते में आंधी-तूफान के कारण कई पक्षियों की मौत भी हो जाती है। नर्मदा तट में इन पक्षियों को खाने पीने की जरूरत पूरी हो जाती है,स्थान ठंडा होने के कारण ये आराम से रहते भी है, और फिर वापस चले जाते है।नर्मदा के गौरीघाट लहरों पर अटखेलियां करते सुंदर साइबेरियन पक्षी सभी का मन मोह लेते हैं। इन पक्षियों के साथ वीडियो बनाने वालों और सेल्फी लेने का दिन भर तांता लगा रहता है। सेल्फी लेने वाले लोग भी इनकी मोहक छवि को कैमरे में कैद कर लेते हैं। अब जैसे जैसे सर्दी का मौसम जाने को होगा वैसे ही इन प्रवासी मेहमानों की विदाई भी शुरू हो जाएगी। मार्च के अंत तक सभी विदेशी पक्षी अपने-अपने घर लौट जाएंगे। नर्मदा के गौरी घाट में रोजाना सैकड़ों भव्त दर्शन करने के लिए आते है। इस दौरान बेसन के सेव इन पक्षियों को खिलाते है।

## शिव मंदिर बाबाताल में भागवत कथा

# संस्कारों के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं : पं.इंद्रमणि

**सिहोरा।** शिव मन्दिर बाबाताल चल रही श्रीमद भागवत पुराण में तीसरे दिवस कथावाचक पंडित इंद्रमणि त्रिपाठी ने कपिल अवतार, ध्रुव चरित्र कथा प्रवचन में कहा कि,मनुष्य जीवन बार-बार नहीं मिलता है इसलिए इस कलयुग में दया धर्म भगवान के स्मरण से ही सारी योनियों को पार करता है। उन्होंने कहा कि, भगवान विष्णु ने पांचवा अवतार कपिल मुनि के रुप में लिया। कथा वाचक ने कहा कि किसी भी काम को करने के लिए मन में विश्वास होना चाहिए तो कभी असफल नहीं होंगे। ध्रुव चरित्र की कथा के बारे में भक्तों को विस्तार से वर्णन कर बताया। शिव-पार्वती विवाह प्रसंग प्रवचन में पण्डित इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि, यह पवित्र संस्कार है, लेकिन आधुनिक समय में प्राणी संस्कारों से दूर भाग रहा है। जीव के बिना शरीर निरर्थक होता है, ऐसे ही संस्कारों के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं होता। भक्ति में दिखावा नहीं होना चाहिए। जब सती के विरह में भगवान शंकर की दशा दयनीय हो गई,सती ने भी संकल्प के अनुसार राजा हिमालय के घर पर्वतराज की पुत्री होने पर पार्वती के रुप में जन्म लिया। पार्वती जब बड़ी हुईं तो हिमालय को उनकी शादी की चिंता सताने लगी। एक दिन देवर्षि नारद हिमालय के महल पहुंचे और पार्वती को देखकर उन्हें भगवान शिव के योग्य बताया। लेकिन शिव अब भी सती के विरह में ही रहे। ऐसे में शिव को पार्वती के प्रति अनुरक्त करने कामदेव को उनके पास भेजा गया, लेकिन वे भी शिव को विचलित नहीं कर सके और उनकी क्रोध की अग्नि में कामदेव भस्म हो गए। इसके बाद वे कैलाश पर्वत चले गए। तीन हजार सालों तक उन्होंने भगवान शिव को पाने के लिए तपस्या की। इसके बाद भगवान शिव का विवाह पार्वती के साथ हुआ।श्रीमद्भागवत पुराण की आरती में बड़ी संख्या में भक्त गण उपस्थित थे।





# अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया

**मझौली।** अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी मझौली के कार्यकर्ताओं के द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्या कर कर सुशासन दिन के रूप में मनाया गया एवं उनके जीवन के विषय पर उद्बबोधन दिए गए। इस मौके पर उपस्थित नगर के विजय नेता साहब राजेंद्र चौरसिया गोलू उपाध्याय महेंद्र कोस्टा जितेंद्र ताम्रकार डॉक्टर सुभाष शराफ बबलू जैन बबलू दहिया शादी उपस्थित थे।

## महाराजा खेत सिंह जूदेव की जयंती पर रैली आज

मझौली। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्वतंत्रत हिंदू सम्राट महाराजा खेत सिंह जूदेव की जयंती पर 27 दिसंबर दिन बुधवार को सुबह 10 बजे से शैर पराक्रम वीर यात्रा का आयोजन पडरिया धाम मंदिर परिसर सिहोरा रोड मझौली से शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए भगवान श्री विष्णु बाराह मंदिर पहुंचेगी एवं वापस मंदिर परिसर पर पहुंचकर प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा एवं उनके जीवन परिचय पर उद्बोधन दिया जाएगा ।

### उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल करेंगे उद्घाटन

# आज से तीन दिवसीय भारतीय इंजीनियरिंग कांग्रेस

**जबलपुर।** इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) लोकल सेंटर जबलपुर के तत्वावधान और भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से तीन दिवसीय 38वीं भारतीय इंजीनियरिंग कांग्रेस 27 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक होटल रॉयल ऑर्बिट, जबलपुर आयोजित हो रही है। "रीइमेजिनिंग टुमॉरोः "शेपिंग द फ्यूचर थ्रू डिसरप्टिव एंड इंटरडिसिप्लिनरी टेक्नोलॉजीज" विषय पर आयोजित इस इंजीनियरिंग कांग्रेस का उद्घाटन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल करेगें।मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व सचिव यूपी सिंह होगें।

कांग्रेस में उद्योग उत्कृष्टता पुरस्कार और शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार भी प्रदान किये जायेंगे। इस आयोजन के दौरान विभिन्न पीएसयू और बहुराष्ट्रीय कंपनियों सहित कुल 18 उद्योगों और 9 प्रसिद्ध इंजीनियरिंग शैक्षणिक संस्थानों को पुरस्कृत किया जाएगा। तीन दिनों के आयोजनों में देश और विदेशी के शीर्ष इंजीनियरिंग पेशेवरों द्वारा इंजीनियरिंग पेशे के दिग्गजों की स्मृति में 8 मेमोरियल व्याख्यान दिए जाएंगे। कार्यक्रम में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दो प्रतिष्ठित इंजीनियरों को सम्मानित करेंगे। जिनमें लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी, वीएसएम (सेवानिवृत्त), पूर्व निदेशक, सीमा सड़क और श्री विनय कुमार सिंह, एमडी, एनसीआरटीसी शामिल हैं। लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड की प्रबंधन कार्यकारी समिति के सदस्य श्री जयंत डी पाटिल और द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स, श्रीलंका (आईईएसएल) के अध्यक्ष डॉ. रंजीत डिसनायके द्वारा दूरदर्शी वार्तायें प्रस्तुत की जावेगी। कोरियाई इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स , इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स, श्रीलंका , द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स, बांग्लादेश, नेपाल इंजीनियर्स एसोसिएशन , कुवैत और नेपाल ओवरसीज चैप्टर के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेगें।

### 75 पेपर होगें प्रस्तुत

कांग्रेस सेमिनार के लिए दस तकनीकी सत्र निर्धारित किए गए हैं जहां इंजीनियरिंग की विभिन्न शाखाओं से लगभग 75 पेपर प्रस्तुत किए जाएंगे। कांग्रेस के दौरान एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है जहां उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों को अपने उत्पादों, प्रौद्योगिकी और सेवाओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

# गुरु गोविंद सिंह जी के शहजादों का बलिदान विश्व के लिए प्रेरणा स्त्रोत

**जबलपुर।** राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए अत्यंत अल्प आयु में गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों का बहादुरी पूर्वक बलिदान पूरी दुनिया के धर्म और राष्ट्र प्रेमियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उक्त उद्गार भारत रक्षा मंच, महाकौशल प्रांत द्वारा नर्मदा ज्ञान मंदिर उच्चतर माध्यमिक शाला भेड़ाघाट में आयोजित वीर बाल दिवस समारोह में केंद्रीय गुरुसिंह सभा के संभागीय सचिव रंजीत सिंह भामरा ने मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी शरद अग्रवाल ने इन वीर बालकों की गाथा को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रांत अध्यक्ष डॉ. एच. पी. तिवारी ने कहा कि वीर बाल दिवस के आयोजन से बच्चों के मन धर्म और राष्ट्र के प्रति त्याग और बलिदान की भावना का संचार होगा।संयोजक अरुण चंदेल ने कहा कि प्रत्येक शिक्षण संस्थान में वीर बाल दिवस का आयोजन अनिवार्य किया जाना चाहिए।कार्यक्रम का संचालन डॉ. एच. पी. तिवारी ने तथा आभार प्रदर्शन प्रांतीय मंत्री जीवेश पांडे ने किया। कार्यक्रम में सचिन अवस्थी, रमिंदर सिंह, जसप्रीत सिंह आनंद व अमन बिंद्रा ने भी अपने विचार रखे। आयोजन में संदेश त्रिपाठी, सपना दुबे, शेखर अय्यर,सुमित प्यासी व श्रीराम प्यासी का विशेष योगदान रहा।

## शराबखोरी और गालीगलौज पर दो पक्षों में विवाद

# भेड़ाघाट में मारपीट-पथराव, 7 घायल

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्र रामनगर आरछा में शराब पीकर गालियां देने से मना करने की बात पर दो पक्षों ने एक दूसर पर कटोनी, डंडे व पत्थर से हमला कर घायल कर दिया। मारपीट की इस वारदात में सात लोग घायल हो गए, जिनमें एक महिला भी शामिल है।



भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामनगर आरछा निवासी 29 वर्षीय दिलीप पटेल गत रात लगभग 10 बजे घर पर सभी खाना खाकर सो गये थे। रात लगभग 11 बजे सोनू विश्वकर्मा, आनंद बर्मन, मुकुल विश्वकर्मा, गोविन्द बर्मन उसके घर के सामने किसी को गाली बक रहे थे, उसने घर के बाहर निकलकर घर के सामने गाली देने से मना किया इसी बात पर चारों ने उसके साथ गालीगलौज की। गालियां देने से मना करने पर सोनू विश्वकर्मा ने कटोनी से हमलाकर सिर एवं आनंद बर्मन के कंधे में चोटे पहुचा दी। उसका भाई सुखदीन पटेल एवं बुआ कुसुमाबाई श्रीराम पटैल बचाने आये तो मुकुल ने डंडा पत्थर से सुखदीन को मारा और बुआ पर श्रीराम पटैल ने पत्थर फेंककर मारा।

इसी तरह दूसरा पक्ष रामनगर आरछा निवासी 35 वर्षीय दिलीप विश्वकर्मा के घर के सामने गत दिवस गांव के सत्तू गोंड शराब पीकर गालीगलौज कर रहे, जिन्हें समझाया तो गांव का दिनेश पटेल गालियां देने लगा मना करने पर दिनेश पटेल, छोटे भाई पटैल, दिलीप पटैल, श्रीराम पटेल उसके घर आए और छोटे भाई पटेल ने कटोनी से दिलीप पर हमला कर दिया। बीच बचाव करने आए सोनू विश्वकर्मा, मुकुल विश्वकर्मा को दिनेश पटेल, दिलीप पटेल, श्रीराम पटेल ने पकड़ लिया और छोटे भाई ने पत्थर से हमला कर घायल कर दिया, वही रास्ते में जा रहे सोनू बसोर को किसी ने पत्थर फैंककर मारा जिससे वह भी घायल हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 336, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह का आगमन कल

जबलपुर। मप्र सरकार के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री एवं पश्चिम क्षेत्र के विधायक राकेश सिंह का गुरुवार 28 दिसंबर को भोपाल से जबलपुर आगमन होगा। श्री सिंह ने कार्यकर्ताओं एवं स्नेहीजनों से अपील करते हुए कहा है कि नेतृत्व ने मप्र सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में मुझे एक दायित्व सौंपा है, देश के प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है साथ ही 2024 में होने वाले लोकसभा के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पुनः सरकार बनाने हेतु हम सभी कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करे और जनता का आशीर्वाद प्राप्त करे। श्री सिंह ने कहा मेरा आग्रह है कि मेरे आगमन पर स्वागत रैली या जुलूस न निकाले और हम अपने समय का सदुपयोग संगठन को मजबूत बनाने और सरकार की योजनाओं का लाभ वांछित लोगो को दिलाने में प्राण प्रण से जुट जाएं।

## अंग्रेजी व देशी शराब सहित वाहन जब्त

# अवैध शराब तस्करों की धरपकड़ हुई तेज



**जबलपुर।** सिहोरा और मझौली पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी में लिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12 बॉटल अंग्रेजी और 90 पाव देशी शराब व परिवहन में प्रयुक्त ईको वैन व स्कूटी जब्त की है। सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चौकीताल भेड़ाघाट निवासी 22 वर्षीय अंकित पटेल और सदर थाना केंट निवासी 30 वर्षीय शेख समीर गत दिवस मझौली बायपास ब्रिज के पास वेन क्रमांक एमपी 20 जेड डी 0661 में अंग्रेजी शराब रखकर जा रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अंकित पटेल और शेख समीर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12 बॉटल अंग्रेजी शराब और ईको वाहन जब्त कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपी के विरूद्ध धारा 34(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है। इसी तरह मझौली में ग्राम गाड़ा गनियारी हिरन नदी पुल के पास एक बिना नंबर की स्कूटी में शराब रखकर ले जा रहे ग्राम खिरवा हरदुआ निवासी 32 वर्षीय ब्रजेश झारिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 90 पाव देशी शराब और स्कूटी जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकरी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

# जुए के फड़ पर छापा मारकर 6 जुआरियों से 38 हजार जब्त



**जबलपुर।** पनागर पुलिस ने मुड़िया रोड नहर के पास गत रात जुए के फड़ पर छापा मारकर 6 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 38 हजार 600 रुपए जब्त कर लिए है।

पनागर थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि गत रात मुड़िया रोड नहर के पास खेत में लगे बिजली के खंबे में बल्ब की रोशनी में जुआ मन्ना खेल रहे नई बस्ती परियट थाना पनागर निवासी 35 वर्षीय सोनू यादव, खटीक मोहल्ला बड़ी खेरमाई हनुमानताल निवासी बंटी उर्फ भारत खटीक, नई बस्ती परियट पनागर 49 वर्षीय जवाहर अहिरवार, मढ़ई रांझी 52 वर्षीय भुवन, दस्सी पंडा की गली गोहलपुर निवासी 32 वर्षीय इंदरपाल सिंह गढ़ेवाल, नई बस्ती परियट पनागर निवासी 22 वर्षीय शुभम बर्मन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से ताश के 52 पत्ते और 38 हजार 600 रुपए जब्त किए है। पुलिस ने सभी जुआड़ियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## शराब के नशे में युवक ने फांसी लगाई

जबलपुर। खमरिया थाना अतंर्गत ग्राम रिठौरी में शराब के नशें में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। खमरिया पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रिठौरी निवासी 28 वर्षीय सोनू ठाकुर गत दोपहर लगभग 2 बजे शराब पीकर घर आया और अंदर से दरवाजा लगाकर सो गया। दोपहर लगभग 3.30 बजे तक दरवाजा नहीं खोला तो उसकी भाभी सरोज बाई ने घर के पीछे के खप्पड़ निकाल कर देखी तो घर के मडवा में डली लकड़ी में लगे खीले में रस्सी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## पड़ोसी ने चाकू से किया हमला

# घर के सामने शराब की बोतल फोड़ने पर विवाद

**जबलपुर।** खमरिया और मदनमहल थाना क्षेत्र में मारपीट की दो वारदातें सामने आई है। मारपीट की इस वारदात में दो युवक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

खमरिया पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार उमरिया तालाब के पास खमरिया निवासी 24 वर्षीय अमित यादव गत शाम लगभग 7 बजे काम करके अपने घर पहुंचा, घर के सामने शराब की फूटी बॉटल पड़ी थी तो उसने कहा कि घर के सामने बॉटल किसने फेंकी है तभी पड़ोसी सुरेंद्र यादव अपने घर से आया और उसके साथ गालीगलौज करने लगा, मना करने पर मारपीट कर चाकू से उसके हाथ पर हमला कर घायल कर दिया। अमित के मामा रामदास और पत्नी पूजा ने बीच बचाव किया तो सुरेंद्र ने



जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 324, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### कार से उतरे बदमाशों ने चलाए दनादन चाकू

इसी तरह मदनमहल में गेट नंबर 2 छवि नेत्रालय के पास मदनमहल निवासी 29 वर्षीय सतीश रैकवार गत शाम लगभग 7 बजे अपने दोस्त अरुण रैकवार के साथ अरुण की स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एमएस 1239 में पेट्रोल डलवाने रानीताल पेट्रोल पंप आ रहे थे। उसी समय गेट नंबर 2 तरफ से एक स्कार्पियों वाला आया और नव निर्मित कॉम्पलेक्स के पास रानीताल चौक पर सामने से अपनी स्कार्पियों लगाकर कुछ देर तक खड़ा रहा, उसी दौरान कुछ समय बाद स्कार्पियों के पीछे से एक सफेद रंग की कार से कुछ लोग उतरे और अरुण रैकवार की जांघों पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। अरुण का दोस्त सतीश डर के कारण वहां से भाग गया। घायल अरुण को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 341, 324, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत करमेता बजरंग नगर में एक युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। उसने ऐसा क्यों और किन परिस्थितयों में कर लिया यह अभी अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बजरंगर नगर करमेता निवासी 19 वर्षीय कन्हैया सोनी को जहरीली वस्तु का सेवन करने के कारण गत रात 1.30 बजे परिजनों द्वारा मेट्रो अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार दौरान मंगलवार की सुबह 5.45 बजे कन्हैया सोनी की मृत्यु हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।




**श्री राजेंद्र प्रसाद मिश्रा-** अवधपुरी कॉलोनी ग्वारीघाट रोड निवासी श्री राजेंद्र प्रसाद मिश्रा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम नारायण सबलोक-** कृपाल चौक मदनमहल रोड निवासी श्री राम नारायण सबलोक (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री जगदीश प्रसाद वर्मा-** कजरवारा नई बस्ती निवासी श्री जगदीश प्रसाद वर्मा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जीतेंद्र ठाकुर-** भोलानगर निवासी श्री कौड़ी लाल ठाकुर के पुत्र श्री जीतेंद्र ठाकुर (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रामा देवी सविता-** कानपुर निवासी श्री शीतलादीन सविता की धर्मपत्नी श्रीमती रामा देवी सविता (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राकेश यादव-** पुलिस लाइन कांचघर निवासी श्री रामचरन यादव के पुत्र श्री राकेश यादव (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मुन्नी बाई बर्मन-** ललपुर नई बस्ती निवासी श्री अगनू बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई बर्मन (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती तिजिया बाई साहू-** सिद्धबाबा साहू मोहल्ला निवासी श्री रामदुलारे साहू की धर्मपत्नी श्रीमती तिजिया बाई साहू (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अशोक कछवाहा-** शताब्दीपुरम बड़ी उखरी निवासी श्री अशोक कछवाहा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजकुमार बेन-** वल्दी कोरी की दफाई विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री राजकुमार बेन (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पूरन लाल पटेल-** पाटन दुर्गा मंदिर के पास निवासी श्री पूरन लाल पटेल (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अर्जुन तिवारी-** बेलबाग छुई मोहल्ला निवासी श्री रामदुलारे तिवारी के पुत्र श्री अर्जुन तिवारी (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सीता नारायण तिवारी-** एकता कॉलोनी विजयनगर निवासी श्री सीता नारायण तिवारी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिनेश चौहान-** हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री केबी चौहान के पुत्र श्री दिनेश चौहान का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री दत्तात्रय झारिया-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री धीरज लाल झारिया के पुत्र श्री दत्तात्रय झारिया (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सौरभ यादव-** अंजनी कॉलोनी रिछाई व्हीकल निवासी श्री राम कुमार यादव के पुत्र श्री सौरभ यादव (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती कौशल्या उपाध्याय-** शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री मोहन प्रसाद उपाध्याय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या उपाध्याय (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजेंद्र कुमार-** बिलहरी निवासी श्री अजेंद्र कुमार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री कन्हैया सोनी-** बजरंग नगर करमेता निवासी श्री राजेंद्र सोनी के पुत्र श्री कन्हैया सोनी (19) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रोहणी प्रसाद ठाकुर-** बजरंग नगर करमेता निवासी श्री रोहणी प्रसाद ठाकुर (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री महेश सिंह राठौर-** कछपुरा मालगोदाम के पास निवासी श्री महेश सिंह राठौर (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## खबर संक्षेप



### टाटा मोटर्स को मिला 1350 बस चेसिस का ठेका

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम से डीजल बस की 1,350 'चेसिस' की आपूर्ति का ठेका मिला है। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह ठेका कंपनी के टाटा एलपीओ 1618 डीजल बस 'चेसिस' के लिए मिला है। इसे अंतर-शहर और लंबी दूरी की यात्रा के लिए बनाया गया है। बयान में कहा गया, 'यह ठेका टाटा मोटर्स को सरकारी निविदा प्रक्रिया के जरिये आयोजित ई-बोली के बाद मिला है।

### आईनॉक्स विंड को मिला 279 मेगावाट का ठेका



**नई दिल्ली।** आईनॉक्स विंड लिमिटेड (आईडब्ल्यूएल) को एक बड़ी वाणिज्यिक एवं औद्योगिक कंपनी से 279 मेगावाट की परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, इसमें 180 मेगावाट के लिए सीमित दायरे वाले ईपीसी (इंजीनियरिंग निर्माण खरीद) और 99 मेगावाट के लिए एंड-टू-एंड टर्नकी निष्पादन के साथ उपकरण की आपूर्ति शामिल है।

### एसबीआई ने मुथूट फिनकॉर्प की ओर से एनसीडी खरीदे




**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मुथूट फिनकॉर्प की ओर से जारी 200 करोड़ रुपये के गैर परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) खरीद लिए हैं। मुथूट पप्पाचन समूह की प्रमुख कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, बॉन्ड की परिपक्वता अवधि पांच साल है और छमाही आधार पर ब्याज दिया जाएगा। हालांकि, कंपनी ने निर्गम की कीमत का खुलासा नहीं किया।

### आईएचसीएल ने तवांग में खोला विवांता होटल



**मुंबई।** इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग में 10,000 फुट की ऊंचाई पर विवांता होटल खोलने की मंगलवार को घोषणा की। आईएचसीएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुनीत चटवाल ने कहा, 'हम अरुणाचल प्रदेश के तवांग में विवांता खोलकर काफी खुश हैं। शिलांग, गंगटोक और तवांग सहित उभरते स्थलों को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर लाने के प्रयास जारी रखना पूर्वोत्तर भारत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।'

### जायडस हेल्थकेयर को मिला आयकर नोटिस




**नई दिल्ली।** जायडस लाइफसाइंसेज ने मंगलवार को कहा कि उसकी इकाई जायडस हेल्थकेयर लिमिटेड को कर आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 284.58 करोड़ रुपये का आयकर नोटिस मिला है। जायडस लाइफसाइंसेज ने शेयर बाजार को दी गई एक सूचना में कहा कि उसके पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी जायडस हेल्थकेयर लिमिटेड (जेडएचएल) को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 143 (1) के तहत 284.58 करोड़ रुपये की कर मांग निर्धारित किए जाने की सूचना मिली है।

# 2024 में भी जारी रह सकती है एफडी से कमाई, इन 4 बैंकों ने ब्याज दरें बढ़ाईं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल में हुई मौद्रिक नीति समिति की बैठक में लगातार पांचवीं बार रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है, लेकिन सावधि जमा (एफडी) की ब्याज दरों में बढ़ोतरी जारी है। कई बैंकों ने इस महीने एफडी पर ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। जानकारों की मानें तो एफडी पर कमाई का सिलसिला अभी और कुछ महीने यानी 2024 में भी जारी रह सकता है। दो करोड़ से कम की एफडी के लिए चयनित कार्यकाल पर सावधि जमा दरों में वृद्धि की गई है। नई दरें 13 दिसंबर से प्रभावी हैं। बैंक की वेबसाइट के अनुसार, दरों में बदलाव के बाद सामान्य ग्राहकों को आठ पर्सेंट और वरिष्ठ नागरिकों को 8.60 पर्सेंट ब्याज मिलेगा। सामान्य ग्राहकों को सात दिनों से 10 वर्ष की एफडी पर 3.75 पर्सेंट से आठ पर्सेंट और वरिष्ठ नागरिकों को 4.25 पर्सेंट से 8.60 पर्सेंट तक ब्याज दर दिया जा रहा।

## कई बैंकों ने इस महीने एफडी पर ब्याज दरे बढ़ा दी है

### बैंक ऑफ इंडिया ने सावधि जमा दरों में की वृद्धि

बैंक ने एक दिसंबर 2023 से ग्राहकों के लिए (दो करोड़ रुपये से अधिक और 10 करोड़ रुपये से कम) एफडी दरों में इजाफा किया है। छोटी अवधि के लिए दरें बढ़ाई हैं। 46 दिन से 90 दिन की अवधि पर 5.25 पर्सेंट, 91 दिन से 179 दिन की अवधि के लिए 6.00 पर्सेंट, 180 दिन से 210 दिन के लिए 6.25 पर्सेंट, 211 दिन से एक वर्ष से कम अवधि तक के लिए 6.50 पर्सेंट तय किया है। वहीं, एक साल के लिए 7.25 पर्सेंट ब्याज दरें निर्धारित कर दी हैं।




■ एफडी पर कमाई का सिलसिला अभी और कुछ माह जारी रहेगा

### कोटक बैंक ने पांच साल की अवधि के लिए ब्याज दरें बढ़ाईं

*तीन से पांच साल तक की अवधि के लिए ब्याज दरें बढ़ाई गईं हैं। इसके तहत सात दिन से 10 वर्ष में पूरा होने वाली एफडी पर सामान्य ग्राहकों के लिए 2.75 पर्सेंट से 7.25 पर्सेंट ब्याज दर हो गया है। जबकि, वरिष्ठ नागरिकों के लिए 3.35 पर्सेंट से 7.80 पर्सेंट ब्याज दर हुआ। नई दरें 11 दिसंबर 2023 से प्रभावी हैं।*

### फेडरल बैंक 500 दिनों के लिए देगा 7.50 फीसदी ब्याज

बैंक ने पांच दिसंबर 2023 से एफडी दरों में बढ़ोतरी करते हुए 500 दिनों के लिए ब्याज दर 7.50 पर्सेंट तक किया है। वहीं, वरिष्ठ नागरिकों के लिए 500 दिन की अवधि के लिए अधिकतम 8.15 पर्सेंट और 21 माह से अधिक से तीन वर्ष से कम अवधि के लिए 7.80 पर्सेंट ब्याज दे रहा।

# इस्पात क्षेत्र के लिए पीएलआई 2-0 योजना पर अभी काम जारी

*कंपनियों को इस्पात आयात पर अंकुश लगाने जैसे कदमों का इंतजार*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि सरकार, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना 2.0 पर काम कर रही है और साथ ही 2024 में इस्पात क्षेत्र के लिए पर्याप्त कच्चे माल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के तरीकों पर भी विचार किया जा रहा है। मजबूत आर्थिक वृद्धि से इस्पात की मांग बढ़ेगी, हालांकि उद्योग से जुड़ी कंपनियां भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच बढ़ते आयात और कच्चे माल की ऊंची कीमतों को लेकर चिंतित हैं। इस क्षेत्र के 2020-21 में कोविड-19 वैश्विक महामारी से प्रभावित रहने के बाद अब इस्पात के उत्पादन और खपत में मजबूत सुधार हुआ है।

### तैयार इस्पात की सालाना खपत 14 फीसदी बढ़ी

*इस्पात मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस साल अप्रैल-नवंबर में कच्चे इस्पात का संचयी उत्पादन 14.5 प्रतिशत बढ़कर 9.401 करोड़ टन रहा। इसी अवधि में तैयार इस्पात की खपत सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 8.697 करोड़ टन हो गई। भारत ने 2030 तक 30 करोड़ टन की स्थापित इस्पात विनिर्माण क्षमता का लक्ष्य रखा है।*

- पर्याप्त कच्चे माल की आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विचार
- मजबूत आर्थिक वृद्धि से इस्पात की मांग बढ़ेगी
- बढ़ते आयात और कच्चे माल की ऊंची कीमतों को लेकर चिंता



### एआई के इस्तेमाल पर जोर

*कुलस्ते ने कहा कि इसके अलावा इस्पात उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उद्योग की कंपनियों के बीच कृत्रिम मेधा (एआई) और नए युग की प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल पर जोर देने के प्रयास किए जाएंगे। साथ ही कार्बन उत्सर्जन को कम करने पर भी ध्यान दिया जाएगा। कुलस्ते के पास ग्रामीण विकास राज्य मंत्री का प्रभार भी है।*

### कंपनियां अपनी क्षमता बढ़ा रही

*कुलस्ते ने कहा कि सभी इस्पात कंपनियां अपनी क्षमताएं बढ़ा रही हैं और व्यापार सुगमता सुनिश्चित करने के लिए सरकार उनकी परियोजनाओं से जुड़ी मंजूरी में मदद कर रही है। उन्होंने कहा, 'हमारा मंत्रालय राज्य सरकारों और उसके अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है, ताकि उनकी परियोजनाओं के समक्ष पेश होने वाली किसी भी समस्या से निपटने में मदद की जा सके।'*

### स्कैप के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर जोर

वर्तमान में देश की क्षमता करीब 16.1 करोड़ टन है। कुलस्ते ने 2024 में इस्पात उद्योग के लिए सरकार की प्राथमिकताओं के बारे में बात करते हुए कहा, 'हम इस्पात क्षेत्र के लिए पीएलआई 2.0 की तैयारी कर रहे हैं। इस पर विभिन्न स्तरों पर चर्चा जारी है।' इस्पात राज्य मंत्री ने कहा कि सरकार इस्पात उद्योग के लिए कच्चे माल की आपूर्ति सुनिश्चित करेगी और स्क्रैप के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### स्टील उत्पादों की डंपिंग के कई मामले

*मंत्री ने कहा कि सरकार कोकिंग कोयले की 'सोर्सिंग' के लिए वैकल्पिक विकल्प तलाशने के लिए कई देशों के साथ काम कर रही है। वहीं इंडियन स्टील एसोसिएशन (आईएसए) के अनुसार, पिछले दिनों चीन और वियतनाम सहित कई स्थान पर सामने आए 'स्टील उत्पादों की डंपिंग' के मामले सामने आने के बाद अब नए साल में बढ़ते आयात तथा कच्चे माल की ऊंची कीमतें उद्योग के लिए चिंता का विषय बनी रहेंगी।*

### भारत 90 फीसदी कोल आयात पर निर्भर

*भारत अपनी 90 प्रतिशत कोकिंग कोयले की आवश्यकता को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर है। 2023 में अब तक आयात सात-आठ करोड़ टन के बीच रहा है। आईएसए के महासचिव आलोक सहाय ने कहा कि उद्योग को आयात की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।*

# चालू खाते का घाटा दूसरी तिमाही में घटकर 8.3 अरब डॉलर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- घाटा जीडीपी का एक प्रतिशत रहा
- सेवा निर्यात बढ़ने से चालू खाते का घाटा

देश के चालू खाते के घाटे (कैड) में कमी आई है। यह चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कम होकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का एक प्रतिशत यानी 8.3 अरब डॉलर रहा है। मुख्य रूप से वस्तु व्यापार का घाटा कम होने तथा सेवा निर्यात बढ़ने से चालू खाते का घाटा कम हुआ है। चालू खाते का घाटा बीते वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में 3.8 प्रतिशत यानी 30.9 अरब डॉलर रहा था। कैड मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही अप्रैल-जून में 9.2 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 1.1 प्रतिशत था। भारत के चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान भुगतान संतुलन की स्थिति पर जारी आंकड़ों के अनुसार, 'कैड चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में कम हुआ है। इसका कारण वस्तु व्यापार घाटे (वस्तु निर्यात-आयात का अंतर) का कम होना है। यह 2023-24 की दूसरी तिमाही में 61 अरब डॉलर रहा जो 2022-23 की दूसरी तिमाही में 78.3 अरब डॉलर था।'



### सॉफ्टवेयर निर्यात में वृद्धि

*रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, सॉफ्टवेयर निर्यात, व्यापार और यात्री सेवाएं बढ़ने से सेवा निर्यात सालाना आधार पर 4.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा। शुद्ध सेवा प्राप्तियां तिमाही और सालाना आधार दोनों स्तर पर बढ़ी हैं।*

# अदाणी परिवार हरित ऊर्जा इकाई में करेगा निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- कंपनी 2030 तक 45 गीगावाट क्षमता का लक्ष्य हासिल करेगी

अरबपति गौतम अदाणी और उनका परिवार हरित ऊर्जा इकाई में 9,350 करोड़ रुपये का निवेश करेगा ताकि कंपनी को वर्ष 2030 तक 45 गीगावाट क्षमता का लक्ष्य हासिल करने लायक बनाया जा सके। अदाणी ग्रीन एनर्जी लि मि टे ड (एजीईएल) ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने प्रवर्तकों को 1,480.75 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 6.31 करोड़ तरजीही वारंट जारी करने की योजना को मंजूरी दी। इस तरह वारंट जारी कर 9,350 करोड़ रुपये की राशि जुटाई जाएगी। कंपनी में प्रवर्तकों की तरफ से 9,350 करोड़ रुपये के इस निवेश का इस्तेमाल 'उधारी चुकाने और त्वरित पूंजीगत व्यय के लिए किया जाएगा।' इस निवेश के बाद अडाणी ग्रीन एनर्जी में प्रवर्तक समूह की फर्मों को 3.833 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी मिलेगी। कंपनी के पास 1.2 अरब डॉलर मूल्य के बांड हैं जो अगले साल परिपक्व होने वाले हैं। इन बॉन्ड के भुगतान या पुनर्वित्तपोषण के लिए कंपनी ने योजनाएं बनानी पहले ही शुरू कर दी हैं। कंपनी ने कहा कि तरजीही वारंट जारी करने के लिए नियामकीय एवं वैधानिक निकायों की भी मंजूरी लेनी होगी। इसके अलावा 18 जनवरी को होने वाली कंपनी की असाधारण आम बैठक (ईजीएम) में भी इसपर शेयरधारकों की स्वीकृति ली जाएगी।




### स्वच्छ ऊर्जा का सपना साकार होगा

*अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा, 'अदाणी परिवार का यह निवेश न केवल हमारे देश के स्वच्छ ऊर्जा के सपने को साकार करने बल्कि एक न्यायसंगत ऊर्जा बदलाव के लिए भी हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।... धन के निवेश के साथ एजीईएल अपने तीव्र वृद्धि पथ को पाने के लिए अनुकूल स्थिति में है।'*

# सोने में 250 रुपए की तेजी चांदी 350 रुपए मजबूत

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोना 250 रुपये की तेजी के साथ 63,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'मंगलवार को सोने की कीमतों में तेजी दर्ज हुई। विदेशी बाजारों में तेजी के कारोबार के बाद दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें 250 रुपये तक बढ़ गईं।' चांदी की कीमत भी 350 रुपये मजबूत होकर 79,450 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।



# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- सेंसेक्स 230 अंक चढ़ा, निफ्टी में 92 अंक की तेजी

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 229 अंक से अधिक के लाभ में रहा। बिजली, तेल एवं गैस तथा बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 229.84 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,336.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 364.33 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स की तेजी में लगभग 120 अंक का योगदान एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज का रहा। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 91.95 अंक यानी 0.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,441.35 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 41 शेयर लाभ में जबकि नौ नुकसान में रहे। तीन सत्रों में बढ़त के साथ निफ्टी अबतक 291 अंक चढ़ चुका है। वहीं सेंसेक्स 830 अंक के लाभ में रहा है। बिजली, जन केंद्रित सेवाएं, तेल एवं गैस तथा जिंस शेयरों में लिवाली रही जबकि आईटी तथा प्रौद्योगिकी शेयर बिकवाली दबाव में रहे।



### एनटीपीसी रहा सबसे ज्यादा मजबूत

*सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी सबसे ज्यादा 2.44 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, विप्रो, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, पावरग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज एचडीएफसी बैंक और टाइटन प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।*

### इन शेयरों में रहा नुकसान

*दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स और एचसीएल टेक्नोलॉजीज शामिल हैं।*

# कर्नाटक में परिवारों की औसत मासिक आय सबसे ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश में परिवारों की औसत मासिक आय के मामले में कर्नाटक सबसे आगे है। वर्ष 2023 में कर्नाटक में प्रति परिवार औसत मासिक आय 35,411 रुपये रही और इस मामले में उसने महाराष्ट्र को पीछे छोड़ दिया है। मनी9 वार्षिक पर्सनल फाइनेंस पल्स सर्वेक्षण- 2023 के नतीजों में यह जानकारी दी गई है। सर्वेक्षण में यह बात भी सामने आई है कि देश के नागरिकों के लिए इलाज का खर्च उठाना भारी पड़ रहा है। अचानक किसी गंभीर बीमारी की वजह से इस साल 22 प्रतिशत से अधिक भारतीयों को अपनी जीवन भर की बचत गंवानी पड़ी है। वहीं 56 प्रतिशत भारतीय परिवार ऐसे हैं जो आज भी नौकरी छूटने के डर के बीच जी रहे हैं। सर्वेक्षण में भारतीय परिवारों की आमदनी, खर्च, जीवन स्तर, बचत, निवेश और भविष्य की आकांक्षाओं की पड़ताल की गई है। राज्यों की मासिक आय के बारे में इसमें कहा गया है, 'देश में परिवारों की औसत मासिक आय के मामले में कर्नाटक ने महाराष्ट्र को पीछे छोड़ दिया है। वर्ष 2023 में कर्नाटक में प्रति परिवार औसत मासिक आय 35,411 रुपये रही।' पिछले साल के सर्वेक्षण में औसत मासिक आय के मामले में महाराष्ट्र शीर्ष पर था। टीवी9 नेटवर्क के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वरुण दास ने कहा, मनी9 वार्षिक पर्सनल फाइनेंस पल्स सर्वेक्षण वित्तीय चुनौतियों के बीच भारत की जुझारू क्षमता को दर्शाता है।



### सोना और बैंक जमा के प्रति भारतीय आकर्षित

*निवेश के नए विकल्पों के बावजूद सोने और पारंपरिक बैंक जमा के प्रति भारतीयों का आकर्षण बना हुआ है। लगभग 77 प्रतिशत भारतीय अपनी कमाई बैंक जमा के रूप में रखना पसंद करते हैं। दूसरी ओर 21 प्रतिशत सोने में निवेश करने को तरजीह देते हैं। हालांकि, सर्वेक्षण से पता चलता है कि भारतीयों परिवारों में बीमा और शेयर बाजार में निवेश के प्रति रुझान भी बढ़ रहा है।*

## मोतीसंस ज्वेलर्स का शेयर पहले दिन के कारोबार में 88 प्रतिशत चढ़ा

# निवेशकों को घाटा दे गए 2 आईपीओ, एक ने पहुंचाया फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

साल 2023 में कारोबार के आखिरी हफ्ते में लिस्ट हुए दो आईपीओ निवेशकों को निराश कर गए तो एक आईपीओ में निवेशकों को फायदा हुआ। मुथूट माइक्रोफिन और सूरज एस्टेट डेवलपर्स के आईपीओ निवेशकों को फायदा नहीं दे पाए और डिस्काउंट पर लिस्ट हुए हैं। मुथूट माइक्रोफिन का आईपीओ मंगलवार को अपने इश्यू प्राइस के मुकाबले लगभग 5 फीसदी डिस्काउंट पर लिस्ट हुआ। ग्रे मार्केट में भी मुथूट कंपनी के आईपीओ को अच्छा रिस्पोंस नहीं मिला था। इसके बाद से ही इसकी कमजोर लिस्टिंग के कयास लगाए जाने लगे थे। इसके अलावा सूरज एस्टेट डेवलपर्स का आईपीओ भी निवेशकों को फायदा नहीं पहुंचा पाया। यह अपने इश्यू प्राइस से लगभग 6 फीसदी कम रेट पर 340 रुपए पर लिस्ट हुआ है।



### कितनी कीमत पर हुआ लिस्ट

*मुथूट का इश्यू प्राइस के मुकाबले डिस्काउंट पर लिस्ट हुई। कंपनी ने इश्यू प्राइस 291 प्रति शेयर रखा था। मगर, यह एनएसई पर यह 4.56 फीसदी डिस्काउंट के साथ 275.30 रुपए प्रति शेयर में लिस्ट हुआ। बीएसई पर ये स्टॉक 4.47 फीसदी छूट के साथ 278 रुपए पर खुला। कंपनी का आईपीओ 960 करोड़ रुपए का था।*

### 340 रुपए पर हुई सूरज एस्टेट की लिस्टिंग

*सूरज एस्टेट के आईपीओ की लिस्टिंग भी उम्मीद के विपरीत हुई। कंपनी ने इश्यू प्राइस 360 रुपए रखा था। मगर, एनएसई पर इसकी लिस्टिंग 340 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से हुई। बीएसई पर कंपनी का शेयर लगभग 4.5 फीसदी डिस्काउंट पर 343.80 रुपए पर लिस्ट हुआ। इससे निवेशकों में काफी निराशा है।*

### मोतीसंस ज्वेलर्स 103.90 रु. पर सूचीबद्ध

*मोतीसंस ज्वेलर्स का शेयर मंगलवार को अपने निर्गम मूल्य 55 रुपए पर 88 प्रतिशत से अधिक चढ़कर बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी के शेयर की निर्गम मूल्य से 88.90 प्रतिशत की बढ़त के साथ 103.90 रुपए पर शुरुआत हुई। बाद में यह 98.34 प्रतिशत बढ़कर 109.09 रुपये पर पहुंच गया। अंत में यह 83.96 प्रतिशत की बढ़त के साथ 101.18 रुपए पर बंद हुआ। एनएसई पर कंपनी का शेयर 98.18 प्रतिशत के उछाल के साथ 109 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ। कारोबार के अंत में यह 88.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 103.55 रुपये पर बंद हुआ।*

### 160 गुना मिला था अभिदान

*मोतीसंस ज्वेलर्स के 151 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को निर्गम के तीसरे और अंतिम दिन गत बुधवार को 159.61 गुना अभिदान मिला था। आईपीओ के लिए 52-55 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया था। आईपीओ के तहत 2,74,71,000 इक्विटी शेयर को जारी किए गए थे। इसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) नहीं थी।*

# सेल क्षमता विस्तार पर खर्च करेगी ओला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड की अपने 5,500 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में से 1,226.43 करोड़ रुपये का इस्तेमाल अपने सेल विनिर्माण संयंत्र की क्षमता बढ़ाने पर खर्च करने की योजना बनाई है। कंपनी संयंत्र की क्षमता पांच गीगावाट से बढ़ाकर 6.4 गीगावाट तक करने की योजना बना रही है। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड द्वारा पिछले सप्ताह पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, आईपीओ से जुटाए गए 1,600 करोड़ रुपये का इस्तेमाल अनुसंधान एवं उत्पाद विकास पर खर्च किए जाएंगे, है, जबकि अन्य 800 करोड़ रुपये कर्ज चुकाने के लिए लगाए जाएंगे। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (ओईएम) ने 15 अगस्त 2023 को इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल क्रूजर, एडवेंचर, रोडस्टर और डायमंडहेड पेश करने की घोषणा की थी। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में इन मोटरसाइकिल की डिलिवरी शुरू होने की उम्मीद है।



## चिंतन

# भारतीय जहाज पर हमले की हिमाकत ना करे कोई

भारत ने अरब सागर में अपने मालवाहक जहाज पर ड्रोन हमले को गंभीरता से लिया है। भारत आ रहे मालवाहक जहाज केम प्लूटो पर गत 23 दिसंबर को हुए हमला हुआ था। एमवी केम प्लूटो पर हुए हमले के बाद शाम को भारतीय क्रू मेंबर्स वाले एक और जहाज पर हमला हुआ था। इसमें 25 भारतीय मौजूद थे। माना जा रहा है कि हुती विद्रोहियों ने भारत के इस जहाज पर ड्रोन से हमला किया है। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने रविवार को कहा था कि केम प्लूटो पर ईरान से हमला हुआ था। हालांकि, ईरान ने इस दावे को खारिज करते हुए हमले में हाथ होने से इन्कार कर दिया। एमवी केम प्लूटो सऊदी अरब से भारत आ रहा था। ईरान ने बेशक इस हमले में हाथ होने से इनकार किया है, वह भारत से अपने रिश्ते को खराब नहीं करना चाहेगा, लेकिन हुती पर शक संदेह से परे नहीं है। लाइबेरिया के शिया आतंकी गुट हुती को ईरान से शह मिलता रहा है। अब तक भारत को दक्षिण चीन सागर में चीनी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन अब लगता है अरब सागर में भारत को अपने मालवाहक विमानों की खास निगरानी करनी पड़ेगी। हमास इजराइल जंग में भारत का इजरायल का नैतिक समर्थन करना हुती को रास नहीं आ रहा है, इसलिए खुंदक में वे भारतीय मालवाहक को निशाना बना सकते हैं। भारत ने अरब सागर में अपने तीन युद्धपोत आईएनएस मोरमुगाओ, आईएनएस कोलकाता और आईएनएस कोच्चि तैनात कर दिए हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भरोसा दिया है कि इन हमलों के लिए जो भी जिम्मेदार है, उन्हें समुद्र की गहराइयों से भी ढूंढ निकाला जाएगा। नेवी ने कहा कि जहाज पर जो मलबा मिला है, उससे इस बात की पुष्टि होती है कि उस पर ड्रोन से हमला किया गया था। जहाज पर फोरेंसिक जांच के जरिए ये पता लगाने की कोशिश की जाएगी कि हमला कितनी दूरी, कौन से विस्फोटक से किया गया था और ये कितना खतरनाक हो सकता था। भारत ने विस्तारित दूरी की सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल दागने की क्षमता से लैस 'स्टेल्थ गाइडेड' मिसाइल विध्वंसक आईएनएस इंफाल को मंगलवार को मुंबई में भारतीय नौसेना में शामिल किया है। नौसेना के अनुसार, यह युद्धपोत परमाणु, जैविक और रासायनिक (एनबीसी) युद्ध के हालात में भी लड़ने में सक्षम है। इंफाल से भारत समंदर में और मजबूत हुआ है। भारतीय नौसेना को 7516 किलोमीटर से ज्यादा के समुद्र तटीय इलाके की निगरानी करनी होती है। चीन के चलते दक्षिण चीन सागर व हिंद- प्रशांत क्षेत्र में भारतीय नौसेना को मुस्तैद रहना पड़ता है। अब अरब सागर, लाल सागर और अदन की खाड़ी में भारत को अपनी समुद्री सुरक्षा पर ध्यान देना होगा। भारतीय नौसेना के पास फिलहाल 132 युद्धपोत हैं। नौसेना 2030 तक अपने जंगी जहाजों के बेड़े को बढ़ाकर 160 व 2035 तक 175 कर लेगी। भारत का लक्ष्य हिंद महासागर क्षेत्र में मजबूत होना, जिबूती, हॉर्न ऑफ अफ्रीका, कराची, ग्वादर और कंबोडिया में बढ़ रहे चीन की नौसेना के वर्चस्व को रोकना है। चीन भी अपनी ताकत बढ़ा रहा है, उसका लक्ष्य 555 युद्धपोतों तक पहुंचना है, पर भारत रणनीतिक रूप से चीन को टक्कर देने में सक्षम है। भारत अपना 55 फीसदी से अधिक ट्रेड समुद्री रास्तों से करता है, इसलिए समुद्री सुरक्षा को मजबूत रखना जरूरी है। भारतीय मालवाहक जहाज पर ड्रोन हमला करने वाले को सबक सिखा कर भारत को सख्त संदेश देना होगा कि भविष्य में कोई भी भारतीय जहाज पर हमला की हिमाकत ना करे।

## जयंती
विवेक शुक्ला



# गालिब को कैसे जिंदा किया मंटो ने

आप जब दिल्ली-6 की संकरी गलियों से गुजरते हुए मिर्जा गालिब के बल्लीमरान वाले घर या फिर वहां से आठ-दस किलोमीटर उनकी बस्ती निजामुद्दीन में मौजूद कब्र के पास खड़े होते हैं तो यह ख्याल भी आता कि इधर कौन-कौन उस सदियों के शायर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आया होगा। बेशक, गालिब से जुड़े इन दोनों स्मारकों पर हाजिरी देने कथाकार सआदत हसन मंटो तो आए ही होंगे। मंटो 1940 के दरम्यान दिल्ली में ही थे। वो 1940 के दशक के शुरूआती बरस थे। आजादी की लड़ाई का दौर था। देश में अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा था। दिल्ली में भी लगातार आंदोलन हो रहे थे। उन दिनों सआदत हसन मंटो दिल्ली आकाशवाणी में नौकरी कर रहे थे। मंटो और उर्दू के मशहूर अफसाना निगार किशन चंदर साथ-साथ नौकरी करते थे। जब भी फुर्सत मिलती तो दोनों दिल्ली की सड़कों, गलियों और मोहल्लों की खाक छानते। मंटो की शख्सियत पर मिर्जा गालिब की शायरी का गहरा असऱ था। मंटो और कृष्ण चंदर जामा मस्जिद इलाके में उर्दू बाजार में घूमने-फिरने आते। मंटो रहते थे मोरी गेट में। ये नहीं हो सकता कि तब ये दोनों गालिब साहब के घर



और कब्र पर ना गए हों। जामा मस्जिद से गालिब साहब का बल्लीमरान वाला घर कोई बहुत दूर तो है नहीं। अब वहां पर उनका स्मारक बना हुआ है। मंटो और कृष्ण चंदर मोरी गेट से टांगे पर जामा मस्जिद आ जाया करते होंगे। फिर वहां से गालिब के घर पैदल ही चले जाते होंगे। जहां अब गालिब स्मारक है वहां पर कोयले का टाल देखकर मंटो उदास जरूर होते होंगे। गालिब के घर के आगे खड़े होकर मंटो और कृष्ण चंदर ने जरूर बातें की होंगी कि वे (गालिब) यहां अपने दोस्तों के साथ कैसे गर्मियों में मीठे आम खाते होंगे। वे आमों के शौकीन थे। नसीरूद्दीन शाह 'गालिब' सीरियल में गालिब साहब के किरदार को निभाते हुए कई बार आम को चूसते हुए ही दिखाई देते हैं। तो साफ है कि गालिब साहब दशहरी ही पसंद करते होंगे। दशहरी आमों की खेती पश्चिम उत्तर प्रदेश में खूब होती रही है। बेशक, कभी ना कभी मंटो गालिब की कब्र पर भी पहुंचे होंगे।उनकी कहानी पर बनी मिर्जा गालिब फिल्म की सफलता के बाद फिल्म के निर्माता सोहराब मोदी ने गालिब की कब्र को संगमरमर के पत्थरों से ठीक करवाया था। मंटो ने दिल्ली में रहते हुए किशन चंदर के साथ 'बंजारा' फिल्म की कहानी भी लिखी। जिसे सेठ जगत नारायण ने खऱीदा था। सेठ साहब दिल्ली की असरदार हस्ती थे। वे जगत, रिट्ज और नॉवेल्टी सिनेमा घरों के मालिक थे। उनका संबंध दिल्ली की खत्री बिरादरी से था। मंटो ने दिल्ली में ही 'मिर्जा गालिब' कहानी लिखी। वे दिल्ली में तकरीबन दो साल रहने के बाद अपने पसंदीदा शहर मुंबई लौट गए। उन्हें 'मिर्जा गालिब' फिल्म की कहानी लिखते हुए गालिब के घर और कब्र पर बिताया वक्त जरूर याद आता होगा। देश के विभाजन के बाद मंटो पाकिस्तान चले गए। उनका 1955 में निधन हुआ। तब देशभर में'मिर्जा ग़ालिब' फिल्म चल रही थी। मंटो की मौत से अवाक किशन चंदर ने तब लिखा था-'जिस दिन मंटो से मेरी पहली मुलाक़ात हुई, उस रोज मैं दिल्ली में था। जिस रोज़ वह मरा है, उस रोज़ भी मैं दिल्ली में मौजूद हूं। उसी घर में हूं, जिसमें चौदह साल पहले वह मेरे साथ पंद्रह दिन के लिए रहा था। घर के बाहर वही बिजली का खंभा है, जिसके नीचे हम पहली बार मिले थे। वह ग़रीब साहित्यकार था। वह मंत्री न था कि कहीं झंडा उसके लिए झुकता। आज दिल्ली में मिर्जा ग़ालिब पिक्चर चल रही है। इसकी कहानी इसी दिल्ली में, मोरी गेट में बैठ कर मंटो ने लिखी थी। एक दिन हम मंटो की तस्वीर भी बनाएंगे और उससे लाखों रुपये कमायेंगे।' मिर्जा ग़ालिब'1954 में रीलीज हुई तो उसकी स्पेशल स्क्रिनिंग राष्ट्रपति भवन में भी हुई। राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद और प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने देश की कई गणमान्य हस्तियों के साथ इसे देखा और पसंद किया। फिल्म देखने के बाद पंडित नेहरू ने सोहराब मोदी से कहा, 'आपने ग़ालिब को वापस जीवित कर दिया है।' इसमें भारत भूषण ने गालिब की भूमिका निभाई। मिर्जा गालिब ने अखिल भारतीय सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक और हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रपति का रजत पदक जीता। बेशक, मिर्जा गालिब फिल्म ने उस अजीम शायर को जिंदा कर दिया था। इसका श्रेय मंटो को भी जाता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)



सामरिक
डॉ. एल. एस. यादव

# उपलब्धियों वाला रहा रक्षा क्षेत्र

इस साल एलएसी पर चीन की नापाक हरकतों का मुहंतोड़ जवाब देने के लिए देश ने अपनी रक्षा तैयारियों को मजबूत किया। तूफानों में भी अपने लक्ष्यों को हासिल करने वाली भारतीय सेना ने विषम पहाड़ी एवं भयंकर ठंड वाली परिस्थितियों में चीनी सेना की चुनौती से निपटने के लिए अपनी तैयारी में इजाफा किया। इसी तरह पाक सीमा पर मिलने वाली आतंकी चुनौतियों का बेहतर जवाब दिया गया। चीन की सीमा पर वर्ष 2020 में जो तनाव शुरू हुआ था वह अभी तक समाप्त नहीं हुआ है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश से लद्दाख तक, हिमाचल व उत्तराखंड से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा तक अपनी सैन्य तैयारी बढ़ा रखी है।

समाप्त हो रहा वर्ष 2023 रक्षा क्षेत्र के लिए विकास एवं उपलब्धियों वाला कहा जाएगा, क्योंकि इस वर्ष देश की सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने के लिए अनेक कार्य हुए और भारत रक्षा चुनौतियों से निपटने में सक्षम रहा। इस साल एलएसी पर चीन की नापाक हरकतों का मुहंतोड़ जवाब देने के लिए देश ने अपनी रक्षा तैयारियों को मजबूत किया। तूफानों में भी अपने लक्ष्यों को हासिल करने वाली भारतीय सेना ने विषम पहाड़ी एवं भयंकर ठंड वाली परिस्थितियों में चीनी सेना की चुनौती से निपटने के लिए अपनी तैयारी में इजाफा किया। इसी तरह पाक सीमा पर मिलने वाली आतंकी चुनौतियों का बेहतर जवाब दिया गया।

चीन की सीमा पर वर्ष 2020 में जो तनाव शुरू हुआ था वह अभी तक समाप्त नहीं हुआ है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश से लद्दाख तक, हिमाचल व उत्तराखंड से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा तक अपनी सैन्य तैयारी बढ़ा रखी है। पाकिस्तान सीमा पर बढ़ती आतंकी घुसपैठ व गोलीबारी के कारण चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। चीन व पाक की इन हरकतों से निपटने के लिए जवानों को आक्रामक तौर पर मजबूत किया गया। सैन्य ताकत बढ़ाने के उद्देश्य से सेना के तोपखाने को तथा वायु सेना के लड़ाकू विमानों की तैनाती बढ़ाई गई। इसके अलावा गहन युद्ध के लिए हथियार और गोला बारूद रखने की छूट दी गई।

वर्ष 2023 के दौरान रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भरता की ओर काफी आगे बढ़ा। मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए विदेश से रक्षा आयात को कम करने का फैसला लेकर रक्षा उपकरणों को स्वदेशी कंपनियों से खरीदने के आर्डर दिए गए। डीएसी की बैठक में 97 तेजस मार्क-1 ए लड़ाकू विमान, 156 प्रचंड लड़ाकू हेलीकॉप्टर, तीसरे नए स्वदेशी विमानवाहक पोत के निर्माण, सुखोई-30 एमकेआई श्रेणी के 87 विमानों का आधुनिकीकरण, 5.56 ग 45 कार्बाइन, 200 माउंटेन गन सिस्टम, 400 टोड आर्टिलरी गन सिस्टम तथा मध्यम दूरी की जमीन से हवा में मार करने में सक्षम मिसाइलों के खरीदे जाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। इससे भारतीय सेनाओं की ताकत कई गुना बढ़ जाएगी। डीएसी की मंजूरी वाली 2.23 लाख करोड़ रुपये की यह खरीद घरेलू रक्षा उद्योगों से की जाएगी। वर्ष 2023 में रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया जो कि एक रिकॉर्ड है। इसके अलावा रक्षा निर्यात नई ऊंचाइयों को पार करते हुए 16000 करोड़ तक पहुंच गया। यह पिछले वर्ष करीब 3000 करोड़ रुपये था। डीएसी ने तीसरे विमानवाहक पोत के निर्माण को मंजूरी दे दी है। नौसेना के पास अभी दो विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रांत हैं। इनमें से विक्रमादित्य रूस से खरीदा गया था और विक्रांत स्वदेश निर्मित है। नया विमानवाहक पोत स्वदेशी विक्रांत की तरह ही होगा। यह पोत 40000 करोड़ की लागत से बनेगा। 45000 टन वजन वाला यह पोत कोचीन शिपयार्ड में बनाया जाएगा। इसकी लंबाई 262 मीटर, चौड़ाई 62 मीटर और उंचाई 59 मीटर की होगी। इसकी गति 52 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। यह पानी में तैरते हुए किसी सैन्य अड्डे की तरह



होगा। इस पर तकरीबन 28 लड़ाकू विमानों के अतिरिक्त बड़ी संख्या में हेलीकॉप्टर, मिसाइल, रॉकेट, गन और बमों जैसे खतरनाक हथियार तैनात रहेंगे। यह 400 किलोमीटर की एरिया की निगरानी करेगा और इतने क्षेत्र के खतरों से निपटने में सक्षम होगा। इससे हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की ताकत काफी बढ़ जाएगी।


स्वदेशी गाइडेड मिसाइल विध्वंसक पोत 'सूरत' के शिखर का अनावरण 6 नवंबर को किया गया। अग्रिम मोर्चे की निर्माणाधीन परियोजनाओं के तहत प्रोजेक्ट 15 बी में चार निर्देशित मिसाइल विध्वंसक पोतों का निर्माण शामिल है जिनमें से सूरत चौथा और आखिरी पोत है। यह पोत शत्रु की पनडुब्बियों, युद्धपोतों, एंटी सबमरीन मिसाइलों और युद्धक विमानों का मुकाबला करने की क्षमता रखता है। इसके शामिल होने से नौसेना की विध्वंसक क्षमता काफी बढ़ जाएगी। नौसेना को स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक पोत आईएनएस इंफाल 26 दिसम्बर को मिल गया। यह समुद्र में शत्रु की चालबाजियों पर नजर रखेगा। इंफाल सबसे उन्नत किस्म का विध्वंसक युद्धपोत है। यह युद्धपोत सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से लैस है। इसके अलावा इसमें पोतरोधी मिसाइलें व तारपीडो भी लगे हैं। यह अत्याधुनिक हथियारों एवं सेंसरों से लैस एक शक्तिशाली तथा बहुआयामी युद्धपोत है। इस जहाज में ब्रह्मोस एसएसएम के अलावा एम.आर.सेम, तारपीडो ट्यूब लॉन्चर्स, एंटी सबमरीन रॉकेट लॉन्चर्स और 76 एमएम री एस.आरजीएम की तैनाती शत्रु सेना के लिए काल बन जाएंगे। 22 नवंबर को भारतीय नौसेना को तीसरी बार्ज नौका 'मिसाइल सह गोला बारूद बार्ज, एलएसएएम 9 (यार्ड 77)' प्राप्त हो गई है। बार्ज नौका को मुम्बई के नौसेना डॉकयार्ड के आईएनएस तुणीर में शामिल किया गया। यह नौका भारतीय नौसेना के लिए 30 वर्षों तक काम करेगी। बार्ज नौका पर 8 मिसाइलों के साथ-साथ गोला बारूद भी लेकर जाया जा सकता है। इसके शामिल होने से नौसेना के जरूरी सामान इधर से उधर ले जाने में तथा चढ़ाने-उतारने में जो मदद मिलेगी उससे नौसेना की परिचालन गतिविधियों को तेजी प्राप्त होगी। अब समुद्र तट के आसपास एवं बाहरी बंदरगाहों पर भारतीय जहाजों के लिए गोला बारूद की आपूर्ति सुनिश्चित हो जाएगी। वायुसेना के लिए परिवहन विमान सी-295 का उत्पादन चालू करने के लिए गुजरात के बड़ोदरा में इसके प्लांट की आधारशिला रखी गई। अब इन विमानों का निर्माण भारत में ही किया जाएगा। अमेरिका की जेट इंजन निर्माता कंपनी जीई एरोस्पेस और हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के बीच जेट इंजन बनाए जाने को लेकर समझौता हुआ जिससे लड़ाकू विमानों के इंजन अब भारत मे ही बनेंगे। भारतीय वायु सेना को सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों को उन्नत बनाने की अनुमति मिल गई है। मिग-21 विमानों की कमी को पूरा करने के लिए वायु सेना 60000 करोड़ रुपये की लागत से 87 सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों को उन्नत बनाने का कार्य किया जाएगा।

लद्दाख क्षेत्र में सीमा पर टैंक व सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की तैनाती कर दी गई है। सेना की आपूर्ति व्यवस्था में कोई परेशानी न आए, इसके लिए सीमा पर बिछाई गई सड़कों के जाल ने स्थिति को बेहतर बना दिया है। राफेल विमानों की तैनाती लद्दाख सीमा पर की गई। हल्के तेजस विमान भी मिग-21 विमानों की जगह ले रहे हैं। सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29 मल्टी रोल एयरक्राफ्ट और जगुआर जैसे विमान हर मौसम में लड़ाई के तैयार हैं। चीन से लगती सीमा के पास प्रमुख हवाई अड्डों पर दुनिया के सबसे हाईटेक मल्टीरोल हेलीकॉप्टर अपाचे एवं चिनूक हर मोर्चे से निपटने के लिए तैनात किए गए हैं। इस तरह चीन व पाकिस्तान से किसी भी स्थिति में निपटने को वायु सेना तैयार है।

(लेखक सैन्य विज्ञान विशय के प्राध्यापक रहें हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## योगः कर्मसु कौशलम



संकलित
**दर्शन**

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा। ***-स्वामी मैथिलीशरण***

## भगवान को धन की जरूरत नहीं



संकलित
**प्रेरणा**

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपये मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपये लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपये से इन भक्तों को भोजन करा दूं। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपये खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपये बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपये जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपये श्री जगन्नाथ जी के चरणों में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपये स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपये का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नकद चढ़ाए गए।

## सटाका




## आज की पाती

### 'एक देश एक चुनाव' क्यों जरूरी

25 जनवरी, वर्ष 1950 को स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र को स्थापित करने के लिए चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी। जब से चुनाव आयोग की स्थापना हुई है और जो कोई भी निर्वाचन आयुक्त हुए, उनकी देखरेख में चुनाव प्रक्रिया में सुधार हुआ भी है। देश में हर समय चुनाव का मेला लगा रहने से आदर्श आचार संहिता के कारण नए विकास के काम रफ्तार नहीं पकड़ पाते, इससे राजनीतिक दलों के खर्च पर नियंत्रण तथा चुनाव में कालाधन खपाने जैसी समस्याओं पर भी लगाम नहीं लग पाता। सरकारी विभागों के कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया में व्यस्त रहते हैं। इससे आमजन को सरकारी विभागों में काम करवाने में परेशानी होती है।

**- संदीप देवांगन**, रायगढ़

## ट्रेंड

### रक्षा का संकल्प



वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए, कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। वीर बालदिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का उद्बोधन हम सभी को विशेषकर देश की युवा पीढ़ी को विरासत पर गर्व कर आगे बढ़ने के लिए और अधिक प्रेरित करेगा।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### आविर्भाव दिवस की शुभकामनाएं



ईश्वर एवं गुरु तत्व की समन्वित अभिव्यक्ति अपने आश्रितजनों को श्रेष्ठता के शिखर वरेण्य तत्व का साक्षात्कार कराने वाले वेद योगादि विद्याओं के प्रवर्तक आद्य गुरु महायोगी भगवान दत्तात्रेय के आविर्भाव दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### आशा के अनुरूप काम



लोक सभा चुनाव संबंधित तैयारियों को लेकर बिहार प्रदेश के नेताओं से चर्चा हुई। बिहार में महागठबंधन सरकार लोगों को आशा के अनुरूप काम कर रही है। हम सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### नौसेना का धन्यवाद



नौसेना का नया स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक 'इम्फाल' पर भारतीय नौसेना को धन्यवाद। हमारे महासागरों को सुरक्षित बनाने के लिए और हम अपने कार्यबल के कौशल और तकनीकी क्षमताओं में भारी उन्नयन का स्वागत करते हैं जो घर पर ऐसे जहाजों के निर्माण से आता है।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# गाजा में हजारों युद्धपीड़ितों की जिंदगी हुई नरक

इजराइली हवाई हमले में घायल हुई 22 वर्षीय शाइमा नाबाहिन के सामने उसकी जिंदगी का सबसे बड़ा सवाल खड़ा हो गया जब चिकित्सकों ने उसे दो विकल्प दिए – या तो अपना बायां पैर कटवा लो या फिर मरने के लिए तैयार रहो। इजराइली हवाई हमले में उसका टखना कुचला गया था और शाइमा को लगभग एक सप्ताह तक गाजा में अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा था। चिकित्सकों ने बताया कि उसके खून में जहर फैल गया। चिकित्सकों द्वारा दिए गए दो विकल्पों में से शाइमा ने जीवित रहने का विकल्प चुना और अपने पैर को घुटने से नीचे 15 सेंटीमीटर (छह इंच) कटवाने पर राजी हो गई। इस फैसले ने विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा के जीवन को पूरी तरह से बदलकर रख दिया। गाजा में युद्ध में घायल हजारों लोगों को इस स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।विशेषज्ञों का मानना है कि कुछ मामलों में उचित इलाज से अंगों को बचाया जा सकता था। लेकिन इजराइल के कई हफ्तों के हवाई और जमीनी हमले के बाद गाजा के 36 अस्पतालों में केवल नौ अस्पताल अभी संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनमें बहुत भीड़ है, इलाज की सीमित व्यवस्था है और सर्जरी करने के लिए बुनियादी उपकरणों की कमी है।



## ऑफ बीट

# मुझे कोविड है! लॉग कोविड की कितनी संभावना है?

ऑस्ट्रेलिया के कुछ हिस्सों में ईजी.5 या एरिस कोविड वैरिएंट प्रमुख है। एरिस, अन्य परिसंचारी उपभेदों के साथ, ओमिक्रॉन के वंशज हैं। हालांकि ये स्ट्रेन मूल अल्फा और डेल्टा वेरिएंट की तुलना में कम गंभीर दिखाई देते हैं, लेकिन लंबे समय तक कोविड का खतरा बना रहता है। तो नवीनतम डेटा लंबे समय तक कोविड की संभावना के बारे में क्या कहता है? आपको किन लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए? और लंबे समय तक कोविड से पीड़ित लोगों की सहायता के लिए क्या किया जा सकता है? जब कोविड 'लॉग कोविड' बन जाता है।अधिकांश लोगों के लिए, लंबे समय तक कोविड का मतलब है कोविड संक्रमण के बाद ठीक नहीं होना। विश्व स्वास्थ्य संगठन लंबे समय तक चलने वाले कोविड को बीमारी के संक्रमण की शुरुआत से कम से कम तीन महीने तक जारी रहने वाले या नए लक्षणों के रूप में परिभाषित करता है जो कम से कम दो महीने तक रहता है और इसे वैकल्पिक निदान द्वारा समझाया नहीं जा सकता है। सबसे आम लक्षणों में थकान, सांस फूलना, सिरदर्द और पेट दर्द शामिल हैं। लेकिन लंबे समय तक कोविड से पीड़ित लोग हृदय संबंधी समस्याओं, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे अवसाद और चिंता, अनिद्रा, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं सहित कई प्रकार की समस्याओं का अनुभव कर सकते हैं।



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# नौसेना के युद्धक बेड़े में शामिल हुआ स्वदेशी विध्वंसक जहाज 'इंफाल'



### विशेषताएं

- 163 मीटर लंबाई, 17 मीटर चौड़ाई, 7,400 टन वजन
- अधिकतम गति 30 समुद्री मील (56 किलोमीटर प्रति घंटा)
- एमआर एसएएम, ब्रह्मोस एसएसएम, स्वदेशी टॉरपीडो ट्यूब लॉन्चर,
- पनडुब्बी रोधी स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और 76 मिमी. एसआरजीएम शामिल
- एएसडब्ल्यू हेलीकॉप्टरों से लैस
- सतह से सतह पर और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से सुसज्जित
- परमाणु, जैविक और रासायनिक युद्ध के समय में भी लड़ने में सक्षम
- चार शक्तिशाली गैस टर्बाइनों से मिलती है ताकत
- स्वदेशी रूप से डिजाइन और अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित
- निर्माण में लगभग 75 प्रतिशत की उच्च स्वदेशी सामग्री का उपयोग
- प्रोजेक्ट 15बी के तहत मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने बनाया
- आधुनिक निगरानी रडार इसके तोपखाने हथियार प्रणालियों को लक्ष्य डेटा प्रदान करता है
- निर्माण और उसके परीक्षणों में सबसे कम समय में तैयार
- जहाज निर्माण में 'आत्मनिर्भर भारत' के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का प्रमाण

### प्रोजेक्ट 15बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक

- पहला आईएनएस विशाखापत्तनम 2021 को नौसेना में शामिल
- दूसरा आईएनएस मोर्मुगाओ 2022 को नौसेना में शामिल
- तीसरा आईएनएस इंफाल 2023 को नौसेना में शामिल
- चौथा आईएनएस सूरत 2024 को नौसेना में शामिल होगा

### 'इंफाल' का सफर

- 19 मई 2017: आधारशिला रखी गई
- 16 अप्रैल 2019: राष्ट्रपति ने दी मंजूरी
- 20 अप्रैल 2019: जलावतरण
- 28 अप्रैल 2023: पहली समुद्री सैर के लिए रवाना हुआ
- 20 अक्टूबर 2023: व्यापक परीक्षण के लिए भारतीय नौसेना को सौंपा
- 22 नवंबर 2023: ब्रह्मोस मिसाइल का सफल प्रक्षेपण
- 28 नवंबर 2023: नई दिल्ली में क्रेस्ट अनावरण
- 26 दिसंबर 2023: भारतीय नौसेना में शामिल

## खबर संक्षेप

### कार कंपनी बना रही 'मिनी पावर प्लांट'



**लंदन।** दुनिया की सबसे लग्जरी कार बनाने वाली कंपनी रोल्स रॉयस ने मिनी परमाणु संयंत्र का मॉडल प्रदर्शित किया। यह 120 इंच लंबा मिनी न्यूक्लियर रिएक्टर है। इस संयंत्र के जरिए चांद पर बनने वाली इंसानी बस्ती को लगातार बिजली सप्लाई होती रहेगी।

### पाकिस्तान में पहली बार हिंदू महिला चुनाव लड़ेगी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पहली बार कोई हिंदू महिला विधानसभा चुनाव लड़ रही है। 25 साल की डॉक्टर सवीरा प्रकाश को बिलावल भुट्टो जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से विधानसभा चुनाव के लिए टिकट दिया है।

### टेक-ऑफ के दौरान मिग-29 का टायर फटा




**पणजी।** गोवा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ान भरने के दौरान मिग 29 विमान का टायर फट गया। गनीमत रही कि इससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। टायर फटने के बाद विमान को रनवे के किनारे खड़ा कर दिया गया और तत्काल मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची।

### एमवी केम प्लूटो पर ड्रोन अटैक को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चेतावनी

# हमलावरों को सागर तल से भी ढूंढ निकालेंगे... कठोर कार्रवाई करेंगे

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत की बढ़ती आर्थिक और सामरिक शक्ति ने कुछ ताकतों में ईर्ष्या और नफरत भर दी है। व्यापारिक जहाजों पर हमला करने वालों को सागर तल से भी ढूंढ निकालेंगे और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करेंगे।*



एजेंसी ▶▶ मुंबई

शनिवार को भारत आ रहे व्यापारिक जहाज पर किए गए ड्रोन हमले पर भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि भारत सरकार इस हमले को गंभीरता से ले रही है, जिन्होंने भी इस हमले को अंजाम दिया है उन्हें हम सागर तल से भी ढूंढ निकालेंगे। आईएनएस इंफाल, एक प्रोजेक्ट 15बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक, को मंगलवार को नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई में आयोजित एक समारोह में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आजकल समंदर में हलचल कुछ ज़्यादा ही बढ़ गई है। अरब सागर में व्यापारिक जहाज (एमवी) केम प्लूटो पर हाल ही में हुए संदिग्ध ड्रोन हमले और लाल सागर में 'एमवी साईं बाबा' पर हुए हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की बढ़ती आर्थिक और सामरिक शक्ति ने कुछ ताकतों में ईर्ष्या और नफरत भर दी है।

### खास बातें

- भारत की आर्थिक और सामरिक शक्ति बढ़ रही है
- तीनों सेनाओं के आधुनिकीकरण पर सरकार प्रतिबद्ध
- वैश्विक व्यापार बहुत महत्वपूर्ण

### नौसेना में प्रत्येक गांव से अग्निवीर

रक्षा मंत्री ने कहा कि नौसेना का लक्ष्य देश के प्रत्येक जिले, प्रत्येक ब्लॉक और प्रत्येक गांव से कम से कम एक अग्निवीर को शामिल करना है। उन्होंने कहा, "रणनीति है कि देश के हर कोने से युवाओं- पुरुषों और महिलाओं- को आकर्षित करना, सेवा में रहने के दौरान उन्हें कुशल बनाना, शिक्षा संस्थानों के माध्यम से उनकी क्षमताओं को प्रमाणित करना, राष्ट्रवाद की भावना पैदा करना और यह सुनिश्चित करना कि वे नौसेना में अपनी नौकरी के बाद असैनिक क्षेत्र में फिर से एक बहुत उपयोगी व्यक्ति के रूप में शामिल हो सकें। हमारा लक्ष्य ऐसे राष्ट्रवादी कार्यबल को पूरे देश में फैलाना है।"

### नौसेना की क्षमताओं को बढ़ाएंगे

राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए तीनों सेनाओं के आधुनिकीकरण पर सरकार के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि पहले की सरकारें केवल देश को भूमि आधारित खतरों से बचाने पर ध्यान केंद्रित करती थीं। उन्होंने बताया कि उत्तर में हिमालय और पश्चिम में पाकिस्तान के शत्रुतापूर्ण व्यवहार के कारण, भारत का अधिकांश माल व्यापार समुद्र के माध्यम से होता है, जो इसे 'व्यापार' के दृष्टिकोण से एक द्वीप देश बनाता है। उन्होंने नौसेना की क्षमताओं को लगातार विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया, क्योंकि भारत के राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखने के लिए वैश्विक व्यापार बहुत महत्वपूर्ण है।

### आईएनएस इंफाल आत्मनिर्भरता का बड़ा उदाहरण

*राजनाथ सिंह ने आईएनएस इंफाल को रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' का एक चमकदार उदाहरण और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना, एमडीएल और अन्य सभी हितधारकों की प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब बताया। उन्होंने कहा, "आईएनएस इंफाल भारत की बढ़ती समुद्री शक्ति का प्रतीक है और यह इसे और मजबूत करेगा। यह भारत-प्रशांत क्षेत्र में 'जलमेव यस्य, बलमेव तस्य' (जो समुद्र को नियंत्रित करता है, वह सर्वशक्तिमान है) के हमारे सिद्धांत को मजबूत करेगा।"*

#### सरकार ने हमलों को बहुत गंभीरता से लिया

*रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने हमलों को बहुत गंभीरता से लिया है और नौसेना ने अपनी निगरानी बढ़ा दी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन हमलों के अपराधियों को जल्द ही न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।*

#### समुद्री रास्ते को सुरक्षित बनाए रखेंगे

राजनाथ सिंह ने कहा, "भारत पूरे हिंद महासागर क्षेत्र में एक नेट सुरक्षा प्रदाता की भूमिका निभाता है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि इस क्षेत्र में समुद्री व्यापार नई ऊंचाइयों को छुए। इसके लिए हम अपने मित्र देशों के साथ मिलकर समुद्री मार्गों को वाणिज्यिक और व्यापारिक कार्यों के लिए सुरक्षित रखेंगे। हमें अपनी नौसेना की क्षमता और ताकत पर पूरा भरोसा है।"

### समुद्री खतरों का मुकाबला करने के लिए

# भारत ने अरब सागर में 3 वॉरशिप तैनात किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


रक्षा मंत्री ने बताया कि व्यापारिक जहाजों पर समुद्री डकैती और ड्रोन हमलों का मुकाबला करने के लिए, भारतीय नौसेना ने प्रोजेक्ट 15बी और 15ए श्रेणी के चार विध्वंसक तैनात किए हैं। उन्होंने कहा कि इन खतरों का मुकाबला करने के लिए, पी8I विमान, डोर्नियर्स, सी गार्डियन, हेलीकॉप्टर और तटरक्षक जहाज सभी को संयुक्त रूप से तैनात किया गया है।

### राजौरी-पुंछ में सुरक्षा को लेकर करेंगे समीक्षा बैठक!

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को राजौरी-पुंछ सेक्टर का दौरा करेंगे। इस दौरान वे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे।

उल्लेखनीय है कि नियंत्रण रेखा के पार पाक के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित लॉन्च पैड पर लगभग 250 से 300 आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की फिराक में हैं। इसे लेकर खुफिया तंत्र और सभी सुरक्षा एजेंसियां बेदह सतर्क हैं। सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़ी नजर रख रही हैं। सेना सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त है।

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने मंगलवार को भारतीय राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें जम्मू-कश्मीर के हालात की जानकारी दी।



#### केम प्लूटो जहाज की होगी फोरेंसिक जांच

*केम प्लूटो जहाज सोमवार को मुंबई के तट पर पहुंचा। इसके बाद नौसेना ने इसकी जांच की। उन्होंने बताया कि जहाज पर हमला तब हुआ था जब यह भारत के तट से 400 किमी दूर था। नेवी ने कहा- जहाज पर जो मलबा मिला है, उससे इस बात की पुष्टि होती है कि उस पर ड्रोन से हमला किया गया था। इस जहाज पर 21 क्रू मेंबर सवार थे। इनमें से 20 भारतीय और 1 वियतनाम का नागरिक था। जहाज पर फोरेंसिक जांच के जरिए ये पता लगाने की कोशिश की जाएगी कि हमला कितनी दूरी, कौन से विस्फोटक से किया गया था और ये कितना खतरनाक हो सकता था। जांच पूरी करने के बाद जहाज से सामान को शिफ्ट किया जाएगा।*

### दावा: ईरान की जमीन से हमला

अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने कहा था कि केम प्लूटो पर ईरान से हमला हुआ था। मैरीटाइम कंपनी ऑम्ब्रे के मुताबिक ये पहला ऐसा हमला है जो सीधे ईरान की तरफ से किया गया है। हालांकि, ईरान ने इस दावे को खारिज कर दिया था।

मुंबई पहुंचा फ्रांस में रोका गया प्लेन

# मानव तस्करी के संदेह में 4 दिन से फंसे थे यात्री

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय यात्रियों सहित 303 पैसेंजर्स को ले जाने वाले जिस प्लेन को फ्रांस में मानव तस्करी के संदेह में रोका गया था, वह मुंबई पहुंच गया है। इस प्लेन के साथ 276 यात्री भारत पहुंचे हैं। प्लेन ने दोपहर के करीब 2.30 बजे फ्रांस के वैट्री हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी और मुंबई में मंगलवार



सुबह करीब 4 बजे लैंडिंग की। एयरपोर्ट पर पहुंचते ही सीआईएसएफ ने इनसे पूछताछ की। फ्रांसीसी अधिकारियों के मुताबिक जब विमान ने मुंबई के लिए उड़ान भरी तो उसमें 276 यात्री सवार थे और दो नाबालिगों सहित 25 लोगों ने शरण के लिए आवेदन करने की इच्छा व्यक्त की थी। उस समय वह फ्रांस की धरती पर थे। दो नाबालिगों को जज के सामने पेश किया गया।

### एक-एक कर बिक रही दाऊद इब्राहिम की संपत्तियां

# अब मुंबई और रत्नागिरी वाले बंगले होंगे नीलाम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादी दाउद इब्राहिम की संपत्तियां अगले महीने नीलाम की जाएंगी। ये तस्कर और विदेशी मुद्रा हेरफेर अधिनियम के तहत 5 जनवरी को नीलामी की जाएगी। दाऊद इब्राहिम की संपती विदेशी मुद्रा अधिनियम (फेमा) के तहत जब्त की गई थी। अब महाराष्ट्र के रत्नागिरी की दाऊद के बंगले और आम के बगीचे की नीलामी होगी। रत्नागिरी की कुल 4 प्रॉपर्टी की नीलामी होगी।

#### अखबारों में दिया विज्ञापन

केंद्र सरकार के इस संबंध में अखबारों में विज्ञापन भी दिया गया है। यह तस्कर और विदेशी मुद्रा हेरफेर (सफेमा) दाऊद की संपति की नीलामी करेगी। नीलामी दोपहर 2 से 3.30 बजे होगी। कुछ साल पहले रत्नागिरी के खेड़ तालुका में बंगले और आम के बागों सहित कुल चार संपत्तियों को जब्त कर लिया गया था। इन्हीं की अगले महीने नीलामी होगी। सरकार पहले भी दाऊद इब्राहिम के परिवार से संबंधित कई संपत्तियों की पहचान कर उसकी नीलामी कर चुकी है। दाऊद की 11 संपत्तियों की पहली बार नीलामी साल 2000 में आयकर विभाग की ओर से की गई थी।



#### कई संपत्तियां नीलाम की गईं

दाऊद परिवार के 4.53 करोड़ का एक रेस्तरां, 3.53 करोड़ के छह फ्लैट और 3.52 करोड़ का एक गेस्ट हाउस नीलाम किए जा चुके हैं। दिसंबर 2020 में, रत्नागिरी में दाऊद इब्राहिम की संपत्ति 1.10 करोड़ में नीलाम की गई, जिसमें दो प्लॉट और एक बंद पड़ा पेट्रोल पंप शामिल था। खेड़ तालुका के लोटे गांव में ये संपत्तियां दाऊद की दिवंगत बहन हसीना पारकर के नाम पर दर्ज थीं। नागपाडा में 600 वर्ग फुट का डी कंपनी का एक फ्लैट अप्रैल 2019 में 1.80 करोड़ में नीलाम हुआ था। 2018 में, पाकमोडिया स्ट्रीट में दाऊद की संपती की नीलामी की थी, जिसे सैफी बुरहानी ट्रस्ट ने खरीदा था।

तेल निर्यात में रुपए के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के मामले में

# रूस से नहीं बनी बात लेकिन यूएई में भारत को हासिल हुई बड़ी सफलता!

*भारत की इस तीन स्तरीय रणनीति ने अरबों डॉलर बचाने में मदद की है क्योंकि रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद भारत ने रूस से सस्ता तेल खरीदना शुरू किया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अपने इस्तेमाल के 85 फीसद तेल के लिए निर्यात पर निर्भर है इसलिए भारत चाहता है कि तेल के व्यापार में रुपए के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं और रुपए के अंतरराष्ट्रीयकरण में शुरुआती सफलता मिलती भी दिख रही है। सूत्रों के अनुसार भारत ने पहली बार संयुक्त अरब अमीरात से तेल खरीद के लिए रुपए का इस्तेमाल किया है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता भारत स्थानीय मुद्रा में तेल की खरीद को बढ़ावा दे रहा ताकि वो अन्य तेल आपूर्तिकर्ताओं के साथ भी इस तरह का सौदा कर सके।



भारत कच्चे तेल की खरीद के लिए तीन स्तरीय रणनीति अपना रहा है जिसमें जितना हो सके सस्ता तेल खरीदना, आपूर्तिकर्ता देशों में विविधता लाना और रूसी तेल पर लगे 60 डॉलर प्रति बैरल के प्राइस कैप जैसे किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का उल्लंघन न करना शामिल है। भारत की इस तीन स्तरीय रणनीति ने अरबों डॉलर बचाने में मदद की है क्योंकि रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद भारत ने रूस से सस्ता तेल खरीदना शुरू किया जिससे भारी मुनाफा हुआ है। लेकिन रूसी तेल की आमद घटी है और भारत अब यूएई से तेल की खरीद बढ़ाने जा रहा है।

#### कई देशों से साथ रुपए में व्यापार करने की योजना

*रुपए में विदेशी व्यापार को बढ़ावा देने के लिए भारत के केंद्रीय बैंक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने पिछले साल से एक दर्जन से अधिक बैंकों को 18 देशों के साथ रुपए में ट्रेड सेटलमेंट की अनुमति दी है। इसके बाद से ही भारत, यूएई और सऊदी अरब जैसे बड़े तेल निर्यातकों से रुपए में भुगतान लेने को कह रहा है। अधिकारियों ने कहा, 'रुपए में व्यापार की पहली सफलता इस साल अगस्त में मिली जब आईओसी ने एडीएनओसी को रुपए में भुगतान किया।'*

#### रुपए में व्यापार को बढ़ावा देना चाहता है भारत

इसी के साथ ही भारत अब डॉलर की अदला-बदली में होने वाली लागत से बचने के लिए रुपए में व्यापार को बढ़ावा देना चाहता है। भारत ने जुलाई में यूएई के साथ रुपए के निपटान के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किया था और इसके तुरंत बाद इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) से दस लाख बैरल कच्चे तेल की खरीद के लिए भारतीय रुपए में भुगतान किया।

# नए साल 2024 में 30 दिन विवाह मुहूर्त, मई-जून में नहीं है मुहूर्त

**जारी वर्ष में अब विवाह के लिए 15 दिसंबर को ही मुहूर्त शेष हैं। वहीं ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक आगामी वर्ष में 21 अप्रैल के बाद व मई-जून में विवाह के लिए कोई भी शुभ मुहूर्त नहीं हैं।**

हरिभूमि, जबलपुर

16 जुलाई देवशयनी एकादशी से चातुर्मास लगने के चलते फिर नवम्बर तक विवाहों पर विराम लग जाएगा। नए साल में कुल 72 दिन विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्य किए जा सकते हैं। शुक्र अस्त होने के चलते दो माह नहीं हैं विवाह मुहूर्त 16 जुलाई से लग जाएगा चातुर्मास गुरु, शुक्र रहेंगे अस्त, इनकी स्थिति महत्वपूर्ण।




### 15 मार्च से खरमास भी

16 जुलाई को देवशयनी एकादशी है। चातुर्मास के चलते 16 जुलाई से 12 नवंबर तक भी विवाह नहीं होंगे। इसके अलावा 15 मार्च से 16 अप्रेल के बीच मीन राशि की संक्रांति होने के कारण खरमास रहेगा और विवाह इस दौरान नहीं हो सकेंगे।

### नए साल में विवाह मुहूर्त जनवरी में दस दिन

16, 17, 20, 21, 22, 27, 28, 29, 30 और 31 को विवाह के मुहूर्त हैं। फरवरी में बीस दिन- 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 12, 13, 14, 17, 18, 19, 23, 24, 25, 26, 27 और 29 को। मार्च में नौ दिन- 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 11 और 12 को। अप्रैल में पांच दिन- 18, 19, 20, 21 और 22 को। जुलाई में आठ दिन- 3, 9, 10, 11, 12, 13, 14 और 15 को। नवंबर में नौ दिन- 16, 17, 18, 22, 23, 24, 25, 26 और 28 को विवाह के मुहूर्त हैं। दिसंबर में ग्यारह दिन- 2, 3, 4, 5, 9, 10, 11,12, 13, 14 और 15 को विवाह के मुहूर्त हैं।

### गुरु और शुक्र ग्रह का अच्छी स्थिति में होना जरूरी

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार विवाह के लग्न मुहूर्त देखते समय गुरु और शुक्र ग्रह का अच्छी स्थिति में होना जरूरी होता है। इनमें से एक भी ग्रह अस्त होने या खराब स्थिति में होने पर उस तिथि में विवाह का मुहूर्त नहीं बनता। देवगुरु बृहस्पति और शुक्रदेव को विवाह के लिए कारक माना जाता है। यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में गुरु और शुक्रग्रह मजबूत स्थिति में होते हैं तो जल्द शादी के योग बनते हैं। इन दोनों ग्रहों के कमजोर होने पर विवाह में बाधा आने लगती है। यह भी माना जाता है कि गुरु और शुक्र तारा के अस्त होने पर विवाह नहीं किया जाता। हिंदू पंचांग के अनुसार वर्ष 2024 में 23 अप्रैल से 30 जून के बीच शुक्र ग्रह अस्त होने के कारण विवाह नहीं होंगे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा : हाथीताल कॉलोनी और रामलीला मैदान अधारताल में आयोजित हुये शिविर

**रामलीला मैदान में आयोजित शिविर में विधायक अशोक रोहाणी ने वितरित किये हितलाभ**

**जबलपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत मंगलवार को भी शहर में दो स्थानों हाथीताल कॉलोनी पानी टंकी क्षेत्र एवं रामलीला मैदान शासकीय स्कूल अधारताल में शिविर आयोजित किये गए।

केंद्र शासन की जन कल्याण की योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुँचाने आयोजित किये गये शिविरों में से रामलीला मैदान आधारताल में आयोजित शिविर में जबलपुर केन्ट के विधायक अशोक रोहाणी भी शामिल हुये। श्री रोहाणी ने इस शिविर में कई हितग्राहियों को अपनी उपस्थिति में लाभ दिलाया। उन्होंने शिविर में उपस्थित लोगों को देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प भी दिलाया। श्री रोहाणी ने शिविर में बड़ी संख्या में आये क्षेत्रीय नागरिकों से चर्चा भी की तथा शिविर को संबोधित भी किया । अपने उद्बोधन में उन्होंने केंद्र एवं राज्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी तथा प्रत्येक पात्र हितग्राही को लाभान्वित करने का संकल्प दोहराया। श्री रोहाणी ने केंद्र शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े विभागों द्वारा शिविर स्थल पर लगाये गये स्टालों का अवलोकन भी किया।विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शहर में मंगलवार को आयोजित किये गये दोनों शिविरों में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों और हितग्राहियों ने केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने अपना पंजीयन कराया। कई हितग्राहियों को मौके पर ही योजनाओं के तहत हितलाभों का वितरण भी किया गया । शिविरों में प्रचार रथ के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को केन्द्र शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई एवं नवाचारी योजनाओं से देश में हुये विकास से परिचित कराया गया ।दोनों शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा बैंकों से जुडी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, अटल पेंशन योजना एवं अटल पेंशन योजना के अलग-अलग स्टॉल लगाये गये थे।शिविरों के दौरान स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों की ई-केवायसी करने, आधार लिंकिंग, आधार अपडेशन एवं आधार रजिस्ट्रेशन के लिये भी स्टॉल लगाये गये थे। इसके साथ ही यात्रा के साथ चल रहे प्रचार रथ से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सन्देश का प्रसारण किया गया। लोगों को भारत को विकसित बनाने का संकल्प भी दिलाया गया।

## रेल मजदूर संघ का वार्षिक अधिवेशन आज से शहर में

**एनपीएस के खात्मे समेत ज्वलंत मुद्दों पर होगा मंथन**

**जबलपुर।** वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन का शुभारम्भ 27 दिसम्बर को जबलपुर में सीनियर इंस्टीटयूट में होगा। एनएफआईआर के अध्यक्ष के मुख्य आथित्य में होगा। अधिवेशन में मुख्यालय कार्यकारिणी, केन्द्रीय कार्यकारिणी बैठक तथा सामान्य सभा, साथ ही भव्य रैली भी आयोजित होगी। संघ के महामंत्री अशोक शर्मा तथा संघ प्रवक्ता व संयुक्त महामंत्री सतीष कुमार ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गुमान सिंह, अध्यक्ष एनएफआईआर, नई दिल्ली व मुख्य अतिथि आर.एस.सक्सैना अपर महाप्रबंधक पमरे, अध्यक्षता सी.एम. उपाध्याय, अध्यक्ष, डब्ल्यूसीआरएमएस तथा विषिष्ठ अतिथि के रूप में प्रभात, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, विवेकशील, मंडल रेल प्रबंधक, जबलपुर समेत जोनल पदाधिकारी व आला अधिकारी शामिल होंगे।

अधिवेशन का शुभारम्भ एनपीएस के खिलाफ भव्य रैली से होगा। रैली सुबह 10 बजे से रेल सामुदायिक भवन "उमंग" से प्रारम्भ होकर , मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय , प्लेट फार्म नं. 6, जीएम कार्यालय होते हुए, सीनियर रेलवे इंस्टीटयूट में समाप्त होकर सी.ई.सी बैठक में परिवर्तित होगी।

अधिवेषन में भोपाल, कोटा तथा जबलपुर मंडलो, मुख्यालय, कोटा- भोपाल कारखानो व शैडो समेत विभिन्न स्टेषनो पर कार्यरत सैकड़ो पदाधिकारी, कार्यकर्ता युवा व महिला कर्मचारी भाग लेगे।

## घने कोहरे के बीच निकली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा

**भेड़ाघाट क्षेत्र में गूंजे मां नर्मदा के जयकारे**

जबलपुर।

प्रत्येक माह की पूर्णिमा को हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा आग़हन पुर्णिमा के अवसर पर 397 वी परिक्रमा घने कोहरे के बीच में परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में स्वामी रामचंद्र जी महाराज सिद्धन माताजी पूज्य जीवन दास महाराज नेतृत्व में प्रारंभ हुई। शहपुरा भिटोनी से आई सीताराम संकीर्तन प्रभात फेरी के सदस्य शिवम अग्रवाल विष्णु गोटिया बरही झरिया अर्पित साहू ऋषि राय की धुन से क्षेत्र भक्ति भाव से परिपूर्ण हो गया नर्मदा भक्त हाथों में भगवा ध्वज लिए भक्ति भाव से परिक्रमा कर रहे थे मार्ग में ठंड इतनी थी नर्मदा के प्रति आस्था रखने वाले ठंड को पीछे छोड़ दिया



परिक्रमा सैकड़ो वर्षों से चल रही है मूर्त रूप 1996 में दिया गया। परिक्रमा आश्रम से प्रारंभ होकर पंचवटी 64 योगिनी धुआंधार होते हुए लामेटा घाट से नाव पार कर इमलिया न्यू भेड़ाघाट सरस्वती घाट से नाव पारकर हरे कृष्णा आश्रम में विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। सभी भक्तों को बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल, अध्यक्ष डॉक्टर शिव शंकर पटेल, पंडित मनमोहन दुबे, श्याम मनोहर पटेल, प्रभाकर चतुर्वेदी, मनोज गुलाब बनी, कैलाश विश्वकर्मा गुड्डू नेता आदि उपस्थित थे।

## 10 माह से "नमामि नर्मदा प्रोजेक्ट" ठप्प

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव तथा मंत्री राकेश सिंह को पत्र लिखा**

जबलपुर।

नर्मदा किनारे बसे जबलपुर में कैबिनेट बैठक आयोजित कर "नमामि नर्मदा प्रोजेक्ट" को क्रियान्वित किया जाए, जिससे नर्मदा संरक्षण का कार्य प्रारंभ हो सके। इस आशय की मांग का एक पत्र नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के प्रांत अध्यक्ष डॉ.पीजी नाजपांडे ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं जबलपुर से नवनिर्मित मंत्री राकेश सिंह को पत्र लिखा है। भेजे गए पत्र में कहा गया है कि पूर्व मुख्यममंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर में कैबिनेट बैठक करने का आश्वासन दिया था। डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि 1042 करोड़ लागत वालें नमामि नर्मदा प्रोजेक्ट पिछले 10 माह से ठप्प पड़ा है। नर्मदा के 17 घाटों का उन्नयन, नर्मदा वाटिका, 15 किलोमीटर का नर्मदा पथ निर्माण आदि महत्वपूर्ण कार्य इस प्रोजेक्ट से होना है। इस प्रोजेक्ट के तीनें फेज के प्लान जरुर बन गए है लेकिन कैबिनेट से राशि आवंटन को मंजूरी नहीं मिली, जिससे प्रोजेक्ट पर काम शुरु नहीं हो पा रहा, लिहाजा इस गतिरोध को दूर करने जबलपुर में कैबिनेट बैठक आयोजित की जाए।

मंच के रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, मनीष शर्मा, डीआर लखेरा, सुशीला कनौजिया, राममिलन शर्मा ने बताया कि नर्मदा के मुद्दे को महत्व देकर जबलपुर में कैबिनेट बैठक करने से पर्यावरण, पर्यटन तथा गौरीघाट से भेड़ाघाट तक के विकास को गति मिलेगी।

## मिसेज़ इंडिया टैलेंट रनवे की विनर बनी डॉ. नीलिमा सिंह

जबलपुर।

कहते हैं कि मन में कुछ कर गुजरने की चाह हो तो हर राह आसान हो जाती है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है शहर की डॉ. नीलिमा सिंह ने। वे हाल ही में मायानगरी मुंबई में हुए टैलेंट रनवे सीजन 2 में मिसेज इंडिया टैलेंट रनवे 2 की विनर बनी हैं। मुंबई में टैलेंट फुल ऑन के संचालक अभिषेक सुमन, 40 आरटीएफ मीडिया और जानी मानी फैशन डिजाइनर स्वाति सिन्हा द्वारा शो का आयोजन किया गया था। शो में देश के कोने-कोने से मिस, मिस्टर, मिसेज और किड्स कैटेगरी में ऑडिशन द्वारा फाइनलिस्ट चुने गए,इन फाइनलिस्ट प्रतियोगियों ने मुंबई में अपनी प्रतिभा दिखाई। डॉक्टर नीलिमा ने ब्यूटी एंड ब्रेन के



कॉम्बिनेशन से जजेस का दिल जीता। यह सम्मान उन्हें सुप्रसिद्ध कलाकार करण शर्मा के हाथों से प्रदान किया गया। खास बात ये रही की शो में बॉलीवुड व टीवी जगत की कई जानी मानी हस्तियां शामिल रहीं। अभिनेत्री विविधा कीर्ति, पारुल चौधरी, अंजली उजवने, अभिनेता करन शर्मा, मिजिंदर करीर, सुप्रसिद्ध संगीत निर्देशक- गायक अरविंदर सिंह, संगीतकार के. आर. वाही, गायक अभिषेक राजपूत, जैसे सितारों के बीच मिसेज नीलिमा ने फैशन का जलवा बिखेरा।

## अन्तरशालेय एकल गायन प्रतियोगिता 6 जनवरी को

**जबलपुर।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा अन्तरशालेय राष्ट्र व समाजहित एकल गीत गायन प्रतियोगिता 'तरंग' का कार्यक्रम शनिवार, 6जनवरी को आयोजित किया गया है। नवीन विद्याभवन शाला ,नेपियर टाउन में आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रात 9.30 बजे होगा। संयोजक अखिल मिश्र ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता संबंधित विस्तृत विवरण युव्त प्रपत्र नगर की शालाओं में क्लब सचिव सोनम केशरवानी द्वारा पहुँचा दिए गए हैं। क्लब अध्यक्ष रवि वैश्य ने शालाओं के सांस्कृतिक प्रभारी आचार्यों से 4 जनवरी तक व्हाटसएप के माध्यम से प्रविष्टी पहुंचाने का आग्रह किया गया।

## मध्यप्रदेश से गुमते है प्रतिदिन 25 बच्चे

## रेलवे में बाल संरक्षण पर कार्यशाला आयोजित

जबलपुर।

पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर मण्डल में आरपीएफ के तत्वावधान में सामाजिक संस्था आवाज के समन्वय से 'मानव दुर्व्यापार और बाल संरक्षण' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। 'मानव दुर्व्यापार और बाल संरक्षण' विषय पर आवाज संस्था और आरपीएफ के संयुव्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के शुभारम्भ अवसर पर आरपीएफ कमांडेंट अरुण त्रिपाठी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जब भी कोई छोटा बच्चा किसी रेलवे स्टेशन से गायब होता है तो वह केवल बच्चा गायब नहीं होता है बल्कि देश का एक भावी मासूम गायब होता है। एक बच्चे के बेहतर व्यव्ति बनने की संभावनाएं गायब होती हैं। ऐसे में हमारी भूमिका बढ़ जाती है। बच्चों के संदर्भ में अतिरिव्त संवेदनशीलता बरतने की जरूरत है। हम हरेक बच्चे का प्रकरण दर्ज कराएं और बाल संरक्षण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा




कि आप डर के कारण नहीं बल्कि जिम्मेदारी से कार्य करें। यह हमारा नैतिक और क़ानूनी दायित्व है। इस मौके पर प्रशिक्षक की भूमिका निभा रहे भोपाल से पधारे आवाज निदेशक प्रशांत दुबे ने बताया कि मध्यप्रदेश से प्रतिदिन 32 बच्चे गुमते हैं और जो कि देश में सर्वाधिक है। इस कार्यशाला में जबलपुर आरपीएफ रेंज में जबलपुर, कटनी, सतना, मैहर, पिपरिया और सागर पोस्ट से लगभग 25 उपनिरीक्षक और कांस्टेबल उपस्थित हुए।

## फसल की पैदावार बढ़ाने खरपतवार प्रबंधन जरूरी : डॉ. मिश्र

**खरपतवार अनुसंधान निदेशालय में किया गया किसान दिवस का आयोजन**

**जबलपुर।** खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर द्वारा राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर ग्राम खुख्खम, कुण्डम, जबलपुर में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खुख्खम, रानीपुर, कल्याणपुर, डेहरीकला, ददरिया, देवरी आदि गांवों के 200 आदिवासी महिला, पुरुष कृषक शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्रीय किसान दिवस के महत्ता एवं इतिहास पर जानकारी दी गई और राष्ट्र की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में किसानों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया और कृषि रसायनों के प्रभावी प्रयोग के लिए बैटरी चालित नैपसैक प्रेयर पुरस्कार स्वरुप प्रदान किए गए।



'रिलायंस फाउंडेशन' के सहयोग से आस-पास के किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी वितरित किये गये। अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ. जे.एस. मिश्र ने इस मौके पर कहा कि किसानों को फसल की अधिक पैदावर के लिए खरपतवार का प्रबंधन करना आवश्यक है जिससे फसल की पैदावार भी बढ़ेगी और साथ ही साथ आय भी बढ़ेगी। कार्यक्रम के दौरान श्रीअन्न फसल की खेती, प्राकृतिक खेती और उन्नत खरपतवार प्रबंधन तकनीकों पर व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर किसान-वैज्ञानिकों की परिचर्चा भी आयोजित की गई और किसानों के सामने आने वाली समस्याओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।

## वीर बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित



जबलपुर।

श्री गुरु नानक महिला महाविद्यालय में वीर बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.विमल कांत सैनी ने छात्राओं को देश प्रेम के साथ-साथ गुरु नानक देव जी के एकता के संदेश एवं महिलाओं की शिक्षा के अवसर दिए जाने की जानकारी दी उन्होंने कहा कि चार साहिबजादे एवं उनकी दादी माता गुजरी के द्वारा जिस प्रकार अपने पोतों को धर्म की रक्षा के लिए लड़ना एवं कभी नहीं झुकना चाहिए ऐसी शिक्षा हमें अपने छोटों को देनी चाहिए कि सबसे पहले देश, धर्म ,समाज ,परिवार आता है यही हमारी संस्कृति है जो हमें एकता के साथ रहने का संदेश देती है इस अवसर पर महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक श्रीमती सुखप्रीत कौर राणा द्वारा चार साहिब जादो की धर्म की रक्षा करते हुए शहीद होने की गाथा को विस्तार से बताया इसके साथ ही उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपने धर्म के प्रति निष्ठा सद्भाव एवं एकता के साथ रहते हुए देश एवं धर्म के लिए अपने प्राण और न्यौछावर करने में कभी पीछे नहीं हटना चाहिए। इस अवसर पर छात्राओं के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को चार साहिबजादों के वीरता एवं उनके बलिदान से संबंधित प्रश्न पूछे गए जिस पर छात्राओं ने बड़ी ही उत्सुकता से भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन कार्यकारिणी समिति के वरिष्ठ सदस्य सरदार डी.एस. मैनी ,महाविद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष सरदार जी. एस. बांगा, सचिव सरदार जसप्रीत आहूजा, कोषाध्यक्ष सरदार रविंदर सिंह दुआ मौजूद रहे एवं महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापकों का सराहनीय सहयोग प्रदान हुआ।

**PUBLIC NOTICE**

The general public is informed that I, Neeraj Singh Thakur, S/o Late Shri Narayan Singh Thakur, have purchased the property inMauza Kajarwara N.B. 505 P.H.No.23/27, Khasra No. 128/1 land situated in Tehsil and District Jabalpur, 30 ft x 50 ft i.e. 1500 square feet out of area 0.546 hectare, to Mrs. Padmani Raj W/o Suresh Raj through registered sale deed. The seller Mrs. Padmani Raj had purchased the above mentioned property from Rajesh Choudhary. The link of the registry of the property has been lost somewhere between the District Commandant's Office, to Ghantaghar, Jabalpur, which is unavailable till today. The information about the loss of the registry is related to Omti police station. It has been registered in Jabalpur. Any gentleman who finds it please contact.

**Address- A/16, Krishna Homes Bilhari Jabalpur, Mob.-9424367586**